

राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

नवरात्रि 2024 : शक्ति उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि

वर्ष : 12 | अंक : 174 | पटना, शनिवार, 05 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

नवरात्रि : तीसरा दिन
मां चंद्रघंटा की पूजा



मां चंद्रघंटा का ध्यान मंत्र
पिंडजप्रवरारूढ़ा,
चंडकोपास्त्रकैयुर्ता।
प्रसादं तनुते मह्यं, चंद्रघंटेति विश्रुता।।

शारदीय नवरात्रि का आज तीसरा दिन है और इस दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा की जाएगी। देवी भागवत पुराण के अनुसार, मां दुर्गा का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घण्टे के आकार का अर्धचंद्र है, इसी कारण देवी का नाम चंद्रघण्टा पड़ा है। मां दुर्गा की यह शक्ति तृतीय चक्र पर विराज कर ब्रह्माण्ड से दसों प्राणों व दिशाओं को संतुलित करती है और महाआकर्षण प्रदान करती है। इनकी उपासना से भक्तगण समस्त सांसारिक कष्टों से छूटकर सहज ही परमपद के अधिकारी बन जाते हैं।

माता का स्वरूप :

नवरात्र के तीसरे दिन दुगार्जी के तीसरे रूप चंद्रघंटा देवी के वंदन, पूजन और स्तवन करने का विधान है। इन देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्ध चंद्रमा विराजमान है इसलिए इनका नाम चंद्रघंटा पड़ा। माता की पूजा करने से मिलती है शांति माना जाता है कि देवी के इस रूप की पूजा करने से मन को अलौकिक शांति प्राप्त होती है और इससे न केवल इस लोक में अपितु परलोक में भी परम कल्याण की प्राप्ति होती है। इनके वंदन से मन को परम सूक्ष्म ध्वनि सुनाई देती है, जो मन को बहुत शांति प्रदान करती है। मां चंद्रघंटा की पूजा में दूध का प्रयोग कल्याणकारी माना गया है। माता को लाल रंग बहुत प्रिय है इसलिए माता की पूजा में लाल रंग के वस्त्र पहनें।

संक्षिप्त खबरें

अमेठी में एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या

अमेठी। उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के शिवरतनगंज क्षेत्र में एक दुस्साहिक वारदात में एक ही परिवार के चार सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी गयी है। मृतक परिवार किराए के मकान में रहता था। परिवार का मुखिया सरकारी स्कूल में शिक्षक था।घटना स्थल पर भारी तादात में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि मां अहोरवा भवानी चौराहे के पास बीती देर शाम किराए के मकान में रह रहे शिक्षक सुनील कुमार, पत्नी पूनम भारती, पुत्री दृष्टि और लाडो को अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी। गोलियों की तड़तड़ाहट से जब तक आस पास के लोग घटना स्थल पर पहुंचे तक तक हमलावर फरार हो गए।सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस चार लोगों को सिंह पुर सीएचसी लेकर गई जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक परिवार का मुखिया सुनील कंपोजिट विद्यालय पंहौना में अध्यापक पद पर कार्यरत था।

आलू, प्याज व टमाटर की कीमतों ने रसोई का बिगाड़ा बजट

पटना। आलू, प्याज और टमाटर की कीमतों में उछाल से सितंबर में घर का बना खाना एक साल पहले की तुलना में महंगा हो गया। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2023 में शाकाहारी भोजन की लागत 28.1 रुपये से सितंबर में 11 प्रतिशत बढ़कर 31.3 रुपये हो गई। यह अगस्त में 31.2 रुपये से थोड़ी ही अधिक हुई। रोटी, राइस, रेट नामक इस रिपोर्ट में वृद्धि के लिए सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी को जिम्मेदार ठहराया गया है, जो थाली की लागत का 37 प्रतिशत हिस्सा है। इसमें कहा गया, सितंबर में प्याज, आलू तथा टमाटर की कीमतें क्रमशः 53 प्रतिशत, 50 प्रतिशत और 18 प्रतिशत बढ़ीं। इसकी वजह प्याज तथा आलू की कम आवक, जबकि भारी बारिश से आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में टमाटर का उत्पादन प्रभावित रहना रही। रिपोर्ट में कहा गया, उत्पादन में कमी से दालों की कीमतों में पिछले साल की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि साल की शुरूआत में कीमतों में कटौती के कारण ईंधन की कीमतों में 11 प्रतिशत की गिरावट आई। मांसाहारी थाली भोजन की लागत पिछले वर्ष की तुलना में दो प्रतिशत घटकर 59.3 रुपये हो गई, जबकि मांस की कीमतों में 13 प्रतिशत की गिरावट आई जिसका इस थाली में 50 प्रतिशत योगदान है। रिपोर्ट में कहा गया कि अगस्त की तुलना में मांसाहारी भोजन की कीमत स्थिर रही।

छठ पूजा के लिए फ्लाइट के किराए में दोगुनी बढ़ोतरी

पटना। शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो चुकी है। कई लोग अपने अपने शहर व गांव लौटने लगे हैं। वहीं बिहार के लोग भी छठ पूजा के चलते अपने घरों को लौटने की तैयारी में हैं। हालांकि बिहार आने वालों की संख्या महापर्व छठ पर कई गुणा बढ़ जाती है। ट्रेनों में टिकट नहीं मिलने से लोग विमान से जाना पसंद करते हैं। वहीं विमानन कंपनियां इसका फायदा उठाने से नहीं चूकतीं, क्योंकि आरक्षित रेल टिकटों की मारामारी चार-पांच महीने पहले से ही होने लगती है। बिहार में सात नवंबर को छठ महापर्व का आगाज होगा। ऐसे में कई शहरों के विमान टिकटों के किराए में दोगुना बढ़ोतरी हो चुकी है। लेकिन, दक्षिण भारत से आने वाली फ्लाइटों के टिकट अब भी किफायती और औसत दर पर मिल रहे हैं। पुणे, दिल्ली, कोलकाता समेत अन्य शहरों से पटना आने वाले यात्रियों को चार से छह नवंबर तक ज्यादा किराया देना होगा।

शहर	4 नवंबर	5 नवंबर	6 नवंबर	औसत किराया
पुणे	12,611	12,506	11,100	6,500
दिल्ली	8,598	8,845	8,354	4,500
मुंबई	14,739	10,749	7,035	6,400
बेंगलुरु	10,493	11,581	7,235	7,200
हैदराबाद	9,635	9,206	9,206	6,400
चेन्नई	10,362	11,040	7,572	7,100
कोलकाता	6,647	6,122	6,647	3,500

मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित 13 जिलों के परिवारों के खाते में आनुग्रहिक राहत की राशि का किया शुभारंभ

राहत : बाढ़ प्रभावित 13 जिलों के 4.39 लाख परिवारों के खाते में 7-7 हजार राशि हस्तांतरित

सीएम ने बाढ़ के दौरान चलाये गये राहत एवं बचाव कार्य की उच्चस्तरीय समीक्षा की, अधिकारियों को दिये निर्देश

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 2024 में राज्य में 13 जिलों में आयी बाढ़ (प्रथम चरण) से प्रभावित 4.39 लाख परिवारों को डीबीटी के द्वारा सीधे उनके खाता में 7 हजार रुपए प्रति परिवार की दर से कुल 307 करोड़ रुपए की आनुग्रहिक राहत की राशि के भुगतान का माऊस क्लिक कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बाढ़ 2024 के दौरान चलाये गये राहत एवं बचाव कार्य से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराते रहें। सरकार में आने के बाद से आपदा पीड़ितों की सहायता के लिये हमलोग लगातार तत्पर रहते हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसानों की फसल क्षति का आकलन करायें और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध करायें। आज प्रथम चरण में आयी बाढ़ से प्रभावित परिवारों के खाते में राशि हस्तांतरित की गयी है।

किसानों के बीच यथाशीघ्र राशि का भुगतान करायें :

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि द्वितीय चरण में आये बाढ़ से प्रभावित परिवारों को 9 अक्टूबर तक उनके खाते में राशि अवश्य हस्तांतरित करा दें। प्रथम चरण में आये बाढ़ से हुयी फसल क्षति को लेकर किसानों के बीच यथाशीघ्र राशि का भुगतान करायें। बाढ़ के दौरान जिन बांधों को क्षति पहुंची है, उनका शीघ्र पुनस्थापन कार्य करायें। साथ ही पथ निर्माण एवं ग्रामीण कार्य विभाग बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनस्थापन कार्य भी जल्द से जल्द कराये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़जनित बीमारियों को लेकर चिकित्सा सेवा की पूरी व्यवस्था रखें।

प्रथम चरण में 28.34 लाख की आबादी प्रभावित :

बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया कि 20 सितम्बर से 29 सितम्बर के बीच गंगा नदी के जलस्तर में हुयी वृद्धि से 13 जिले बाढ़ से प्रभावित हुये। प्रथम चरण में 28.34 लाख की आबादी प्रभावित हुयी। द्वितीय चरण में 29 सितम्बर से नेपाल एवं उत्तर बिहार के समीपवर्ती जिलों में हुयी भारी वर्षापात के कारण गंडक, कोशी आदि नदियों मेंजलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि होने से राज्य के 18 जिलों में बाढ़ की स्थिति बनी। बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ बाढ़ आपदा प्रबंधन मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप सभी कार्रवाई की जा रही है और प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

16 जिले के 67 प्रखण्ड और 645 पंचायत का कृषि क्षेत्र प्रभावित :

समीक्षा के दौरान कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रथम चरण में आयी बाढ़ से 16 जिले के 67 प्रखण्ड और 645 पंचायत का कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ है। दूसरे चरण में आयी बाढ़ के कारण हुयी फसल क्षति का आकलन कराया जा रहा है। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव डॉ एन विजयलक्ष्मी ने अपने विभाग से संबंधित जानकारी देते हुये बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशु शिविर लगाये गये हैं। पशु चिकित्सक, पशु चारा एवं दवा की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है।

ये रहें मौजूद :

बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ उदय कांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव डॉ एन विजयलक्ष्मी, कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, आपदा प्रबंधन विभाग की संयुक्त सचिव साहिला सहित आपदा प्रबंधन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री के निर्देश

- द्वितीय चरण के बाढ़ से प्रभावित परिवारों को दुर्गा पूजा के पूर्व उनके खाते में राशि अवश्य हस्तांतरित करा दें
- बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसानों की फसल क्षति का आकलन करायें और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध करायें।
- बाढ़ के दौरान जिन बांधों को क्षति पहुंची है, उनका शीघ्र पुनस्थापन कार्य करायें।
- पथ निर्माण एवं ग्रामीण कार्य विभाग बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनस्थापन कार्य भी जल्द से जल्द कराये।
- बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संभावित बीमारियों को लेकर चिकित्सा सेवा की पूरी व्यवस्था रखें।

ट्रक-ट्रैक्टर की भिड़ंत में दस की मौत

प्रयागराज-वाराणसी राजमार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा

मिजार्पुर/एजेंसी। उत्तर प्रदेश में मिजार्पुर जिले के कछवा थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क दुर्घटना में दस युवकों की मृत्यु हो गयी जबकि तीन अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रयागराज-वाराणसी राजमार्ग पर कटका गांव के पास बीती रात करीब एक बजे यह हादसा उस समय हुआ जब श्रमिकों से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दस युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को वाराणसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां तीनों की हालत गम्भीर बातायी गयी। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने शुक्रवार को बताया कि बीती रात लगभग एक बजे भदोही जिले तिउरी गांव से एक मकान के छत की ढलाई कर कुछ श्रमिक अपने घर वाराणसी की ओर ट्रैक्टर पर सवार होकर लौट रहे थे कि कछवा थाना क्षेत्र में प्रयागराज वाराणसी हाईवे पर औराई की आ रही एक अनियंत्रित ट्रक के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में मिजामुर्राद के सिंहपुर गांव निवासी भानू, विकास, बीरबलपुर गांव के अनिल, सूरज कुमार,सनोहर, राकेश कुमार, नितिन , रोशन कुमार, प्रेम कुमार और राहुल कुमार की घटना स्थल पर हो गई है। घायलों में तीनों की स्थिति गंभीर है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली में को अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से टक्कर मारी जिससे उसमें बैठे कुछ लोग सड़क पर गिरे और उन्हे ट्रक ने रौंद दिया जबकि कुछ लोग गढ्ढे में भी गिर गए थे।

पीएम मोदी ने जताया दुख

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे में हुई लोगों की मौत पर दुख जताया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इसमें जान गंवाने वालों के शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करे। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन को मृतकों के परिजनों को दो -दो लाख रुपये की सहायता राशि तत्काल प्रदान करने के निर्देश दिये। गंभीर घायलों को 50- 50 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की।

कांग्रेस युवाओं को ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है : शाह

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पकड़े गए 5,600 करोड़ रुपये के ड्रग्स के कांग्रेस कनेक्शन पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि एक तरफ जहां केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा और इनोवेशन की ओर ले जा रही है, तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है। अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यह भी दावा किया कि उनकी सरकार, ड्रग्स के कारोबारियों का राजनीतिक पद या कद देखे बिना, ड्रग्स के पूरे तंत्र का विनाश कर नशा मुक्त भारत बनाने के लिए काम करेगी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, एक ओर जहां मोदी सरकार ह्यनशा मुक्त भारत के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 रुपए करोड़ की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है। शाह ने ड्रग्स के कारण पैदा हुए हालात और कांग्रेस की मंशा पर सवाल उठाते हुए आगे कहा कि, कांग्रेस के शासन में ड्रग्स से पंजाब, हरियाणा और समग्र उत्तर भारत में युवाओं का जो हाल हुआ, वह सभी ने देखा है। मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा और इनोवेशन की ओर ले जा रही है, तो वहीं कांग्रेस उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है। कांग्रेस नेता द्वारा अपने राजनीतिक रसूख से युवाओं को ड्रग्स के दलदल में झोंकने का जो पाप किया जाना था, उन इरादों को मोदी सरकार कभी पूरा नहीं होने देगी। हमारी सरकार, ड्रग्स के कारोबारियों का राजनीतिक पद या कद देखे बिना, ड्रग्स के पूरे तंत्र का विनाश कर नशा

उद्घाटन राष्ट्रपति ने किया चार दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

स्वच्छता सिर्फ बाहरी नहीं, हमारे विचारों में भी होनी चाहिए : मुर्मू

प्रात : किरण

सिरोही/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ बाहरी नहीं हमारे विचारों में भी होनी चाहिए। परमात्मा विचित्र है, हम भी विचित्र हैं। परमात्मा स्वच्छ स्वरूप है, हम भी स्वच्छ स्वरूप हैं। धरती पर आकर आत्मा में दाग लग जाते हैं। सामाजिक, मानसिक, भावनात्मक सभी आपस में जुड़े हुए हैं, इन सभी रूप में हमारा स्वस्थ होना जरूरी है। जब तक हमारा मन स्वच्छ, साफ नहीं होगा, जीवन में परिवर्तन नहीं होगा। ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांतिवन स्थित डायमंड हॉल में शुक्रवार सुबह 9.30 बजे राष्ट्रपति मुर्मु ने चार दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग और ब्रह्माकुमारीज प्रमुख दादी रतनमोहिनी सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। राष्ट्रपति ने ओम शांति के साथ संबोधन के साथ अपने भाषण की शुरूआत करते हुए कहा कि आज इस ग्लोबल समिट में शामिल होकर बहुत खुशी हो रही है। आत्मा स्वच्छ, स्वस्थ हो तो सबकुछ हो जाता है। मानसरोवर में शिव बाबा के रूम में मुझे कुछ समय बिताने का समय मिला। साथ ही राजयोगी ब्रह्मा कुमार भाई बहनों के साथ समय बिताने का समय मिला। आज राजयोगी निर्वर भाई की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता का मतलब अपने कर्म को शुद्ध और सात्विक बनाकर मन को संवारने का मार्ग है। दूसरों पर सवाल खड़े करने से पहले खुद के अंदर झांकने की प्रवृत्ति बढ़ानी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि संस्था द्वारा यौगिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसलिए कहा जाता है जैसा अन्न वैसा मन। स्वच्छ भारत मिशन के 10 साल पूरे हुए हैं। स्वच्छ जल को लेकर भारत सरकार द्वारा सराहनीय प्रयास किए गए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि ब्रह्मा कुमारी जेसे संस्थान समाज में स्वच्छ, स्वस्थ समाज के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हैं। जब हम शांत होते हैं तभी हम दूसरों के प्रति प्रेम, शांति का भाव रख सकते हैं। ग्लोबल समिट से विश्व शांति के रास्ते निकलकर आएंगे। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि देश के 140 करोड़ लोग एक एक पेड़ लगाएं। इससे पर्यावरण सुधर जाएगा। एक-एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाएं। ब्रह्मा कुमार भाई बहिन विश्व शांति का प्रयास कर रहे हैं। 1937 से ये प्रयास जारी है। मुझे लगता है एक दिन जरूर विश्व का परिवर्तन होगा। आप चट्टान की तरह हो। विश्व को शांति लाने, परिवर्तन लाने में आपका प्रयास जरूर सफल होगा।

संक्षिप्त खबरें

सेवादारों की बैठक कल, अध्यक्ष करेंगे घोषणा

पटना सिटी (प्राकि)। प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के मातहत कार्यरत सेवादारों की संस्था सेवादार कल्याण समिति की बैठक छह अक्टूबर को अपराह्न चार बजे आहूत की गई है। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष तजिंदर सिंह बंटी ने बताया कि सेवादारों की बुलाई गई बैठक में कमेटी के अध्यक्ष के द्वारा बड़ा फैसला लिया जाएगा। साथ ही सेवादारों की समस्याओं पर भी विचार किया जाएगा। वैसे कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव के बीच बढ़ी तल्खी के बीच यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

तदर्थ समिति मामले पर अब सुनवाई 17 को

पटना सिटी (प्राकि)। प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के वर्तमान कमेटी के भंग कर चुनाव कराने के लिए तदर्थ समिति गठित करने को लेकर पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां शुक्रवार को सुनवाई होनी थी। मगर जिला जज के नहीं बैठने के कारण सुनवाई टल गई है। बताया गया कि अब अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को की जाएगी। विदित हो कि कमेटी का कार्यकाल जुलाई, 2023 में ही पूरा हो चुका है। चुनाव कराए जाने को लेकर अध्यक्ष एवं महासचिव के बीच छिड़े आपसी टकराव और द्वंद्व के कारण चुनाव लगातार टलता जा रहा है। इसे लेकर सरदार इकबाल सिंह उर्फ लकी बग्गा ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां मिसलेनियस वाद 45/2024 दायर कर रखा है। यहां महासचिव इंद्रजीत सिंह ने भी शपथ पत्र देकर अध्यक्ष जगजोत सिंह पर अनेक आरोप लगाते हुए उनके अधिकार का हनन करने एवं मनमाने ढंग से कार्य करने, उनके अधिकार क्षेत्र में दखल करने आदि का जिक्र करते हुए वर्तमान कमेटी को भंग करते हुए तदर्थ समिति बनाने का शपथपत्र भी सौंपा गया है।

फतुहा रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति सदस्यों के साथ स्टेशन प्रबंधक ने की बैठक

फतुहा। फतुहा रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति की सदस्यों की एक बैठक स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में फतुहा स्टेशन प्रबंधक रंजीत कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य श्याम सुंदर केशरी, भास्कर लाल पटवा, राणा राजेंद्र पासवान, मुन्ना सिंह, अरविंद यादव आदि ने भाग लिया। जिन्होंने फतुहा रेलवे स्टेशन के बिकास संबधित मांगों को रखा। जिसमें मुख्य रुप से फतुहा रेलवे स्टेशन पर चार ट्रेनों क्रमशः 13331/32 पटना-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन, 12567/ 68 पटना-सहरसा (राज्य रानी) एक्सप्रेस), 14223/24 बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस, 12023/24 पटना-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन, अप और डाउन मे ठहराव की मांग, फतुहा रेलवे फुट ऑवर ब्रिज के दोनों साईड स्टेशन रोड के रास्ते पीसीसी सड़क निमार्ण एवं फतुहा रेलवे स्टेशन के 6-7 पर बने पैदल उपरी पुल को 1 न० प्लेट फार्म तक करने, अमृत भारत योजना के तहत चल रहे विकास कार्य को तेज करने संबधित मांग की गयी।

सांसद के सौजन्य से बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री और बैग वितरित

फतुहा। सांसद रविशंकर प्रसाद सिन्हा के प्रतिनिधियों द्वारा सर्वोत्तम शिक्षा उत्तम बिहार (प्रधानमंत्री विजन निपुण भारत नई शिक्षा नीति 2020) योजना के तहत प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर डीह एवं मध्य विद्यालय दौलतपुर में पाठ्य सामग्री, स्कूल बैग सह स्टडी टेबल वितरित किया गया, मौके पर विद्यालय प्रधान सुषमा कुमारी, पवन कुमार सिंह (शिक्षक), सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, धर्मनाथ सिंह, बीरेंद्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, बृज किशोर सिंह एवम अन्य गणमान्य लोगों के समक्ष बैग वितरित किया गया।

छात्रा से छेड़खानी के आरोपित प्राचार्य को पुलिस ने भेजा जेल

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना क्षेत्र के नगला के पास स्थित प्ले स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा के साथ इस विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा छेड़खानी की गई थी। गुरुवार को स्कूल से छुट्टी होने के बाद पीड़िता पास में स्थित अपने दादा की दुकान पर गई और आपबीती सुनाई थी। दादा ने उसी वक्त स्कूल जाकर घटना का विरोध किया और शोर-शराबा करने लगे। हालांकि प्राचार्य और उनके सहयोगियों ने मिलकर मामले को दबाने का पूरा प्रयास किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मालसलामी थाना की महिला पुलिस पदाधिकारी ने छात्रा से पूछताछ की। इसके बाद प्राचार्य को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। इसके बाद दिए गए आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया। पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी प्राचार्य को जेल भेज दिया है। पुलिस प्राचार्य प्रद्युमन को गुरुवार को ही हिरासत में ले ली थी।

थैलेसीमिया पीड़ित गरीब बच्चों का मुफ्त इलाज शुरू: मंगल पांडेय

13 बच्चों, 13 डोनर्स एवं 26 अभिभावकों के साथ स्वास्थ्य मंत्री वेल्लोर के लिए हुए रवाना

- राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार और क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) वेल्लोर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर
- मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना गरीबों के लिए वरदान

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय की अध्यक्षता में ऊर्जा ऑडिटोरियम, शास्त्रीनगर पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में थैलेसीमिया (12 वर्ष से कम उम्र के योग्य बच्चों) के स्थायी इलाज हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार और क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) वेल्लोर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन के दौरान सूबे के स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि राज्य के गरीब, पिछड़े व वंचित वर्ग को इस गंभीर बीमारी से बचाने की सरकारी पहल ऐतिहासिक है। जो किसी वरदान से कम नहीं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की सोच है कि हर गरीब को उचित स्वास्थ्य लाभ बिना किसी भेदभाव मिले। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने सीएमसी हॉस्पिटल वेल्लोर को 3 करोड़ का चेक इलाज के लिए प्रदान किया। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने एक एप्प सेहत और आरोग्य की जानकारी (साज) नाम से लांच किया। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना के तहत 15 लाख रुपया तक का मुफ्त इलाज सरकार कराएगी। थैलेसीमिया एक गंभीर आनुवंशिक रोग है, जिससे शरीर में स्वस्थ और प्रभावी लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण नहीं हो पाता है। जिसके कारण बच्चों को बार-बार ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता होती है। थैलेसीमिया के मरीजों के लिए एकमात्र स्थायी इलाज बोन मैरो ट्रांसप्लांट है, जो न केवल महंगा है, बल्कि जटिल भी है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए 6 अगस्त 2024 को माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी योजना के तहत प्रत्येक थैलेसीमिया (12 वर्ष से कम उम्र के योग्य बच्चों) मरीज को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से 15 लाख रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा। बिहार में थैलेसीमिया के पंजीकृत रोगियों की संख्या 2 हजार 716 है। श्री पांडेय ने कहा कि थैलेसीमिया के मरीजों के अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण हेतु 13 बच्चों और 13 डोनर्स एवं 26 अभिभावकों को लेकर स्वयं (53 लोग) शुक्रवार को सी.एम.सी. हॉस्पिटल वेल्लोर के लिए वायुयान से रवाना हो रहे हैं। इन बच्चों के इलाज, डोनर्स और उनके अभिभावकों की यात्रा रहने और खाने की व्यवस्था बिहार सरकार द्वारा योजना के अनुसार निःशुल्क की गयी है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना के तहत सीएमसी, वेल्लोर के साथ एमओयू साइन हुआ है। सीएमसी वेल्लोर के साथ एमओयू साइन करने वाला बिहार देश में पहला राज्य है। इसके लिए उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया। सीएमसी वेल्लोर के निदेशक डॉ विक्रम मैथ्यूज ने कहा कि हमारा इंस्टिट्यूट देश को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम करता रहा है और हम सब मिलकर इस देश को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री का यह योगदान बहुत सराहनीय है। सीएमसी वेल्लोर के हेमेटोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एबी अब्राहम ने कहा कि 4 दशक पहले सीएमसी, वेल्लोर में 1984 में अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की शुरूआत हुई थी। इस कार्यक्रम में श्री प्रत्यय अमृत, अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, श्री संजय कुमार सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, श्री सुहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, श्री धर्मेंद्र कुमार, प्रबंध निदेशक, बीएमएसआईसीएल, श्रीमती प्रतिभा रानी, परियोजना निदेशक, बिहार एड्स कंट्रोल सोसायटी, श्री शशांक शेखर सिन्हा, विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग, श्री अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव, डॉ विक्रम मैथ्यूज, निदेशक, सीएमसी, वेल्लोर, डॉ. एबी अब्राहम, एमडी, डीएम, प्रोफेसर, हेमेटोलॉजी विभाग, सीएमसी वेल्लोर आदि मौजूद रहें।

नेत्रहीन छात्राओं का पूजन व उपहार दे खेला डांडिया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। मारवाड़ी महिला समिति की सिटी शाखा द्वारा नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को नेत्रहीन छात्राओं के साथ डांडिया खेला गया। कुम्हरार स्थित अंतरज्योति बालिका विद्यालय में जाकर करीब 70 छात्राओं को सबसे पहले भोजन कराया गया।

इसके बाद उन सबों को दक्षिणा, स्टोल, टॉफी, सोनपापड़ी, बिस्कुट और जूस प्रदान किया गया। साथ ही दुपट्टा ओढ़ा कर उनका पूजन किया गया। साथ ही उनके साथ डांडिया भी खेला गया। नेत्रहीन छात्राओं ने कहा उन सबों को काफी अच्छा लगा। लोगों का समर्थन मिलने से लगता है कि वह उपेक्षित नहीं हैं। समाज उनकी सुध ले रहा है। उन सबों को बेहतर करके आगे बढ़ना है।

यह सब काफी अच्छा लगा। मौके पर शाखा अध्यक्ष विनीता डोकानिया, सचिव पूजा माखरिया, कोषाध्यक्ष पूजा कानोडिया, कविता पोद्दार, सुनीता अग्रवाल, नीता राठी, शशि सुल्तानिया, नेहा सराफ, अमृता अग्रवाल, रीना अग्रवाल, सुधा गुप्ता, रुपा पोद्दार, किरण सुल्तानिया, तारा झुनझुनवाला, सेजल झुनझुनवाला, सुनीता झुनझुनवाला आदि उपस्थित रहीं।

वृद्ध महिला की वाहन से कुचल हुई मौत, सड़क जाम कर किया हंगामा

- आलमगंज थाना क्षेत्र के बिस्कोमान गोलंबर के पास हुई घटना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना क्षेत्र के बिस्कोमान गोलंबर के पास तेज रफ्तार वाहन से कुचल कर वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना के बाद लोगों ने सड़क जमकर हंगामा किया सूचना मिलने के बाद मौके पर आलमगंज थाना की पुलिस पहुंची और लोगों को समझा बूझकर सड़क जाम हटवाने का काम किया इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा। बताया गया कि 82 वर्षीय महिला स्वर्गीय शिव शंकर प्रसाद की पत्नी सुकुति देवी की मौत अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने कुछ देर सड़क जाम कर हंगामा भी किया। इस कारण से सुबह के समय विभिन्न स्कूलों के बेस भी जाम होने के कारण फंस गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची आलमगंज व बाइपास यातायात थाना की पुलिस ने लोगों को समझा-बुझा कर सड़क जाम हटवाने का काम किया। इसके बाद यातायात परिचालन शुरू हो पाया। हादसा में गंभीर तौर पर घायल वृद्धा को इलाज के लिए एनएमसीएच के इमरजेंसी में लाया गया। यहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। यातायात थाना के पुलिस पदाधिकारी विजेंद्र ने बताया कि बिस्कोमान गोलंबर के पास की रहने वाली महिला सुकीति देवी की मौत हुई है। मृतका के शव का पोस्टमार्टम एनएमसी में कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पूछताछ में स्थानीय लोगों से पता चला है कि तेज रफ्तार बस ने उसे कुचल दिया है। इससे उसकी मौत हुई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।बताया जाता है कि महिला घर से सुबह टहलने के लिए निकली थी, तभी हादसा हो गया।

नशा में उपयोग होने वाला 28 प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ धराया



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना की पुलिस ने नशा के लिए उपयोग किए जाने वाला प्रतिबंध दवा ऐम्पल (इंजेक्शन) जब्त किया है। साथ ही एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि भूतनाथ रोड स्थित सब्जी मंडी के पीछे में प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन बेचने का काम धंधेबाज के द्वारा किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने रेकी कराया। इसके बाद पुलिस की टीम ने वहां पर छापेमारी की। इस दौरान प्रतिबंधित नशे का इंजेक्शन बेच रहे एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किया गया धंधेबाज का नाम नीतीश कुमार पिता राजकिशोर प्रसाद है। वह मूल रूप से जहानाबाद जिला के काको थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव का रहने वाला है और वर्तमान में अगमकुआं थाना क्षेत्र के जनता फ्लैट में रहता है। गिरफ्तार नीतीश के पास से पुलिस ने 48 ऐंपल प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि उसके साथ रहे धंधेबाज की तलाश में पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर यह भी पता कर रही है कि प्रतिबंधित इंजेक्शन वह कहां से लाकर बेचने का काम करता है। यह सही है या फिर डुप्लीकेट, इसका भी पता किया जा रहा है।

शक्तिपीठ स्थल में शाम में दीपदान करने की महिलाओं में होड़

मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू, तख्त साहिब में चंडी पाठ जारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शारदीय नवरात्र पर शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी व श्री छोटी पटनदेवी, अगमकुआं शीतला माता मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में शाम में दीया जलाने की होड़ सी लगी है। महिलाओं की भीड़ इस कदर झुकती है कि सभी लोग हाथों में दिया लेकर भगवती को दिखाते हैं और फिर उसे निर्धारित स्थल पर रखने का काम करती हैं। इस दौरान मंदिर प्रबंधन के द्वारा भी खास निगरानी रखते हुए ऐसी महिला श्रद्धालुओं को टोका भी जाता है कि दिया इस तरह न रखें कि कोई हादसा हो जाए। दूसरी ओर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुक्रवार को भी धार्मिक अनुष्ठान किया गया। शक्तिपीठ के महंत विजय शंकर गिरी ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में भगवती की उपासना का अनुष्ठान आरंभ हुआ। यहां श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन-पूजन को जारी है। छोटी पटनदेवी के महंत अभिषेक अनंत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, अगमकुआं शीतला माता मदिर के पंकज पुजारी, अमरनाथ बबलू, छोटू पुजारी व जयप्रकाश पुजारी, गड़हा स्थित पटनदेवी मंदिर में बबलू पांडेय, प्राचीन काली मंदिर दीरापर आचार्य शशिकांत मिश्रा, खाजेकलां पानीटंकी में मुन्ना बाबा, श्री बड़ी देवी जी ख्वाजा कला में पंडित मनोज मिश्रा वह युवा मंडली में पंडित अनिल मिश्रा के द्वारा अनुष्ठान वैदिक रीति-रिवाज से किया जा रहा है। सर्व मंगला देवी मंदिर गुलजारबाग, गुड़ की मंडी स्थित पीताम्बरा मंदिर के साथ काले हनुमान मंदिर में पंडित राजेश मिश्रा, बेगमपुर स्थित श्री जल्ला हनुमान मंदिर के साथ अन्य देवी मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान किया गया। इसके अलावा श्री बड़ी देवी जी मारूफगंज व महारागंज, नया गांव पूजा समिति के साथ तारणी प्रसाद लेन स्थित बाबा मुक्तेश्वर नाथ मंदिर समेत दर्जनों पूजा समितिओं की ओर से में पूजा-अर्चना की गई। शुक्रवार को भगवती ब्रह्मचारिणी की पूजा आराधना की गई। दूसरी ओर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में चंडी पाठ जत्थेदार भाई बलदेव सिंह की देखरेख में चल रहा है।

दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 हुआ आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार के सांस्कृति कार्य निदेशालय के अन्तर्गत जिला प्रशासन, पटना द्वारा प्रेमचन्द रंगशाला, राजेन्द्र नगर, पटना में दो दिवसीय आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का समापन शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस युवा उत्सव में पटना जिला के 15 से 29 आयु वर्ग के लगभग 200 युवा एवं युवती समूह गायन, समूह लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन, हार्मोनियम वादन, वक्तृता, चित्रकला, हस्तशिल्प, मूत्रिकला, फोटोग्राफी आदि कला विधाओं की प्रतियोगिता में भाग लिया तथा अपने-अपने विधा में बेहतर प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियाँ बटोरीं। पुरस्कार-सह-समापन समारोह में सुश्री कीर्ति आलोक, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, पटना ने सभी विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को मोमेन्टो एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। सुश्री कीर्ति आलोक, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, पटना ने बताया कि दो दिवसीय जिला युवा उत्सव में प्रदर्शन के आधार पर निर्णायकों द्वारा विभिन्न कला विधाओं में प्रथम स्थान पर चयनित युवा कलाकारों का चयन पटना जिला युवा दल में किया गया है, जो आगामी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेंगे।

गायघाट-भद्रघाट रोड से अवरोधक पंप हाउस को हटाया गया

अशोक राजपथ के उत्तर जेपी सेतु व दक्षिण कोर्ट जाने वाला मार्ग की हालत खस्ता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जेपी सेतु का एक छोर गायघाट में गिरता है। यहां से वाहन चालक वाहन लेकर भद्र घाट की ओर जाते और आते हैं। इस रास्ते में दक्षिण की ओर एक बोरिंग का पंप था, जो एक पक्का कमरे में अवस्थित था। यह वाहनों के आवागमन में बाधक बना था। स्थानीय विधायक सह विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के द्वारा इस ओर ध्यान जाने पर इस पर पहल की गई। नतीजतन पटना जल पर्षद के द्वारा उक्त बोरिंग को वहां से अन्यत्र शिफ्ट कर दिया गया। इससे अब वहां पर सड़क चौड़ी हो गई है और वाहनों का आवागमन बिना व्यवधान के हो पा रहा है। इससे लोगों को राहत भी मिली है और जाम की समस्या भी समाप्त हो गई है। हालांकि अशोक राजपथ से जेपी पथ के एप्रोच पर चढ़ने वाला रोड की हालत खस्ता है। सड़क के सीने पर अनेक गड्ढे निकल आए हैं। बरसात होने पर गड्ढे में पानी भर जाने से वाहन चालकों को गड्ढे का पता नहीं चल पाता है। नतीजतन गड्ढे की चपेट वाहन के साथ चालक दुर्घटना के शिकार भी होते हैं। मगर इसे अभी तक ठीक किए जाने की दिशा में प्रयास भी नहीं किया गया है। क्षेत्र के लोगों ने इस संबंध में स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव का ध्यान भी इस ओर आकृष्ट किया है। उन सबों को श्री यादव के द्वारा आश्वस्त किया गया है कि वह जल्द ही इस दिशा में पथ निर्माण विभाग से बात कर इसे बनवाने का काम करेंगे। हालांकि यही स्थिति अशोक राजपथ के उत्तर पटना सिटी व्यवहार न्यायालय होते हुए नहर की ओर जाने वाले रोड की भी है।

बालिका अंडर-14 में पटना तथा बालिका अंडर-17 में गया को खिताब

- राज्य स्तरीय (अन्तर्जिला) विद्यालय बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न
- पटना की अनुष्का (अंडर-14), गया की खुशी (अंडर-17) तथा पटना की जुडीथ (अंडर-19) को बेस्ट प्लेयर का खिताब

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राज्य स्तरीय (अन्तर्जिला) विद्यालय बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-14 का खिताब रोमांचक फाईनल मुकाबले में पटना ने मुजफ्फरपुर को 1 अंकों से हराकर जीता। पटना टीम ने 15 अंक जबकि मुजफ्फरपुर ने 14 अंक हासिल किया। पटना की जीत में कनक (6 अंक) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जबकि मुजफ्फरपुर की ओर से प्रिति ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने टीम के लिए 4 अंक हासिल किया। खेल विभाग, बिहार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला प्रशासन, पटना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में शुक्रवार को बालिका अंडर-17 के फाईनल मुकाबले में गया ने मुजफ्फरपुर को 18-2 से हराकर चैम्पियन बनी। गया की खुशी कुमारी फाईनल मैच में विपक्षी टीम पर लगातार अपने बेहतरीन खेल से हावी रही। उन्होंने अपनी टीम के लिए कुल 10 अंक बटोरे। प्रतियोगिता का बेस्ट प्लेयर का खिताब बालिका अंडर-14 वर्ग में पटना की अनुष्का को, बालिका अंडर-17 आयु वर्ग में गया की खुशी कुमारी तथा बालिका अंडर-19 वर्ग में पटना की जुडीथ को दिया गया। फाईनल मुकाबले के उपरान्त पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्री लोकेश कुमार झा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, पटना ने सभी विजेता टीमों व खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए प्रतियोगिता में शामिल अन्य सभी टीमों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी। श्री ओम प्रकाश, जिला खेल पदाधिकारी, पटना ने मुख्य अतिथि को हरित पौधा एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री अभिषेक कुमार, एन.आई.एस. प्रशिक्षक-सह-शारीरिक शिक्षा शिक्षक, राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय, पैनाल, पटना ने किया। प्रतियोगिता के तकनीकी पदाधिकारी अभिजीत यादव, दीपक कुमार, धीरज रंजन, अमरदीप कुमार, विष्णु कुमान, अनिल कुमार, पियुष कुमार, सोनु कुमार, शशि कुमार एवं रौनित कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर किरण कुमार झा, धीरेन्द्र पासवान, सुरज कुमार, मो0 अमिरूद्दीन, डब्लु सहित विभिन्न जिलों के प्रशिक्षक, प्रबन्धक के अलावा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

दशहरा पर नगर निगम पूजा पंडालों के पास करा रहा सफाई

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना नगर निगम के पटना सिटी व अजीमाबाद अंचल की ओर से दुगार्पूजा के दौरान पूजा पंडालों और सड़कों पर सफाई का काम कराया जा रहा है। यह निर्देश एसडीओ सत्यम सहाय ने नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया है। इसके बाद प्रमुख भीड़भाड़ वाले शक्तिपीठ स्थल, प्रमुख मंदिरों, पूजा पंडालों के आसपास सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है, जो लगातार विसर्जन तक चलेगा। बिजली विभाग को भी कहा गया है कि दो दिनों के अंदर निर्बाध बिजली आपूर्ति व्यवस्था के लिए रखरखाब कार्य का काम पूरा कर लिया जाए। एसडीओ ने बताया कि दशहरा को लेकर नगर निगम की ओर से सफाई कराया जा रहा है। बिजली विभाग को भी कहा गया है। पटना नगर निगम सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि सफाई गाड़ियों का फेरा बढ़ाया गया है। वह छठ तक जारी रहेगा। अजीमाबाद अंचल की कार्यपालक पदाधिकारी श्रेया कश्यप ने बताया कि विशेष सफाई अभियान दुगार्पूजा को लेकर हर वार्ड में दस अतिरिक्ति सफाई मित्रों को लगाया गया है। यह सब पूजा स्थलों की साफ सफाई का काम करेंगे। पूजा पंडालों व मंदिरों के पास नियिमित तौर दो पालियों में सफाई कराया जा रहा है।

थैलेसीमिया पीड़ित गरीब बच्चों का मुफ्त इलाज हुआ शुरू : मंगल

13 बच्चों ,13 डोनर्स एवं 26 अभिभावकों के साथ स्वास्थ्य मंत्री वेल्लोर के लिए हुए रवाना

- राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार और सीएमसी वेल्लोर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर
- मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना गरीबों के लिए वरदान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की अध्यक्षता में ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में थैलेसीमिया के स्थायी इलाज हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार और क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज वेल्लोर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन के दौरान सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि राज्य के गरीब, पिछड़े व वंचित वर्ग को इस गंभीर बीमारी से बचाने की सरकारी पहल ऐतिहासिक है। जो किसी वरदान से कम नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच है कि हर गरीब को उचित स्वास्थ्य लाभ बिना किसी भेदभाव मिले। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने सीएमसी हॉस्पिटल वेल्लोर को 3 करोड़ का चेक इलाज के लिए प्रदान किया। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने एक एप्प सेहत और आरोग्य की जानकारी (साज) नाम से लांच किया।

राज्य में थैलेसीमिया के पंजीकृत रोगियों की संख्या 2 हजार 716 :

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना के तहत 15 लाख रुपया तक का मुफ्त इलाज सरकार कराएगी। थैलेसीमिया एक गंभीर आनुवंशिक रोग है, जिससे शरीर में स्वस्थ और प्रभावी लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण नहीं हो पाता है। जिसके कारण बच्चों को बार-बार ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता होती है। थैलेसीमिया के मरीजों के लिए एकमात्र स्थायी इलाज बोन मैरो

ट्रांसप्लांट है, जो न केवल महंगा है, बल्कि जटिल भी है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए 6 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी योजना के तहत प्रत्येक थैलेसीमिया (12 वर्ष से कम उम्र के योग्य बच्चों) मरीज को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से 15 लाख रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा। बिहार में थैलेसीमिया के पंजीकृत रोगियों की संख्या 2 हजार 716 है।

सीएमसी वेल्लोर के साथ एमओयू साइन करने वाला बिहार पहला राज्य :

श्री पांडेय ने कहा कि थैलेसीमिया के मरीजों के अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण हेतु 13 बच्चों और 13 डोनर्स एवं 26 अभिभावकों को लेकर स्वयं (53 लोग) शुक्रवार को सीएमसी हॉस्पिटल वेल्लोर के लिए वायुयान से रवाना हो रहे हैं। इन बच्चों के इलाज, डोनर्स और उनके अभिभावकों की यात्रा रहने और खाने की व्यवस्था बिहार सरकार द्वारा योजना के अनुसार निःशुल्क की गयी है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना के तहत सीएमसी, वेल्लोर के साथ एमओयू साइन हुआ है। सीएमसी वेल्लोर के साथ एमओयू साइन करने वाला बिहार देश में पहला राज्य है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया। सीएमसी वेल्लोर के निदेशक डॉ विक्रम मैथ्यूज ने कहा कि हमारा इंस्टिट्यूट देश को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम करता रहा है और हम सब मिलकर इस देश को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री का यह योगदान बहुत सराहनीय है। सीएमसी वेल्लोर के हेमेटोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एबी अब्राहम ने कहा कि 4 दशक पहले सीएमसी, वेल्लोर में 1984 में अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की शुरूआत हुई थी।

ये रहें मौजूद :

इस कार्यक्रम में प्रत्यय अमृत, अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, संजय कुमार सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, सुहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, धर्मेंद्र कुमार, प्रबंध निदेशक, बीएमएसआईसीएल, प्रतिभा रानी, परियोजना निदेशक, बिहार एड्स कंट्रोल सोसायटी, शशांक शेखर सिन्हा, विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव, डॉ विक्रम मैथ्यूज, निदेशक, सीएमसी, वेल्लोर, डॉ. एबी अब्राहम, एमडी, डीएम, प्रोफेसर, हेमेटोलॉजी विभाग, सीएमसी वेल्लोर आदि मौजूद रहें।

जायजा

दरभंगा जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य सामग्री के वितरण का जायजा लेते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

पथ निर्माण विभाग के अधीन 90 योजनाओं का काम पूरा : विजय

कहा- योजनाओं को ससमय पूर्ण कराना हमारी प्राथमिकता

- 20-25 वर्ष पूर्व निर्मित पुल-पुलियों का बनेगा हेल्थ कार्ड

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पथ निर्माण विभाग डबल इंजन की सरकार में सुगम यातायात की व्यवस्था करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। सभी अंचलों में प्रगतिशील एवं प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री द्वारा नियमित रूप से की जा रही है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि पथ निर्माण विभाग का दायित्व ग्रहण करने के पश्चात कम समय में 90 से अधिक योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्यालय स्तर से सभी अंचलों में कार्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण किया जा रहा है। कार्य की गुणवत्ता हमारी प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना मद में सीमित संसाधन के बावजूद विभाग महत्वपूर्ण योजनाओं को चिन्हित कर कार्य कर रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा बिहार राज्य को पथ निर्माण प्रक्षेत्र में सहयोग के रूप में बड़ी राशि प्राप्त हुई है जिससे कार्यों को गति मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि राशि की उपलब्धता के संबंध में विभाग महत्वपूर्ण योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर चयन कर अनुमानित लागत राशि का आकलन कर रहा है, जिसपर शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर बिहार में बाढ़ की वर्तमान स्थिति को देखते हुए अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सतत निगरानी का निदेश दिया गया है। बिहार में बाढ़ की समस्या का भौगोलिक कारण है। नेपाल में भारी वर्षा की स्थिति में बिहार के

मैदानी इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस वर्ष वर्षा भी काफी अधिक हुई है, किन्तु आम जन को पूर्व के वर्षों में हुए नुकसान का सामना नहीं करना पड़ा है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में पथों का निर्माण सम्पूर्ण बिहार में हुआ है। इसका परिणाम है कि बाढ़ प्रभावित अधिकांश जिलों में भी राहत सामग्री सड़क मार्ग से उपलब्ध कराना संभव हो पा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को 20 वर्ष पूर्व के समय आयी बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए, जब आम जनों को कितनी समस्या होती थी। नेता प्रतिपक्ष को अपने संवैधानिक दायित्वों का पालन करते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करना चाहिए, जबकि वे विदेश में छुट्टियाँ मना रहे हैं। बिहार की जनता यह सब देख रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के पथों एवं पुल/पुलियों का स्थलीय निरीक्षण अविलंब कराकर उनकी मरम्मति का कार्य कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के कुछ इलाकों में बाढ़ की स्थिति रहती है तो कुछ इलाके सुखे की चपेट में रहती है। बिहार की नदियों को जोड़े जाने की महत्वाकांक्षी योजना पर कार्य किया जा रहा है। केन्द्र सरकार का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।

बाढ़ प्रभावितों के लिए कांग्रेस अध्यक्ष ने भेजा राहत सामग्री की खेप

बाढ़ त्रासदी से प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है कांग्रेस : अखिलेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम से बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिए राहत सामग्री की पहली खेप को रवाना किया। कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों के नागरिकों के साथ मुस्तैदी से खड़ी है। आज से 15 दिन पहले से हमने अपने जिलाध्यक्षों को निर्देशित कर रखा है कि वें अपने स्तर से अपने जिले के बाढ़ प्रभावितों की मदद करें। साथ ही प्रदेश कांग्रेस भी बाढ़ से प्रभावित सभी क्षेत्रों में लगातार राहत सामग्री भेजने का काम आज से शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि 7 हजार रुपए की मामूली मदद का एलान करके सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती क्योंकि ये राशि नाकाफी और गैर मददगार साबित होगी और इसे कम से कम 50 हजार किया जाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास सेवा और त्याग का रहा है और हम इस बाढ़ त्रासदी में बिहार के सभी प्रभावितों के साथ खड़े हैं और उनको हर संभव मदद हम पहुंचाएंगे। ताकि उनकी नाकामियों के कारण हमारे प्रदेश के लोगों को कोई असुविधा न हो। इसलिए हमने फौरी मदद के लिए सूखा अनाज, साबुन, त्रिपाल, मसाला, नमक, चीनी आदि का पैकेट प्रभावित इलाकों में भेजने की पहल आज शुरू कर दी। जनता के सेवा के लिए प्रदेश के नेतागण और जिले के नेतागण अपनी पूरी ताकत झोंकेंगे। इस अवसर पर निर्मल वर्मा, ब्रजेश पांडेय, राजेश राठौड़, कपिलदेव प्रसाद यादव, ब्रजेश प्रसाद मुनन, सेवा दल के चेयरमैन डॉ संजय यादव, लाल बाबू लाल, राज कुमार राजन ,प्रमोद कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, ज्ञान रंजन, केशर कुमार सिंह,शशि रंजन,गुंजन पटेल, मंजीत आनंद साहू, राज छविराज, आदित्यपासवान,मृणाल अनामय, अनूप कुमार , निधि पांडे ,रूपन झा, मंटन सिंह सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की पूजा-अर्चना

- स्वामी सहजानंद सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

पटना। प्रदेश अध्यक्ष सह भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल का बक्सर दौरे के क्रम में कन्हौली चौक और बिहटा चौक पर देवतुल्य कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत और सत्कार किया गया। बिहटा की पावन धरती पर इस आत्मीय स्वागत के लिए मंत्री जायसवाल ने सभी कार्यकताओं का हृदय से आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पटना ग्रामीण जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, निवर्तमान जिलाध्यक्ष आशुतोष, निखिल, मण्डल अध्यक्षगण, और अनेक समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्री जायसवाल ने ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ के प्रसिद्ध मंदिर में पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बाबा से सभी के कल्याण की प्रार्थना की और इस शुभ अवसर पर जनसेवा के प्रति अपने दृढ़ संकल्प को दोहराया। इसके उपरांत, सिमरी प्रखंड स्थित स्वामी सहजानंद सरस्वती मध्य विद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी सहजानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में बक्सर जिला भाजपा के सभी पदाधिकारी और प्रदेश के वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। श्री जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा, बक्सर की इस पवित्र धरती पर आकर मुझे अत्यधिक प्रसन्नता और आत्मीयता की अनुभूति हो रही है। यहां के लोगों का समर्थन मुझे निरंतर प्रेरित करता है, और मैं जनसेवा के कार्यों में और अधिक समर्पण के साथ जुटा रहूंगा। बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे, ताकि हम सब मिलकर समाज के उत्थान में योगदान दे सकें।

बाढ़ प्रभावितों को राहत के नाम पर केवल खानापूरी : गगन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बाढ़ पीड़ितों को राहत के नाम पर केवल खानापूरी करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य के एक बड़े हिस्से में बाढ़ की तबाही झेल रही जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। पर राज्य सरकार का एक भी मंत्री कभी भी बाढ़ पीड़ितों के बीच कहीं नजर नहीं आए। पटना बैठकर केवल राजनीतिक बयानबाजी करने तक हीं सिमीत रहे। पीड़ित जनता को भाग्य-भरोसे छोड़ कर सरकार के पदाधिकारी भी अपने चैम्बर से बाहर नहीं निकले। बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच न सही ढंग से राहत सामग्री पहुंच रही है और न राहत-बचाव का सही ढंग से मोनिटरिंग हो रही है। सारी व्यवस्था स्थानीय निम्नवर्गीय कर्मचारियों पर छोड़ दिया गया है और उन्हें भी सीमित संसाधन हीं उपलब्ध कराए गए हैं जिसकी वजह से उन कर्मचारियों को बाढ़पीड़ितों के बीच भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि दरभंगा दौरे के बाद मुख्यमंत्री के द्वारा बाढ़ पीड़ितों को 7-7 हजार रुपए देने की घोषणा की गई है। श्री

गगन ने कहा कि ऐसे बाढ़ प्रभावित परिवारों की संख्या तीस लाख से ज्यादा है पर सरकार के आंकड़े के अनुसार हीं बाढ़ प्रभावित परिवारों की संख्या साढ़े सोलह लाख है। और सरकार द्वारा मात्र 48 हजार परिवारों को हीं सात-सात हजार रुपए देने की घोषणा की गई है। बाकी परिवारों को इस लाभ से क्यों वंचित किया जा रहा है। राजद प्रवक्ता ने बताया कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के राजद कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर से राहत कार्य चला रहे हैं और आवश्यक वस्तुओं का वितरण कर रहे हैं। पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा भी चिकित्सा कैम्प लगाया जा रहा है।

एनएसयूआई ने निकाला प्रतिरोध मार्च

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के रेप पीड़िता छात्रों को न्याय दिलाने एवं पीड़ित छात्रा के लिए न्याय की मांग कर रहे छात्रों को निष्कासित किये जाने के खिलाफ एनएसयूआई ने प्रतिरोध मार्च निकाला। यह प्रतिरोध मार्च पटना कॉलेज से शुरू होकर पटना विश्वविद्यालय गेट तक गया। प्रतिरोध मार्च में पीड़ित छात्रा को न्याय दो.... का नारों लगाते हुए एनएसयूआई के कार्यकर्त्ता विश्वविद्यालय गेट पहुचे। वहां पर पुतला दहन के बाद एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए एनएसयूआई बिहार के प्रदेश अध्यक्ष जय शंकर प्रसाद ऊर्फ सूरज यादव ने कहा कि मोदी राज में बेटियां सुरक्षित नहीं है, रेप पीड़ित छात्रा को न्याय देने बजाय उल्टे न्याय की मांग कर रहे छात्रों को निष्कासित कर दिया गया। एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक शास्वत शेखर ने कहा की पीड़ित छात्र को न्याय मिलने तक एनएसयूआई संघर्ष करते रहेगा। मौके पर छात्र नेता सुधाकर सिंह, खुशी कुमारी, मुस्कान कुमारी अमन कुमार, प्रकाश तिवारी, गूंजेश कुमार, शशि रंजन, संस्कार यादव समेत दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

यूपी में दलित परिवार के चार सदस्यों की हत्या पर चिराग ने जताया शोक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने उत्तर प्रदेश में दलित शिक्षक, उनकी पत्नी और दो मासूम बच्चे समेत चार लोगों की नृसंश हत्या पर शोक व चिंता व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार से त्वरित जांच और सभी अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पाँच दशक तक दलित, शोषित और हांसिए पर रहे दलित समाज के लिए जैसे लोक जनशक्ति पार्टी तथा दलित सेना के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री, पद्मभूषण रामविलास पासवान ने संघर्ष किया ठीक उसी प्रकार उनके विचारों के वाहक के रूप में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग देश में कहीं भी दलितों के साथ होने वाले अन्याय के विरूद्ध मजबूती से खड़े हैं। दलित परिवार की निर्मम हत्या के उपरांत पीड़ित परिजनों से मिल कर पूरी घटना की जानकारी हेतु लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उत्तर प्रदेश प्रभारी सह जमुई से सांसद अरुण भारती, उत्तर प्रदेश संगठन के वरीय नेताओं के साथ आज रायबरेली पहुंचे। रायबरेली पहुंचे जमुई सांसद अरुण भारती ने कहा की लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने दलित शिक्षक सुनील कुमार और उनके पूरे परिवार के लिए शोक संतप्त संवेदनाएं प्रेषित की हैं। लोजपा सुप्रीमो जल्द रायबरेली आ कर सुनील कुमार के पीड़ित परिवार से मिलेंगे। श्री चिराग पासवान के द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि के रूप में जमुई सांसद ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया है की इस मामले में त्वरित न्याय हेतु उच्च स्तरीय जांच के साथ इस निर्मम हत्याकांड में शामिल सभी अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग राज्य सरकार से करेंगे। दलित शिक्षक सुनील भारती परिवार के परिजनों से मिल कर भरोसा दिलाते हुए श्री भारती ने कहा की राज्य सरकार दोषियों की गिरफ्तारी के पश्चात फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाए ये मांग भी राज्य सरकार से की गई है।

विपक्षी दलों के नेताओं को बनाया जा रहा निशाना : एजाज

अस्पताल में भर्ती प्रदेश महासचिव से मिलने पहुंचे राजद नेता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। अपराधी बेखौफ अंदाज में दिनदहाड़े घटनाओं का अंजाम दे रहे हैं। राजद सहित विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। श्री एजाज ने मुंगेर में जानलेवा हमले में प्रदेश महासचिव पंकज यादव गंभीर रूप से घायल हो गयें। राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, बिनु यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, कोषाध्यक्ष मो कामरान, प्रदेश महासचिव सह मुंगेर प्रमंडल प्रभारी बल्ली यादव, प्रदेश महासचिव फैयाज आलम कमाल, दिवाकर सिंह ने पंकज यादव से पटना के मेदांता हॉस्पिटल पहुंचकर मुलाकात की। उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना और डॉक्टर से उनके संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बिहटा में राष्ट्रीय जनता दल के नेता और पंचायत प्रतिनिधि अजय कुमार को गोली मारे जाने की घटना की निंदा करते हुए कहा कि आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही है सरकार और सरकार पूरी तरह से सोई हुई है। सामाजिक और राजनीतिक कार्यकताओं के सुरक्षा का कोई उपाय नहीं किया जा रहा है। अपराध करके अपराधी निकल जा रहे हैं। लगातार विपक्षी दलों के और खास तौर से राष्ट्रीय जनता दल के नेता कार्यकताओं को गोली का शिकार बनाया जा रहा है।

जनसेवा से नेता प्रतिपक्ष का दूर-दूर तक रिश्ता नहीं : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने आरोप लगाया है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का जनसेवा से दूर-दूर तक कोई रिश्ता नहीं है। श्री मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उत्तर बिहार में बाढ़ से भारी तबाही हुई है। पूरी सरकार और सभी महकमे के अधिकारी राहत और बचाव कार्य लगे हैं। युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य जारी है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने में लगी है। केंद्र सरकार ने राहत और बचाव कार्य के लिए 655.60 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। केंद्र और राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में बाढ़ पीड़ितों के साथ हर समय खड़ी है। लेकिन, यह निराश करनेवाली बात है कि विपक्षी दलों को इस आपदा के समय भी जनसरोकार से कोई मतलब नहीं है। श्री मिश्र ने कहा कि आधा बिहार बाढ़ की विभीषिका झेल रहा है और नेता प्रतिपक्ष दुबई में सैर-सपाटे कर रहे हैं। जिसे सैर-सपाटे में मन लगता है, उसे राजनीति छोड़कर कोई और काम करना चाहिए। राजनीति सैर-सपाटे के लिए नहीं, जनसेवा के लिए होती है। श्री प्रभाकर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष में जनप्रतिनिधि होने की कोई योग्यता नहीं है।

मिशन टोटल सेग्रीगेशन के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

पटना। पटना नगर निगम एवं जीविका के संयुक्त समन्वय से मिशन टोटल सेग्रीगेशन के लिए एन कॉलेज में आयोजित किया गया प्रशिक्षण शिविर। इस प्रशिक्षण शिविर में नगर निगम के सफाई इंस्पेक्टर, ड्राइवर, हेल्पर मोबिलाइज (स्वयं सहायता समूह की महिलाएं) शामिल रही।

स्व. कैलाशपति मिश्र की 101वीं जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन

ब्रह्मपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को ब्रह्मपुर में बिहार भाजपा के भीष्म पितामह,पूर्व राज्यपाल एवं जनसंघ काल से देश सेवा में समर्पित रहे स्व. कैलाशपति मिश्र की 101वीं जयंती के अवसर पर स्व. मिश्र के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। डॉ दिलीप जायसवाल ने स्व. मिश्र के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें सादर नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। समारोह में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय,महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष दिलमणि मिश्रा बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार, मंत्री संतोष सिंह, विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ दिलीप जायसवाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया

साहित्य सम्मेलन के 43वें महाधिवेशन की स्वागत समिति का हुआ पुनर्गठन

सात उपसमितियाँ भी बनायी गयी, 19-20 को होगा महाधिवेशन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी १९-२० अक्टूबर को, सम्मेलन प्रांगण में आहूत, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के १०६ठे स्थापना दिवस समारोह एवं दो दिवसीय ४३वें महाधिवेशन के लिए, पूर्व सांसद और वरिष्ठ पत्रकार डा रवींद्र किशोर सिन्हा की अध्यक्षता में नयी स्वागत समिति गठित हुई है। ६५ सदस्यीय पुनर्गठित स्वागत समिति में ४३ उपाध्यक्ष और ११ महासचिव बनाए गए हैं। स्वागत समिति के साथ ७ उपसमितियाँ भी गठित की गयी हैं, जो प्रांत के बाहर से आने वाले अतिथियों के आवासन, यात्रा, भोजन, चिकित्सा, यातायात, अलंकरण,साज-सज्जा एवं अन्य व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करेंगी।

सम्मेलन अध्यक्ष द्वारा निर्गत अधिसूचना और विज्ञप्ति के अनुसार, दो दिवसीय इस महाधिवेशन में उद्घाटन और समापन-समारोहों के अतिरिक्त, ६ वैचारिक-सत्र, प्रथम दिवस की संध्या में सांस्कृतिक उत्सव, एक

विराट राष्ट्रीय-कवि-सम्मेलन, अलंकरण-समारोह और सम्मेलन की स्थायी समिति की बैठक भी संपन्न होगी। यह महाधिवेशन देश की दो महान साहित्यिक विभूतियों, महाप्राण पं सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और कलम के जादूगर रामवृक्ष बेनीपुरी को समर्पित किया गया है, जिनका यह १२५वाँ जयंती-वर्ष है। इस वर्ष के महाधिवेशन के चिंतन का मुख्य विषय ह्लभारत की राष्ट्रभाषा और अन्य भारतीय भाषाओं पर इसका प्रभाव रखा गया है।

४३वें महाधिवेशन की पुनर्गठित कार्य समिति इस प्रकार है;

डा रवीन्द्र किशोर सिन्हा, पूर्व सांसद (अध्यक्ष), पद्मश्री विमल कुमार जैन , पारिजात सौरभ, सरदार महेन्दर पाल सिंह ढिल्लन, डा मेहता नगेंद्र सिंह,ई अवध बिहारी सिंह, प्रो लक्ष्मी सिंह, श्रीमती रत्ना सिन्हा, अनीता मिश्रा सिद्धि, आचार्य विजय गुंजन, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, शुभचंद्र सिन्हा, ज्ञानेश्वर शर्मा, डा सुधा सिन्हा, डा विद्या चौधरी, ऋचा वर्मा, डा सीमा रानी, डा पंकज पाण्डेय, डा सुमेधा पाठक, डा पूनम देवा, संजू शरण, कमल किशोर कमल, सदानन्द प्रसाद, डा सीमा यादव, मधु रानी लाल, डा प्रतिभा रानी, इन्दु उपाध्याय, प्रेमलता सिंह राजपुत, अभय सिन्हा, डा पंकज वासिनी, कमल नयन श्रीवास्तव, राजेश भट्ट, डा अर्चना सिन्हा, चितरंजन लाल भारती, अरुण कुमार श्रीवास्तव, बिन्देश्वर गुप्ता, परवेज आलम, संजय शुक्ला, ब्रह्मानन्द पाण्डेय, शशि भूषण कुमार,लता प्रासर, मीरा श्रीवास्तव, उत्तरा सिंह, (सभी उपाध्यक्ष), आनन्द मोहन झा, रौली कुमारी, अप्सरा मिश्र, नीरव समदर्शी, तलअत परवीन, संजीव मिश्र, डा आर प्रवेश, श्रीकांत व्यास, डा अंकेश कुमार, डा रेखा भारती मिश्र, डा सुषमा कुमारी, शिवानन्द गिरि (सभी महासचिव), डा पंकज प्रियम, डा वर्षा रानी, डा कुंदन लोहानी, डा नीतू चौहान, राजेश राज, डा आशा कुमारी, नेहाल कुमार सिंह, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, अमित कुमार सिंह, रोहित कुमार (सभी सचिव)

रामलीला का दूसरा दिन:

श्री राम जन्म प्रसंग का मंचन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

नागाबाबा ठाकुरबाड़ी में निरंजन लाल व्यास के नेतृत्व में 10 दिवसीय रामलीला का मंचन हो रहा है। शुक्रवार को रामलीला के दूसरे दिन श्री दशहरा कमेटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव का उद्घाटन कुम्हरार विधायक अरुण कुमार सिंह एवं अन्य ने किया। इसके बाद आरती की गई। कदमकुआं स्थित नागाबाबा ठाकुरबाड़ी में दस दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव के दूसरे दिन में रावण कुंभकरण तपस्या, दिगविजय, पृथ्वी पुकार, श्री राम जन्म प्रसंग का मंचन किया गया। मंचन में दिखाया गया कि किस तरह से राजा दशरथ अपने मंत्रियों के समक्ष पुत्र के सुख और दुख को व्यक्त करते हुए गरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। और अपना दुखरा सुनाने लगते हैं। राज दशरथ गुरु वशिष्ठ से कहते हैं गुरुदेव आपके होते हुए क्या मेरे पुत्र नहीं होंगे। क्या मैं पुत्र सुख से वंचित रहूंगा। तो गुरुदेव उन्हें आश्वसत करते हैं राजन पुत्रिष्ठ यज्ञ कराईए। और इस यज्ञ के द्वारा आपको चार पुत्रों की प्राप्ति होगी। मनोरमा घाट पर यज्ञ प्रारंभ कराईए। दशरथ जी ने यही किया। यज्ञ में सिंगी ऋषि जी ने चार आहुति दी। जबकि उनके एक अहुति में ही अग्निदेव प्रकट हो जाया करते थे। दशरथ ने पूछा कारण क्या है वशिष्ठ जी अग्निदेव प्रकट नहीं हो रहे हैं। वशिष्ठ जी ने कहा इनके कुल में रंगनाथ भगवान की पूजा होती है। रंगनाथ भगवान की आहुति देनी होगी। सिंगी ऋषि ने रंगनाथ भगवान की आहुति दी। यज्ञ के बाद राजा दशरथ को चार पुत्रों की प्राप्ति हुई। जिसके बाद नगर वासी बधाईया गाने लगे। बड़े ही भव्य रूप से ठाकुरबाड़ी में भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। सभी भगवान की जयजयकार करने लगे। भगवान के बाल रूप का दर्शन करते हुए राजा दशरथ ने गुरु वशिष्ठ को बुलाया और निवेदन किया कि आप इन लोगों का नामकरण कीजिए। वशिष्ठ जी महाराज ने उनका नामकरण किया। इस प्रकार से भगवान विद्या लेने के लिए वशिष्ठ जी के पास गए। विद्या लेने के बाद महलों में आए। विश्वामित्र ने राजादशरथ से दोनों भाईयों को मांगकर ले गए। और सुबाहु, मारीच और तारिका का वध कराया। इस अवसर पर अध्यक्ष अरुण कुमार, संयोजक मुकेशनंदन, सह संयोजक राकेश कुमार, चेयरमैन कमल नोपानी, सुषमा साहू, राजेश बजाज, धनंजय कुमार, प्रिंस कुमार राजू आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

स्नातकोत्तर वनस्पति शास्त्र विभाग में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को लेकर तैयारी तेज

दरभंगा। आगामी 29-30 नवंबर को विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर वनस्पति शास्त्र विभाग में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की तैयारी शुरू हो गई। शुक्रवार को कुलपति कार्यालय में विभागाध्यक्षा प्रो सविता वर्मा के साथ विभाग के अन्य शिक्षकों के सान्निध्य में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने ब्रोशर का लोकार्पण किया। ह्यरिसेंट एडवांसेस इन लाइफ साइंसेस चैलेनजेस एंड ऑपोरचुनीटिस विषय पर आयोजित होने वाली संगोष्ठी में देश के अलग अलग विश्वविद्यालयों के अलावा वैश्विक स्तर के विद्वान शिरकत करेंगे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो एन के दूबे होंगे। ब्रोशर लोकार्पण में डॉ गजेंद्र प्रसाद, डॉ अंकित कुमार सिंह और.डॉ ख्वाजा की उपस्थिति संगोष्ठी संयोजक मंडल के सदस्यों के तौर पर रही।

एमएमटीएम महाविद्यालय में शोक सभा आयोजित

दरभंगा। एमएमटीएम महाविद्यालय के चतुर्थ वर्गीय कर्मी नंद कुमार झा के आक्सिमक निधन पर डा राज किशोर झा की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गयी। विदित हो कि नंद कुमार झा लंबी बीमारी से ग्रसित थे। उन्होंने अपने आवास सहोड़ा में अंतिम सांस दिनांक 3-10-24 को ली। शोक सभा में उपस्थित महाविद्यालय के सचिव डा राम सुदिष्ट चौधरी ने उन्हें संस्थापक कर्मी के रुप में याद करते हुए कहा कि वे कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार व्यक्ति थे। उनका जीवन संघर्षशील रहा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डा राज किशोर झा ने कहा कि उनके निधन से महविद्यालय को भारी क्षति हुयी है। वे सहनशील एवं गंभीर मिलनसार व्यक्ति थे। सभा में श्याम भास्कर, टुनटुन प्रसाद राय, डा सतीश कुमार, डा महेश ठाकुर, लालन कुमार झा,भरत कुमार मिश्र,चंद्र मोहन झा,विपीन बिहारी चौधरी,जी पी सिंह,डा सुमन कुमार झा, लक्ष्मी कांत मिश्र, अजय किशोर झा, एन के झा आदि ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।अंत मे उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।तदुपरांत आज का महाविद्यालय का कार्य स्थगित कर दिया गया।

गुस्साए बाढ़ पीड़ितों ने किया सड़क जाम

मुजफ्फरपुर। मुआवजे की मांग कर रहे औराई के बाढ पीड़ितों ने आज सीतामढी -मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जाम हटाने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। ग्रामीण एसपी विद्यासागर ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने रोड जाम के दौरान बाढ पीड़ितों पर पुलिस लाठी चार्ज से अनभिज्ञता जताई है। मिली जानकारी के अनुसार बाढ पीड़ितों ने बांस बल्ला लगाकर मुजफ्फरपुर -सीतामढ़ी रोड को जाम कर दिया और टायर को बीच सड़क पर जला कर आवागमन को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया। बीते दिनों बागमती नदी के जलस्तर में वृद्धि से औराई कटरा और गायघाट प्रखंड के तकरीबन दो दर्जन पंचायत पूरी तरह से बाढ़ से प्रभावित हो गए हैं। इसी के साथ औराई प्रखंड के रामखेतारी पंचायत में लखनदेई नदी का तटबंध टूट जाने से लगभग एक दर्जन पंचायत बाढ़ से प्रभावित हैं। इस स्थिति में बाढपीडित पिछले कई दिनों से मुजफ्फरपुर सीतामढ़ी राष्ट्रीय उच्च पथ पर अपने माल मवेशियों के साथ शरण लिए हुए हैं। आज सुबह अचानक बाढ़ पीड़ितों का गुस्सा फूट पड़ा और बाढ़ पीड़ितों के द्वारा सड़कों पर बास बल्ला लगाकर सडक को अवरुद्ध कर दिया। इनका कहना है कि पिछले कई दिनों से वे लोग सड़कों पर रह रहे हैं ,फिर भी जिला प्रशासन के द्वारा उन्हें किसी तरह की कोई सुविधा मुहैया नहीं कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, राहत पैकेज का बारिकी से किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता,
डॉ नवीन कुमार

दरभंगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को दरभंगा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। बाढ़ पीड़ितों के लिए बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा से पहले बाढ़ पीड़ित परिवारों के खाते में सात-सात रुपये की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने लहेरियासराय पोलो मैदान स्थित आडोटोरियम में बनाए गए बाढ़ राहत फूड पैकेजिंग सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राहत सामग्री जल्द से जल्द बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हायाघाट और हनुमाननगर प्रखंड को भी एसओपी में शामिल करने का भी निर्देश दिया। नीतीश कुमार ने बाढ़ पीड़ितों के लिए बनाए गए राहत कैंपों का निरीक्षण किया। एयरफोर्स के माध्यम से फूड पैकेजिंग वितरण का जायजा लिया। इस दौरान बाढ़ पीड़ितों के लिए लगाए जा रहे चिकित्सा शिविरों की भी व्यवस्थाएं भी देखी। चिकित्सकों से बात की। कहा कि हर बाढ़ पीड़ित को समुचित इलाज की व्यवस्था होनी चाहिए। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लगातार दौरा कर लोगों की वास्तविक स्थिति पर निगाह बनाए रखें। उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इसके लिए उन्हें सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करें। राहत शिविरों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। इससे पहले मुख्यमंत्री के दरभंगा दौरे को लेकर बिरौल में खोरा गाछी मैदान में हेलिपैड बनाया गया था। माना जा रहा था कि मुख्यमंत्री कोसी नदी के टूटे तटबंध का भी निरीक्षण कर सकते हैं। मुख्यमंत्री का विशेष जोर टूटे तटबंध के मरम्मत कार्य पर रहेगा ताकि विस्थापित लोग जल्द से जल्द अपने घरों को लौट सकें। लेकिन अंतिम समय में मुख्यमंत्री के स्थल को बदल कर दरभंगा कर दिया गया। मुख्यमंत्री के साथ समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी, केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा,बेनीपुर के विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी सहित कई विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।वही बिरौल आससे के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री के वितरण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दरभंगा जिला के बिरौल अनुमंडल अन्तर्गत पुनाछ गांव स्थित सामुदायिक रसोई घर का अवलोकन व निरीक्षण किये,जहां बाढ़ पीड़ितों को भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की जा रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नीतीश कुमार के दौरे के दौरान, उन्होंने लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इसी क्रम में उन्होंने जलसंसाधन विभाग के अभियंताओं से कोशी तटबंध के संबंध में जानकारी ली और टुटे हुए स्थल को मरम्मत करने को कहा। जिससे यातायात सामन्य हो सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बाढ़ पीड़ितों को आवश्यक सामग्री और सहायता प्रदान करें। नीतीश कुमार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए भी कदम उठाए हैं।उनका उद्देश्य बाढ़ पीड़ितों को आवश्यक सहायता और समर्थन प्रदान करना है। बाढ़ पीड़ितों के लिए एसडीओ उमेश कुमार भारती के निर्देश पर बनाया गया अस्थायी सामुदायिक रसोई घर में मौजूद महिला पुरुष व बच्चों ने भोजन की व्यवस्था से खुश दिखे।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 31 स्वास्थ्य शिविर संचालित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य शिविर के संचालन से लेकर मोबाइल मेडिकल टीम, एंबुलेंस सेवा एवं दवा की सेवा बहाल की है। इसके लिए 31 स्वास्थ्य शिविर संचालित हैं। जिसमें प्रभावित परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने हेतु पर्याप्त संख्या में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ एवं स्वास्थ्य कर्मी की तैनाती की गई है। औराई ,कटरा ,गायघाट, साहेबगंज, पारू, मीनापुर में स्वास्थ्य शिविर कार्यरत है। शिविर में लोगों का न केवल इलाज किया जा रहा है बल्कि उन्हें निशुल्क दवा भी दिया जा रही है। दुरूह एवं सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य शिविर कर्यरत है तथा इन क्षेत्रों में प्रतिनियुक्त डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ नाव से आते जाते हैं। गायघाट के साठा कल्याणी में स्वास्थ्यकर्मी नाव के माध्यम से जाते हैं और मरीज का इलाज करते हैं।स्वास्थ्य शिविर मे कुल 798 व्यक्तियों का इलाज किया गया है। बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने आपात स्थिति से निपटने हेतु शिविर से 6 एंबुलेंस की टैगिंग की गई है।विभिन्न गांवों ,टोलों तथा ऊंचे , सुरक्षित स्थलों पर शरण लिये व्यक्तियों के समुचित इलाज की व्यवस्था हेतु 6 मोबाइल मेडिकल टीम भी कार्यरत हैं। आवश्यक दवा के साथ स्वास्थ्य कर्मी इस कार्य में सक्रिय हैं। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को प्रभावित क्षेत्र का लगातार भ्रमण करने तथा प्रभावित परिवारों के स्वास्थ्य तथा उनके लिए संचालित सुविधाओं पर ध्यान रखने को कहा है। साथ ही आवश्यकता के अनुसार स्वास्थ्य शिविर बढ़ाने तथा उसमें डॉक्टर एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र सहित जिले के अन्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों को भी आपातकालीन स्थिति के लिए अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा हर हाल में करने तथा सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं बहाल रखने का सख्त निर्देश दिया है।जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक को निर्देश दिया है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का नियमित भ्रमण कर जल स्तर पर नजर रखे तथा जैसे -जैसे बाढ़ के पानी में कमी आती है वैसे क्षेत्रों को चिह्नित कर युद्ध स्तर पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें ताकि इन क्षेत्रों में जलजनित बीमारी तथा महामारी नहीं फैले। इसे कार्य रूप देने हेतु प्रखंडवार एवं पंचायतवार वर्क प्लान तैयार कर टीम बनाने तथा ब्लीचिंग पाउडर का तत्परता से छिड़काव करने का निर्देश दिया है।

कुलपति ने विश्वविद्यालय के कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

लंबित संचिकाओं के त्वरित निपटान के दिए सख़्त निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के कुशल प्रशासनिक निर्देशन में विश्वविद्यालय नई बुलंदियों को छू रहा है। विश्वविद्यालय में एक ओर जहां उच्च अध्ययन और शोध एवं अकादमिक वातावरण सुदृढ़ बनाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं वहीं शुक्रवार को विश्वविद्यालय में प्रो चौधरी द्वारा औचक निरीक्षण का किया जाना कार्यलायी कार्यों के निष्पादन के परीक्षण के लिहाज से महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रो चौधरी ने कुलपति सचिवालय, उप- कुलसचिव प्रथम कार्यालय, वित्तीय सलाहकार कार्यालय, पेंशन अनुभाग, अभियांत्रिकी अनुभाग का औचक निरीक्षण करते हुए कार्यरत कर्मचारियों से लंबित संचिकाओं को तीव्रता से निपटाने के सख़्त निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यालयों के शौचालयों की साफ- सफाई, फाईलों के अंबारों को साफ रखने पर बल दिया।आदेश देते हुए कुलपति ने कहा कि जहां- जहां गंदगी है, उसको साफ करवाना है। सफेदी की जहां जरूरत है, वहां उसे करवाने के आदेश विश्वविद्यालय के इंजीनियर को दिया। विश्वविद्यालय खेल परिसर स्थित नागेंद्र झा स्टेडियम के जीर्णोद्धार हेतु एमएलसी सर्वेश कुमार द्वारा सवा करोड़ रुपए के अनुदान से जल्द ही काम शुरू होने की बात रखी। कड़ा रुख अख्तियार करते हुए डाटा सेंटर की गोपनीयता और परीक्षा विभाग द्वारा कंट्रोल रूम के मॉनिटरिंग के अनुपालन पर खास बल दिया, साथ ही डाटा सेंटर द्वारा त्रुटि दूर करने के लिए गंभीरतापूर्वक काम करने की सलाह दी। विश्वविद्यालय कुलानुशासक प्रो अजय नाथ झा, परीक्षा - नियंत्रक प्रो विनोद कुमार ओझा और अपने निजी सचिव मो. जमाल के साथ कुलपति ने एससी,एसटी सेल, स्थापना विभाग, परीक्षा विभाग का भी निरीक्षण किया। छात्र- छात्राओं के लिए बने परीक्षा काउंटर पर जाकर कुलपति ने सीधे विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। बेहद सख़्त होकर उन्होंने परीक्षा विभाग के कर्मचारियों को पेंडिंग संचिकाओं को लंबित रखने के लिए फटकार लगाया और त्वरित गति से काम करने के आदेश दिए। कुलपति द्वारा इस औचक निरीक्षण को निश्चित ही सकारात्मक बदलाव की दृष्टि से देखा जा रहा है।

पूर्व मंत्री पाठक ने बीमार चल रहे कार्यकर्ता से किया जयनगर मे मुलाकात

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर पूर्व मंत्री तथा बिहार प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष कृपानाथ पाठक ने जयनगर में प्रेस को संबोधित करते हुए स्मार्ट मीटर को लूट मीटर की संज्ञा देते हुए कहा कि यह आम बिजली उपभोक्ता ओ के आर्थिक शोषण का हथियार है। पूरे बिहार मे 2 करोड़ स्मार्ट मीटर की जरूरत है जिसमे 50 लाख लग चुके है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के अनुसार स्मार्ट मीटर लगने पर बिजली का बिल पहले से अधिक आता है। उन्होंने जम्मू कश्मीर व हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस की जीत को सुनिश्चित बताया। उन्होने कुछ दिनो से बीमार चल रहे पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामचन्द्र साह से मुलाकात की और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मौके पर कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो कार्यकारी अध्यक्ष नित्या नन्द झा, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अनुरंजन सिंह, नगर अध्यक्ष , गुड्डा साह, लोकहा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राम सुन्दर टरैत, जिला उपाध्यक्ष नवल ह्यकिशोर झा , कपिल देव साह समेत अन्य समर्थक उपस्थित थे।

मैथिली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने से सांस्कृतिक संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा : डॉ मुरारी मोहन

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा।केवटी विधायक डॉ०मुरारी मोहन झा ने शुक्रवार को देश के प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर अष्टम सूची में शामिल मैथिली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने की गुहार लगाया हैं । उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा की 6 सूची में शामिल 22 भाषाओं में से अब तक कुल 6 भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिल चुका हैं जबकि भारत एवं नेपाल के अधिकांश हिस्सों में बोली जाने वाली सुमधुर भाषा जो शास्त्रीय भाषा के रूप में अधिसूचित होने के लिए सभी निर्धारित शर्तों को पूरा करती हैं ।जिसकी उत्पति 14 वी शताब्दी में हुई थी जिनसे कई सारे भाषाओं का जन्म हुआ हैं उनको अभी तक शास्त्रीय भाषा का दर्जा नही मिल सका हैं ।2014 में भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा जो शास्त्रीय भाषा के लिए जो अहर्ता तय की गई थी की कोई भी भाषा को शास्त्रीय भाषा दर्जा तब मिलेगा जिसकी प्रारंभिक ग्रंथो का इतिहास 1500 -2000 वर्ष से अधिक पुराना हो जो मैथिली भाषा हैं ।मैथिली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने से सांस्कृतिक संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा , शिक्षा और अनुसंधान में वृद्धि होगी,शिक्षा सरकार और मीडिया क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे एवं भाषाओं वक्ताओं को पहचान और गर्व की भावना मिलेगी ।आगे उन्होंने मैथिली भाषा के साहित्यकार विद्यापति ठाकुर की रचनाएँ ,मैथिली भाषा के कई पारंपरिक गीत और कहानियों पर प्रकाश डालते हुए मैथिली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने का आग्रह किया हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री जी पर पूर्ण भरोसा जताते हुए कहा बहुत जल्द ही समस्त मिथिलावासी एवं मैथिली भाषी के सपना पूरा करेंगे प्रधानमंत्री।

अपराध के खिलाफ भाकपा करेंगी बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत भागीरथपुर में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की ओर से आगामी 6 अक्टूबर को अपराध के खिलाफ होने वाले विशाल प्रतिरोध सभा की तैयारी के लिए जूट मिल गेट संख्या 3 के परिसर में, भोला राय के नेतृत्व में एक आम कार्यकर्ता बैठक रखी गई। कार्यकताओं ने खुलकर अपराध के विरोध में नारा लगाया। जूट मिल के इलाके में अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है , कि समाज के शरीफ लोगों का जीना मुश्किल हो गया, इन दोनों लोग भयभीत हैं।इलाके के लोकप्रिय ग्रामीण डॉक्टर सुनील कुमार को गोली मारकर हत्या कर दी गई ।वहीं व्यवसाई संतोष राय के ऊपर गोली चलाकर जख्मी करके भय का माहौल कायम किया। स्थानीय प्रशासन मूक दर्शक बनी रही ।लगातार कुछ ना कुछ घटना हो रही है, लेकिन अपराधियो की गिरफ्तार करने में स्थानीय प्रशासन विफल रही है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लोकल कमेटी कल्याणपुर ने यह निर्णय लिया कि ,अपराध व अपराधी के विरुद्ध आम जनता को गोल बंद कर लड़ाई लड़ने की जरूरत है। इन तमाम मुद्दों को लेकर आगामी 6 अक्टूबर को जूट मिल गेट संख्या 3 के परिसर में एक विशाल प्रतिरोध सभा होने जा रहा है। सभी कार्यकताओं ने एक साथ गोल बंद होकर समाज के लोगों को गोल बंद करके अपराध व अपराधी के विरुद्ध लड़ाई लड़ने का ऐलान किया । ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुटकर प्रतिरोध सभा को सफल बनाने का आह्वान किया गया ।मौके पर पवन कुमार महतो ,प्रदीप झा ,राघवेंद्र यादव ,भोला राय ,पूर्व सरपंच के डी राम , पार्थो डे,वीरू शाह, संतोष कुमार राय ,पूर्व पंचायत समिति संजीव सहनी ,उमाशंकर यादव, मुन्ना पासवान ,पालन पासवान, मोहम्मद जहांगीर, आदित्य सहनी , जूटमिल नेता श्याम सहनी, मोहम्मद शमशेर आलम , सहित सैकड़ो कार्यकताओं ने सभा को संबोधित किया।

5 लीटर देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पांच लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान गोपालपुर गांव निवासी जीरो लाल सहनी के रूप में हुई है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष विकास केशव ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्रार्थमिक दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पटना साहिब स्टेशन पर चलाया सफाई अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी। पटना साहिब स्टेशन पर सफाई पखवारा के तहत सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके बाद स्टेशन प्रबंधक उपेंद्र कुमार, नितिन व्यास एवं अन्य के द्वारा स्टेशन परिसर में सफाई अभियान चलाया गया।

विभूतिपुर में गीदड़ का आतंक,दो दर्जन से अधिक लोगों को काट कर किया जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर गीदड़ के आतंक से विभूतिपुर में लोग काफी परेशान हैं। गुरुवार की संध्या महथी उतर पंचायत में गीदड़ ने एक के बाद एक लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों को काटकर जख्मी कर दिया। बताया जाता है कि महथी उतर वार्ड 10, वार्ड 14, वार्ड 7, वार्ड 8 के लोगों को निशाना बनाया। जहां मोनू कुमार सिंह, श्याम नंदन साही,राजन रजक, अनीता देवी, अर्जुन ठाकुर सहित लगभग दो दर्जन बूढ़े,जवान, बच्चे को गीदड़ ने काटकर जख्मी कर दिया। संध्या के समय जैसे जैसे अंधेरा शुरू हुआ गीदड़ का आतंक बढ़ता गया। अंधेरा होने के कारण गीदड़ एक के बाद एक हमला कर फरार हो गया।

सियाराम बाबू व सरल स्वभाव के व्यक्ति थे : पप्पू सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर(दरभंगा)। गौड़ाबौराम विधानसभा के किरतपुर प्रखंड अंतर्गत बघरस गांव निवासी व लगभग 23 साल तक बघरस पंचायत के मुखिया रहे सियाराम यादव का कोसी बांध टूटने की खबर सुनकर मन बेचैन हो गया, जिससे उनकी 90 साल की उम्र में दिल का दौरा आने से निधन हो गया। परिजन ने बताया कि उस रात पिताजी बाढ़ वाली जगह जाकर लोगों से मिले थे, लेकिन सुबह खबर सुनकर उनकी हालत बिगड़ गई। बिगड़ते हालात को देखकर डीएमसीएच पहुंचे, जहां अस्पताल में हीं उन्होंने दम तोड़ दिए। पूर्व मुखिया सियाराम यादव प्रतिष्ठित व्यक्ति थे। उनके निधन की खबर से पुरे प्रखंड में मातम छाया हुआ है। इसी बीच खबर सुनकर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह जी उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं प्रकट किया। उन्होंने इस दौरान रोते बिलखते शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। इस गमगीन मौके पर उन्होने कहा कि सियाराम बाबू बेबाक, सच्चे और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने आगे कहा कि उनसे मेरा व्यक्तिगत संबंध था, और हमें अपने बच्चे की तरह मानते थे। हमारी मुलाकात अक्सर होते करती थी, तो मुखिया जी हमे ईमानदारी, सच्चाई और परोपकारी के बारे में बताते थे। मुखिया जी सामाजिक एवं धार्मिक कार्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। निकट भविष्य में उनकी कमी की पूर्ति नहीं हो पाएगी। उन्होंने आत्मा की शांति के लिए दुर्गा माता से प्रार्थना किए, एवं परिजन को धैर्य धारण करने की सलाह दी। इस मौके पर पूर्व मुखिया विरेंद्र यादव, सुभाष चंद्र प्रसाद, प्रदीप यादव, बिपिन सिंह, अशेषर यादव, अमरेश कुमार आदि लोग मौजुद रहें।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव का जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी नगर भवन मधुबनी मे आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव का डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ने उपस्थित प्रतिभागियो को संबोधित करते हुए कहा कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव कला के विभिन्न विधाओ के प्रतिभाओं विशेषकर सुदूर क्षेत्रो में रहने वाले के लिए लिए एक अच्छा मंच है।उन्होंने कहा कि इसमें सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा जिससे वे अपनी कला का प्रदर्शन राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर कर सकते है।जिलाधिकारी ने कहा कि ।आज जब अधिकतर युवा मोबाइल के जंजाल में फंसकर नाहक अपना समय बर्बाद करते है, युवाओं के द्वारा शास्त्रीय संगीत शास्त्रीय नृत्य, लोक गीत, चित्रकारी वक्त्रिता जैसे विधाओं में भाग लेना जिले के भविष्य के लिए सुखद संकेत है। उन्होने जिले की महान लोक संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह धरती ही लोक संस्कृति की धरती है। मधुबनी में चित्रकला तो विश्वविख्यात है ही, यहा गायन और वादन की भी समृद्ध लोक परम्परा रही है। ऐसे में उन्होने उम्मीद जताई कि जिला स्तरीय युवा उत्सव से सभी विधाओं में योग्यतम प्रतिभागी चुने जाएंगे जो आगे चलकर राज्य और देश के स्तर पर जिले का नाम रौशन करेंगे।उन्होने आयोजन को सफलीभुत करने के लिए सभीअधिकारियो और कलाकारो को हार्दिक शुभकामनाएं भी दी और मधुबनी को प्रगति के सभी क्षेत्रो मे आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।बताते चले कि इस दौरान समूह गायन संगत कलाकार सहित 10 कलाकार समूह लोकनृत्य संगत कलाकार सहित 20 कलाकार एकांकी अधिकतम 12 कलाकार शास्त्रीय नृत्य कत्थक ओडिसी भरत नाट्यम मणिपुरी तथा कुच्चीपुड़ी राष्ट्रीय गायन एकल प्रस्तुति संगत कलाकार सहित 03 कलाकार शास्त्रीय वादन एकल प्रस्तुति सितार गिटार तबला बांसुरी वीणा मृदंग हारमोनियम वादन सुगम वक्तृता एकल प्रस्तुति हिन्दी या अंग्रेजी के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है।इसमें सफल प्रतिभागियो के चयन के लिए 12 सदस्यीय चयन समिति बनाई गई है। सभी चयनित सफल प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे।उक्त अवसर पर जिले के पदाधिकारियो में उप विकास आयुक्त दिपेश कुमार उप निर्देशक जनसम्पर्क परिमल कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी मो0 जावेद जिला खेल पदाधिकारी नीतीश कुमार एवं निर्वाचक मंडल में पंडित राम वृक्ष सिंह, रवि शंकर मिश्र, शिव नारायण मिश्र, नागेद्र कुमार गौड़, किरण वर्मा, पूनम कुमारी अग्रवाल, जटाधर पासवान, आशा देवी, उर्मिला देवी, विभा दास, डी पी कर्ण, रमन प्रसाद सिंह, ऋषि वशिष्ठ शामिल थे। मंच का संचालन डॉ. अभिषेक कुमार द्वारा किया गया।

संक्षिप्त खबरें

अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर पुलिस के द्वारा शुक्रवार को अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। संग्रामपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दिन के करीब दो बजे थाना अध्यक्ष तारकेश्वर कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध बालू के उत्खनन एवं परिवहन को लेकर की गई छापेमारी अभियान के तहत थाना क्षेत्र के पृथ्वीचक गांव के समीप अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त किया गया। पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक अपनी गाड़ी को खड़ी कर वहां से फरार हो गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि अवैध बालू के उत्खनन को लेकर छापेमारी के दौरान पृथ्वीचक गांव के समीप से एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। जब्त किए गए ट्रैक्टर एवं अवैध बालू के संबंध में अग्रसर कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी को सूचित कर दिया गया है।

निर्देशक ने कृषि फार्म का किया निरीक्षण

कल्याणपुर समसतीपुर कल्याणपुर कृषि फार्म का शुक्रवार को डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के शुगर केन के डायरेक्टर डॉक्टर देवेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया! निरीक्षण के दौरान उन्होंने कृषि फार्म के विभिन्न पर क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा बीज अनुसंधान को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया! मौके पर डॉक्टर पीके झा, डॉ ललित रानी, डॉ डी एन कामत सहित अन्य वैज्ञानिक गण कृषि फार्म के कर्मचारी मौजूद थे

मानव का अस्तित्व पशुओं के बिना अधूरा : प्रो. गौरी शंकर

पशु दिवस का उद्देश्य मानव में पशुओं के प्रति संवेदनशीलता और जन जागरूकता को बढ़ाना है

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः-विश्व पशु दिवस के अवसर पर केकेएम कॉलेज में मानव और दुनिया के लिए पशुओं का महत्व विषय पर एक परिचर्चा की गई जिसकी अध्यक्षता स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान ने की। अध्यक्षीय प्रबोधन में डॉ.गौरी शंकर पासवान ने कहा कि प्रत्येक साल 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पशुओं के प्रति जागरूकता फैलाना उनके अधिकारों की सुरक्षा तथा उनके कल्याण के लिए कार्य करना है। प्रकृति की विविधता भरी दुनिया में पशुओं के बिना मानव का अस्तित्व अधूरा है। इस दिवस का ध्येय यह संदेश देना भी है कि पशु केवल संसाधन नहीं हैं, बल्कि पृथ्वी के सहवासी हैं । उन्हें सम्मान के साथ रहने और जीने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि पशु अधिकारों को लेकर जागरूकता भी बड़ी है। कई संगठनों द्वारा पशु हिंसा और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई जाती रही है। उन्होंने कहा कि विश्व में पशुधन की आबादी के मामले में भारत शीर्ष स्थान पर है। 20 वीं पशु गणना 2019 के अनुसार भारत में पशुधन की संख्या 53.58 करोड़ है। गायों की संख्या 192.49 मिलियन, भैंसों की संख्या 109.85 मिलियन, तथा बकरियों की संख्या 148.88 मिलियन, भेड़ की संख्या 74.26 मिलियन हैं। बिहार में कुल पशुधन की आबादी 31.9 मिलियन है। विश्व का सबसे बड़ा पशु मेला बिहार के हरिहर क्षेत्र मेला है। आर्थिक दृष्टिकोण से पशुओं का खास महत्व है। पशु अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। डॉ देवेंद्र कुमार गोयल ने कहा कि विकास के क्षेत्र में पशुओं का भी महत्वपूर्ण भूमिका है। गाय का दूध अमृत तुल्य है तो, बकरी गरीबों का एटीएम है। प्रत्येक साल लाखों पशुओं का शिकार और तस्करी होता है। इसपर रोक लगना चाहिए। डॉ अजीत कुमार भारती ने कहा कि देश दुनिया में पशु पक्षियों का विशेष महत्व है। अधिकांश पशु किसानों और गरीबों के आय स्त्रोत के रूप में आर्थिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसलिए हर पशुओं का संरक्षण होना जरूरी है। डॉ अमोद कुमार सिंह ने कहा कि विश्व पशु दिवस हमें याद दिलाता है कि हाथी मेरा साथी जैसे अनेक साथी जानवर भी पृथ्वी पर हमारे साथ सामान्य रूप से जीवन जीने का अधिकार रखते हैं। अतः उनके संरक्षण के प्रति सरकार व एनजीओ को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उनके लिए एक ऐसी दुनिया बनानी होगीसी जहां वे स्वतंत्र और सुरक्षा के साथ सामान्य जीवन जी सके। प्रो कैलाश पण्डित ने कहा कि मनुष्य और प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। पशुधन की स्थिति भारत में महत्वपूर्ण है। पशु कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं। इसका महत्व सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक परिप्रेक्ष्य में भी अहम है। विश्व पशु दिवस की शुरूआत 1925 में जर्मनी के एक पर्यावरणविद हाइनरिक जिमर मैन ने की थी। 4 अक्टूबर को पर्यावरण विद् और पशु संरक्षक सेंट फ्रांसिस ऑफ असीसी का पर्व हर वर्ष मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में विश्व पशु दिवस मनाया जाता है। पशुधन आबादी के मामले में टॉप 10 देशों में क्रमशः भारत, ब्राजील, चीन, इथोपिया, सूडान, नाइजीरिया, इंडोनेशिया, पाकिस्तान और बांग्लादेश हैं। कार्यालय सहायक रवीश कुमार सिंह सुशील कुमार कृष्णागिरी बटेश्वर यादव शैलेश कुमार सिंह आदि शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

महाराजा अग्रसेन की 5148 वीं जयंती अग्रवाल पंचायत समिति द्वारा की गई आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] अग्रवाल समाज के अग्रदूत, कुल प्रवर्तक भगवान महाराजा अग्रसेन की 5148 वीं जयंती अग्रवाल पंचायत समिति द्वारा प्रखंड के मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्योवृद्ध समाजसेवी शंकर लाल अग्रवाल ने की। जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम पूज्य गणेश भगवान की पूजा से हुई। महाराजा अग्रसेन के तैलचित्र पर माल्यार्पण, तिलक आरती ब भोग लगाया गया। स्थानीय समाज के साथ एक गोष्ठी का भी कार्यक्रम समिति द्वारा निर्धारित था। जिसमे समाज बंधुओं ने समाज के उत्थान एवम अन्य बिंदुओं पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। महोत्सव में समिति के उपध्यक्ष संतोष झुनझुनवाला, महामंत्री प्रभाष बंका, वरिष्ठ सदस्य सीताराम पोद्दार, कैलाश अदूकिया, सुरेश अग्रवाल, विष्णु शर्मा, मोती सिंघानिया समेत समाज के गण्यमान्य सदस्य ने शिरकत की।उक्त जानकारी समिति के प्रवक्ता सह सामाजिक सांस्कृतिक मंत्री संजय बंका ने देते हुए बताया की गोष्ठी में वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलने का प्रण लिया गया ज्ञातव्य हो की अग्रसेन महाराज द्वारा अपने शासन काल में एक ईंट ओर एक रुपए की प्रथा चालू की गई थी जिसमे उनके राज्य अग्रोहा में बसने वाले नए परिवार को अग्रोहा के निवासी भेंट स्वरूप एक ईंट और एक रुपया देते थे जिससे बसने वाले नए परिवार को अपना मकान एवम अपने व्यापार करने में कोई दिक्कत नही होती थी।

मूल्यांकन : सभी विद्यालयों में चल रहे अर्द्धवार्षिक परीक्षा एवं कॉपी जांच के उपरांत परीक्षा का रिजल्ट आज किया जाएगा जारी

ई-शिक्षा पोर्टल पर अपलोड होगा 412764 लाख छात्रों का रिजल्ट

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। जिले के सभी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में पढ़नेवाले विद्याथियों के अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन के अंक ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे ।इसको लेकर राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् (एससीईआरटी) ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को निर्देश दिया है ।एससीईआरटी के आदेश के अनुसार इस साल 17 से 26 सितंबर के बीच हुई अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों को पाँच अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर देना है ।इसके लिए प्रधानाध्यापकों को डाटा की इंट्री ऑपरेटर द्वारा कराने को कहा गया है ।इसके लिए ऑपरेटर को प्रति इंट्री 15 पैसे दिए जाएंगे ।पत्र के अनुसार डाटा इंट्री के लिए सभी प्रारभिंक स्कूलों के प्रधानाध्यापक खुद या उनके द्वारा प्रतिनियुक्त प्रतिनिधि प्रखंड संसाधन केंद्र या सीआरसी में मौजूद रहेगे। इंट्री कार्य वे अपने लॉगइन आईडी के माध्यम से ही करेगे ।इसमें किसी भी तरह की अनियमितता होने पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी या स्कूलों के प्रधानाध्यापक को जिम्मेदार माना जाएगा। जिनकी परीक्षा छुटी वैसे बच्चों की सूची हो रही तैयार जिन छात्रों की परीक्षा छुटी है वैसे छात्रों के लिए फिर से परीक्षा का आयोजन होगा ।डीईओं राजेश कुमार ने कहा कि ऐसे बच्चों की सूची तैयार की जा रही है ।जिले के अलग-अलग प्रखंडो के किसी कारणवश से दर्जनों छात्रों की परीक्षा में शामिल नही हो पाये,वैसे छात्रों की परीक्षा छुटी है ।प्रश्न पत्र तैयार किया जा रहा है। इस माह में परीक्षा ले ली जाएगी।

कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आगामी 7 अक्टूबर को नाटक का आयोजन किया जाएगा : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । संस्कृति एवं युवा विभाग, पटना के निर्देश पर जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में आगामी 07 अक्टूबर को रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी नाटकों में से एक ह्यउर्वशीह्न का मंचन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पहली बार है जब मुंगेर जिले में इस तरह के नाटक का आयोजन हो रहा है। नाटक का मंचन कला जागरण, मुंगेर द्वारा किया जाएगा जिसमें 25 कलाकारों की सहभागिता होगी। कला एवं संस्कृति विभाग मुंगेर द्वारा इस नाटक का आयोजन आगामी 7 अक्टूबर को टाउन हाल मुंगेर में संध्या 5.30 बजे से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुती देना कला संस्कृति प्रेमियों को एक नई ऊर्जा देगा। साथ ही स्थानीय लोगों का भी मनोरंजन होगा।

तैयारी : हस्त नक्षत्र और एन्द्र योग में शारदीय नवरात्रि का हुआ प्रवेश, उपासकों के लिए मंगलकारक

दुर्गा पूजा पर्व के अवसर पर जुलूस के लिए लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य

- पूजा पंडालों में रखनी होगी अग्निशमन की व्यवस्था

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। शारदीय नवरात्रि यानी गुरुवार से प्रारंभ हो चुका है ।प्रखंड में पतसंडा पंचायत में माँ दुर्गा पुजा सह लक्ष्मी पूजा को लेकर पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूजा समितियां की ओर से हर एक तैयारी अंतिम चरण में है। इधर प्रशासनिक दिशा निर्देश के मुताबिक पूजा पंडालों के पास अग्निशामक यंत्र की व्यवस्था रखनी होगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय जमुई से जारी निर्देश के मुताबिक जिले में सभी दुर्गा पूजा समिति सदस्य दुर्गा पूजा पंडाल को मजबूती से बनाने एवं पूजा पंडाल के पास आग की रोकथाम के लिए कम-से-कम पांच बाल्टी में बालू,पांच बाल्टी में पानी एवं अग्निशामन यंत्र की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। कहा गया है कि आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दिए गए सभी निदेर्शों का पालन करना अनिवार्य है। इसके अलावे दुर्गा पूजा पर्व के अवसर पर जुलूस के लिए लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। एसपी ऑफिस से जारी निर्देश में कहा गया है कि बिना लाइसेंस वाले जुलूस को विधि-विरुद्ध मजमा माना जाता है एवं उक्त जुलूस में सम्मिलित सभी व्यक्ति,विशेष कर आयोजन दंड के भागी होंगे। सभी व्यक्तियों पर बीएनएस के तहत मुकदमा किया जाएगा। इसके अलावे कहा गया है की पूजा पंडाल बनाते समय ट्रैफिक का ध्यान रखते हुए पूजा पंडाल बनाया जाए ताकि यातायात बाधित न हो शारदीय नवरात्रि उपासकों के लिए मंगलकारक है गुरुवार से हस्त नक्षत्र में एन्द्र योग में शारदीय नवरात्रि का प्रवेश हो चुका है। जो उपासकों के लिए मंगलकारक है। शारदीय नवरात्रि प्रकाश डालते हुए पंडित तांत्रिक महेश्वर चरण महाराज ने बताया है कि हस्त नक्षत्र में एन्द्र योग में शारदीय नवरात्रि का प्रवेश हुआ है, यह समय उपासकों के लिए बहुत ही शुभ और मंगल कर्क है। लेकिन गुरुवार को नवरात्रि शुरू होने की वजह से भगवती माँ का आगमन पालकी पर हो रहा है और प्रस्थान मुर्गा से हो रहा है। वहां के दृष्टिकोण से यह शुभ संकेत नहीं है। गिद्धौर दुर्गा मंदिर में शाम को होती है भव्य आरती गिद्धौर के उलाय नदी दुर्गा मंदिर के दरबार में नवरात्रि की हर शाम को विशेष आरती की जाती है। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में महिलाएं बच्चे माँ के आरती में शामिल होने के लिए पहुंचते हैं और मां का भजन कीर्तन कर अपने जीवन को कृतार्थ करते हैं। बाजारों में सुबह से ही काफी भीड़ दिखी गिद्धौर बाजारों में सुबह से ही काफी भीड़ भाड़ दिखी। श्रद्धालु और भक्त मां की पूजा अर्चना के लिए प्रसाद फल और मिष्ठान की खरीदारी के साथ फूलों की भी खरीदारी करते देखे गए। इसको लेकर बाजारों में फूल,मिष्ठान और फलों की दुकानों पर काफी भीड़-भार दिखी। दुकानदार भी काफी खुश दिखे। दुकानदारों का कहना था कि हाल के कुछ दिनों से फलों का बाजार कुछ ठंडा पड़ा था,लेकिन शारदीय नवरात्रि की वजह से फलों की बिक्री में तेजी आई है।

प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा ने आयुक्त मुंगेर एवं जिलाधिकारी को सोपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर का एक प्रतिनिधिमंडल आयुक्त मुंगेर एवं जिलाधिकारी मुंगेर के नाम आवेदन देकर यह मांग किया है कि खड़गपुर प्रखंड के तेलीयाडीह पंचायत में जो जमीन अधिग्रहण की जा रही है वह स्थान छात्र-छात्राओं एवं उसके अभिभावकों की कठिनाइयों को देखते हुए प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर खारिज करती है तथा यह मांग करती है कि मुंगेर मुख्यालय के आसपास जमीन का शीघ्र चयन कर भूमि मालिकों से समझौता कर जमीन अधिग्रहण कर इसकी सूचना बिहार सरकार को दें। अगर आसपास में कृषि दर पर भूमि नहीं मिलती है तो पूर्व में जो 20 एकड़ जमीन बरियारपुर प्रखंड के रतनपुर पंचायत में मिला था उसी स्थल का चयन कर स्वीकृति के लिए राज सरकार को शीघ्र भेजें जिससे कि निर्माण कार्य शीघ्र किया जा सके। प्रतिनिधि मंडल में शामिल प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन, संरक्षक श्री नरेश सिंह यादव, सदस्य अशोक रजक, मोहम्मद कौसर फैयाज एवं मंटू कुमार यादव ने कहां की राज्य सरकार स्थानीय सांसद राजीव प्रसाद सिंह उर्फ ललन सिंह के दबाव में आकर जानबूझकर भूमि अधिग्रहण के कार्य को बाधित कर रही है। क्योंकि मुंगेर विश्वविद्यालय उद्घाटन के पूर्व माननीय सांसद नहीं चाहते थे कि मुंगेर में विश्वविद्यालय का निर्माण हो वे बेगूसराय या अन्य जिला मुख्यालय में विश्वविद्यालय की स्थापना करवाना चाहते थे। राज्य सरकार जहां जिला प्रशासन को पहले 120 एकड़ जमीन चिन्हित कर अधिग्रहण करने का आदेश दी थी वहीं अब मात्र 20 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने की बात कर रही है। जो मुंगेर विश्वविद्यालय भवन निर्माण के साथ अन्याय है। इसलिए मोर्चा आयुक्त मुंगेर एवं जिलाधिकारी मुंगेर से यह मांग करती है कि यथाशीघ्र भूमि चयन का कार्य मुंगेर मुख्यालय के इर्द-गिर्द कर भूमि अधिग्रहण का कार्य संपन्न कराएं। अन्यथा बाध्य होकर प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर सड़क से सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

विवेकानंद विद्यापीठ कांसेप्ट स्कूल के दो बच्चों ने राजस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में किया बेहतर प्रदर्शन, क्षेत्र का नाम किया रौशन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः- छठे परमानंद सिंह मेमोरियल शतरंज चैंपियनशिप लखीसराय में अलीगंज के विवेकानंद विद्यापीठ कॉन्सेप्ट स्कूल के दो बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया।,विवेकान्द विद्यापीठ कंसेप्ट स्कूल के प्राचार्य अभय मोहित ने बताया की प्रतियोगिता का आयोजन लखीसराय शतरंज संघ के तत्वाधान में छठे परमानंद सिंह स्मृति राज्यस्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन आवासीय रामकृष्ण विद्यालय लखीसराय किया गया।

शतरंज प्रतियोगिता के दौरान शह-मात का महाखेल के माहौल को रोमांचित कर रखा था.। नालंदा की महिला डॉक्टर किरण कुमारी, विद्यालय के संचालक राम बाबू, पूर्व वार्ड पार्षद सह लखीसराय जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष प्रकाश महतो, अखिल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त सचिव शिव प्रिय भारद्वाज के देख रेख में किया गया। यह खेल पांच चक्रों में खेला गया। जिसमें जमुई, बेगूसराय, नालंदा, खगड़िया, लखीसराय के 30 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खेल का अंतिम चक्र बहुत ही रोमांचक रहा। जिसमें विवेकानंद विद्या पीठ कांसेप्ट स्कूल के राजवीर कुमार 10 वां एवं शुभम कुमार 12 वां स्थान लाकर स्कूल सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया।वहीं बच्चों को पुरस्कार ट्रॉफी व सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर विदा किया गया,।इस सफलता पर विवेकानंद विद्यापीठ कॉन्सेप्ट स्कूल डायरेक्टर -कृष्णानंद प्रसाद प्रिंसिपल -अभय मोहित को -डायरेक्ट -राहुल कुमार शिक्षक- धर्मेंद्र कुमार चौधरी सदानंद कुमार कामदेव कुमार संगीता कुमारी रितिका कुमारी मधुरिमा कुमारी बबली कुमारी सोनम कुमारी पूनम कुमारी। सहित शिक्षक एवं समाजसेवियों ने बच्चे को शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना।

देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन का कई ज्वलंत मुद्दों पर की गई बैठक, ली गई निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन का बैठक अशोका बैंक्विट के सभागार में हुई, जिसकी अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। बैठक में बाढ के पूर्व, बाढ़ के दौरान, बाढ़ के बाद की सरकारी एवं प्रशासनिक तैयारी फिसड्डी, बाढ़ राहत, जमीन सर्वे, स्मार्ट मीटर, पेंशन तथा खगड़िया को बाढ़ प्रभावित अकाल क्षेत्र घोषित करने के सवाल पर विस्तृत गंभीर चर्चा किया गया। अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि जहां एक ओर सरकार एवं प्रशासन बाढ़ के पूर्व बाढ़, बाढ के दौरान, बाढ़ के बाद सारी तैयारी पूर्ण की अखबारी डपोरशंखी घोषणा करती है, वहीं उनकी तैयारी हर वर्ष की भांति फिसड्डी साबित हुई । बाढ़ पीडित प्रकृति के भरोसे जी रहे हैं। ऊपर से धूप और बारिश में सर छिपाने हेतु प्लास्टिक भी नसीब नहीं एवं नीचे पानी से जिंदगी नारकीय बन गई है। वहीं बाढ पीड़ित सर्पदंश से बेमौत मर रहे हैं। जमीनी विवाद उन्मूलन करने के नाम पर जमीन सर्वे की वर्तमान व्यवस्था जमीनी विवाद को और अधिक बढ़ाएगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर से आमजनों का आर्थिक दोहन होगा। इसे बहिष्कार करने की जरूरत है। वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन 4-5 सौ रुपए इस महंगाई में ऊंट के मुंह में जीरा का फोरन साबित होती है। श्री यादव ने खगड़िया को बाढ़ प्रभावित अकाल क्षेत्र घोषित करने, बाढ़ का स्थाई समाधान नदियों को अविरल बहने देने, जमीन सर्वे कार्य को त्वरित बंद करने, वर्तमान व्यवस्था में जमीन सर्वे करने के बजाय भूमि सुधार की व्यवस्था सच्चे अर्थों में करने, स्मार्ट मीटर लगाने पर जल्द रोक लगाने, नहीं लगाने की स्थिति में बिजली काटने एवं विद्युत आपूर्ति बंद करने जैसी तानाशाही कार्यवाही पर जल्द रोक लगाने, बृद्धा विधवा विकलांग पेंशन 6000 मासिक करने की मांग सरकार से किया है।

शारदीय नवरात्र पर भक्ति रस में डूबा तारापुर का चप्पा चप्पा

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः एवं ओम सर्वमंगल मांगल्यै शिवे सर्वार्थ साधिके शरणये त्रयंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते , के मंत्रोच्चारण से राधा गोविंद ठाकुरवाड़ी, मोहनगंज , उल्टानाथ महादेव ,धौनी, रणगांव, भगलपुरा , पियारपुर , पढ़भडा.बिहमा दुर्गा मंदिर सहित आसपास का क्षेत्र गूंजायमान हो रहा है ।मां देवी दुर्गा के श्रद्धालुगण अपने अपने घरों में कलश स्थापना कर दुर्गा पाठ करके अपने परिवार, समाज, प्रदेश सहित देश की तरक्की को लेकर भक्ति रस में रातों दिन सराबोर हैं ।नवरात्र के पहले दिन से ही देवी दुर्गा मंदिर के आसपास बजते भक्ति गीतों से संपूर्ण क्षेत्र भक्ति रस में डूब गया है ।गौरतलब है कि दुर्गा पूजा को लेकर नवरात्र के पहले दिन से ही बाजार सजने लगे हैं । बता दे कि अंग प्रदेश का ऐतिहासिक तांत्रिक शक्तिपीठ तिलडीहा दुर्गा मंदिर पर पहले ही दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु उत्तर वाहिनी गंगा सुल्तानगंज से जल उठाकर पैदल चलकर दुर्गा मंदिर पर जलाभिषेक किया । रात्रि 2:00 बजे के बाद से ही देवी दुर्गा मंदिर तिलडीहा जय मां दुर्गे के नारे से गूंज उठा । नवरात्र के पहले दिन से ही मुंगेर एवं बांका जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में रही । चप्पे चप्पे पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल के जवान तैनात थे । अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार ने नवरात्र के पहले दिनों से ही प्रतिनियुक्ति सभी मजिस्ट्रेट एवं अलग-अलग दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्षों के साथ लगातार संपर्क में है । दुगार्पूजा में मेला के दौरान किसी भी तरह की परेशानी को लेकर सूचना देने के लिए सुरक्षा की दृष्टि कौन से कंट्रोल रूम तारापुर थाना को बनाया गया है ।

फर्जी शिक्षकों को विद्यालय में योगदान कराने वाले दो एचएम पर विभागीय कार्रवाई हेतु नियोजन इकाई को लिखा पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर फर्जी शिक्षकों को विद्यालय में योगदान कराने वाले दो प्रधानाध्यापक पर विभागीय कार्रवाई के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना ने नियोजन इकाई के सचिव को पत्र देकर कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने को कहा है। जारी पत्र में कहा गया है कि अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन समस्तीपुर के नेतृत्व में फर्जी शिक्षक नियुक्ति से संबंधित जांच के क्रम में प्राथमिक विद्यालय पुरुषोत्तमपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप राम एवं प्राथमिक विद्यालय नवटोलिया वार्ड 01 के प्रभारी प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार टंडन द्वारा अवैध रूप से संबंधित शिक्षकों का विद्यालय में योगदान कराने के कारण इन पर नगर थाना समस्तीपुर में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए गिरफ्तार कर कारावास भेजने की सूचना प्राप्त है। इसलिए दोनों शिक्षकों पर तत्काल प्रभाव से विभागीय प्रावधानानुसार कार्रवाई करते हुए अघोहस्ताक्षरी को सूचित करना सुनिश्चित करेंगे। पत्र की प्रति कार्रवाई हेतु सचिव ग्राम पंचायत राज खास टभका दक्षिण और सचिव ग्राम पंचायत राज कल्याणपुर दक्षिण को दिया गया है।

वही आवश्यक कार्रवाई हेतु बीडीओ विभूतिपुर को भी प्रेषित किया गया है। विदित हो कि गत 27 सितंबर को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कृष्णदेव महतो ने आदर्श नगर थाना समस्तीपुर में एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसमें कहा गया है जिला पदाधिकारी के आदेश पर जारी पत्र के द्वारा अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन समस्तीपुर की अध्यक्षता में फर्जी शिक्षक नियुक्ति से संबंधित जांच कमेटी का गठन किया गया था।

इसी आलोक में विभूतिपुर प्रखंड के 18 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को जांच कार्य हेतु अपर समाहर्ता ने अपने कक्ष में बुलाया था। जांच के क्रम में निकहत परवीन फर्जी विद्यालय अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय पुरुषोत्तमपुर के संबंध में उक्त विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप राम से पूछताछ की गई। उनके द्वारा बताया गया कि उक्त विद्यालय अध्यापिका विगत दो वर्षों से मेरे विद्यालय में पदस्थापित है। जब इस संबंध में अपर समाहर्ता ने कड़ाई से पूछताछ की तब उनके द्वारा बताया गया कि परवेज नामक एक व्यक्ति 35 हजार रुपया लेकर निकहत परवीन का योगदान किया गया था। इसी क्रम में दिलीप राम द्वारा बताया गया कि परवेज नामक व्यक्ति के कहने पर संबंधित शिक्षिका का योगदान कराया गया। वो कार्यालय के बाहर खड़े हैं। तत्क्षण वहां उपस्थित सुरक्षा कर्मी द्वारा कार्यालय के बाहर से परवेज को कार्यालय प्रकोष्ठ में लाया गया। पूछताछ के क्रम में उसने स्वीकार किया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा दी गई वक्तव्य सही है। इसी क्रम में कार्यालय कर्मी द्वारा बताया गया कि जांच हेतु एक उपस्थित एक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा उक्त दोनों व्यक्तियों को बचाने हेतु आग्रह किया जा रहा है जिसका नाम अविनाश कुमार टंडन है। जो प्रभारी प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय नवटोलिया वार्ड 01 में है। जब टंडन को कार्यालय कक्ष में बुलाया गया तो परवेज द्वारा बताया गया कि टंडन को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं। तत्क्षण कार्यालय में उपस्थित सुरक्षा कर्मी द्वारा उन तीनों व्यक्ति को रोक लिया गया। प्राथमिकी में कहा गया है कि प्राथमिक विद्यालय नवटोलिया के प्रधानाध्यापक टंडन उक्त विद्यालय में भी फर्जी विद्यालय अध्यापकों के संबंध में जांच कार्य जारी है। चर्चा है कि प्राथमिक विद्यालय नवटोलिया में शिल्पी कुमारी, सुधांशु कुमार और कंचन कुमारी पर फिलहाल जांच जारी है। वहीं प्राथमिक विद्यालय पुरुषोत्तमपुर में निकहत परवीन और तनुजा कुमारी पर भी जांच जारी है।

दुर्गा पूजा के अवसर पर जिले की सभी जर्जर सड़कों को अगले 2 दिनों के अंदर बनाकर पूर्ण कर लें: आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । दुर्गा पूजा के अवसर पर जिले की सभी जर्जर सड़कों को अगले दो दिनों के अंदर बना कर पूर्ण कर लें। दो दिनों के अंदर यदि यह कार्य पूरा नहीं होता है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उक्त बातें गुरुवार को प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह ने आयुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक में कही। दुर्गा पूजा के दौरान सड़कों की जर्जर स्थिति को देखते हुए उक्त बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार देवव्रत, प्रभारी नगर आयुक्त कुमार अभिषेक, बूडको, आरसीडी, आरडब्ल्यूडी, पीएचईडी आदि विभाग के अभियंता आदि उपस्थित थे। आयुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व आज से प्रारंभ हो गया है, जो अगले दस दिनों तक चलेगा। ऐसी स्थिति में शहर के सड़कों की जो स्थिति है वह सही नहीं है। चुकी मुंगेर की दुर्गा पूजा एवं विसर्जन अत्यंत ही प्रसिद्ध है और इस अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। विसर्जन के दौरान सड़कों की जर्जर स्थिति से परेशानी उत्पन्न हो सकती है और विधि व्यवस्था संधारण में भी समस्या उत्पन्न हो सकती है। ऐसी स्थिति में सभी जर्जर सड़कों को आयुक्त ने दो दिनों के अंदर बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि विशेष कर बड़ी दुर्गा स्थान शादीपुर की सभी जर्जर सड़कों को शीघ्र बना लें। इसके आलावा पूरे दुर्गा पूजा के दौरान बुडको अथवा गैस पाइप लाइन बिछाने वाली एजेंसी सड़कों पर कोई भी गढ्ढा नहीं खोदेंगे और न ही उस कारण से सड़क अथवा पेय जलापूर्ति प्रभावित होनी चाहिए। पूरे पर्व के दौरान किसी भी प्रकार का कोई भी कार्य जनहित के लिए अवरुद्ध रखें तथा पर्व के बाद ही इसे प्रारंभ करें। उन्होंने सभी विभागों के अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी कार्य कर तो लेते हैं, परंतु उसके बाद सड़क की को स्थिति खराब होती है उसे जस की तस छोड़ देते हैं, जिससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस लिए आगे से ऐसा कार्य न करें अन्यथा संबंधित विभाग के पदाधिकारियों अथवा एजेंसी के कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

केबल फाल्ट के कारण 4 घंटे से अधिक खर्च कल फीडर बाधित

पटना सिटी (प्राकि)। दशहरा शुरू होने के बाद भी कभी रखरखाव, तो कभी अन्य फाल्ट के कारण बिजली लगातार बाधित हो रही है

सम्पादकीय

अगली सदी की गाथा और अर्थव्यवस्था पर प्रभुत्व के लिए भारत की कुंजी

पश्चिमी देशों ने नवाचार, बौद्धिक संपदा (आईपी) और तकनीकी प्रगति पर सदियों से अपना फोकस निरंतर बनाए रखने का लाभ उठाया है। अक्सर विनिर्माण और सेवा की तुलना में सृजन को महिमामंडित करके, इन देशों ने न केवल अपने आविष्कारों का आर्थिक लाभ प्राप्त किया है, बल्कि अपनी अवधारणाओं को वैश्विक स्तर पर निर्यात भी किया है। इन उपायों से वे आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हुए हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका ने इंटरनेट, फार्मास्यूटिकल और एयरोस्पेस जैसी विघटनकारी तकनीकों के माध्यम से उद्योग जगत को बदल दिया। इसके परिणामस्वरूप, उनके उत्पादों और सेवाओं की वैश्विक मांग पैदा हुई। इसी तरह, यूरोपीय देशों ने इंफ्रास्ट्रक्चर (जैसे- रेलमार्गों के आर्थिक लाभ), ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग और लक्जरी सामान जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व किया है, जहां नवाचार और बौद्धिक संपदा (आईपी) उनके वैश्विक प्रभुत्व के मूल में हैं। इसके विपरीत, भारत और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाओं ने ऐतिहासिक रूप से विनिर्माण और सेवाओं पर अपने विकास को टिकाया है। यह दोनों ही क्षेत्र मूल्य-संवर्धन के परिदृश्य में निचले स्थान पर हैं। यह दृष्टिकोण, औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी होने के बावजूद, नवाचार या आईपी सृजन को प्राथमिकता नहीं देता है। वास्तव में बौद्धिक संपदा आर्थिक लाभ उठाने योग्य है। यही कारण है कि ये देश उन्नत प्रौद्योगिकियों के निमार्ता बनने के बजाय उपभोक्ता बन गए हैं। हालांकि, चीन ने हाल के वर्षों में इस मॉडल को तोड़ दिया है। इसने नवाचार, बौद्धिक संपदा और तकनीकी प्लेटफार्मों में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। देश ने दूरसंचार, सोशल मीडिया और गेमिंग जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों का विकास किया है। हुआवेई, टिकटोक और टेंसेंट जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियां इसके उदाहरण हैं। इन प्रयासों ने चीन की घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। इतना ही नहीं, इसे एक मजबूत वैश्विक निर्यातक के रूप में स्थापित किया है, और इसे दुनिया भर के अमूल्य डेटा तक पहुंच प्रदान की है। दूसरी ओर, भारत ने एक अलग तीव्र प्रगति का अनुसरण किया। उत्पादीकरण और प्रौद्योगिकी निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, भारत संपर्क केंद्रों, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) और आईटी सेवाओं का पर्याय बन गया। इस स्थिति ने भारत को दुनिया का बैकरूम का नाम दिया। यह एक ऐसी भूमिका है, जिसने आर्थिक रूप से लाभकारी होने के बावजूद, नवाचार और उच्च-मूल्य प्रौद्योगिकी निर्माण के मामले में देश को पिछड़ा बना दिया। जबकि भारत ने सेवाएं प्रदान करने में उत्कृष्टता हासिल की, इसने अक्सर अन्य देशों के नवाचार और उत्पाद विकास से जुड़े प्रयासों का नेतृत्व करने के बजाय उनका समर्थन किया। हालांकि, पिछले दशक में भारत के वैश्विक रुख में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया है। भारत एक भू-राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरा है और इसने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी ताकत दिखाई है। कूटनीतिक रूप से, भारत ने वैश्विक मंच पर एक अधिक मुखर स्थिति अपनाई है, अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपनी स्वायत्तता बनाए रखते हुए प्रमुख शक्तियों के साथ रणनीतिक साझेदारी भी कायम की है। भू-राजनीतिक क्षेत्र में, भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत किया है और क्वाड जैसी पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, ताकि भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव का मुकाबला किया जा सके। व्यापार के मोर्चे पर, भारत ने व्यापार सौदों पर फिर से बातचीत की है और इसे खासकर कोविड-19 महामारी के कारण वैश्विक व्यवधानों के मद्देनजर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक महत्वपूर्ण हस्ती के रूप में देखा जा रहा है। यह नई मुखरता इस बात को निहित करती है कि भारत का क्रिएट इन इंडियाह्व पर वर्तमान ध्यान समयोचित और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्यों है। नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने और स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास का समर्थन करके, भारत आर्थिक रूप से और सॉफ्ट पावर के मामले में, अगली सदी पर प्रभुत्व कायम करने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। आर्थिक रूप से, सृजन पर ध्यान केंद्रित करने से भारत मूल्य श्रृंखला में ऊपर उठ सकेगा, अपनी बौद्धिक संपदा पर अधिक लाभ अर्जित कर सकेगा और विदेशी प्रौद्योगिकियों पर अपनी निर्भरता कम कर सकेगा। सॉफ्ट पावर के मामले में, मीडिया और मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में अग्रणी होने से भारत को विकृत पश्चिमी कथानकों पर लगातार प्रतिक्रिया करने के बजाय अपने खुद के कथानकों को आकार देने की सुविधा मिलेगी। जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया, आइए हम सब मिलकर क्रिएट इन इंडिया यानी भारत में सृजन करें आंदोलन शुरू करें। ऐसे में हर कोई इसके दूसरे और तीसरे क्रम के प्रभावों, खासकर कथानक-सुधार और हमारे सभ्यतागत विचारों को वैश्विक स्तर पर निर्यात करने पर पड़ने वाले प्रभाव को नहीं समझ पाया।

राजनीति के नये मुद्दे जलेबी,चूरमा और लड्डू

आप मानें या न मानें लेकिन हकीकत ये है कि कड़वाहट से भरे नेताओं को भी मिष्ठान प्रिय होते हैं,भले ही नेता मधुमेह के शिकार हों लेकिन मिष्ठान सामने आ जाये तो पीछे नहीं हटता। देश के पूर्व प्रधानमंत्री और ग्वालियर के सपूत अटल बिहारी वाजपेयी को बहादुरा के लड्डू और गुलाब जामुन प्रिय थे,हालांकि वे चाची के मंगौड़ों के भी मुरीद थे। जब तक अटल जी रोग शैय्या पर नहीं गए थे तब तक इन लड्डुओं और मंगौड़ों का सेवन करते रहे। वाजपेयी जी से मिलने वाले उनके रिश्तेदार हों या और कोई यदि उन्हें बहादुरा के लड्डू भेंट करते थे तो उनके मुखमंडल पर एक स्निग्ध मुस्कान तैरने लगती थी। पूर्व राष्ट्रपति डॉ शंकर दयाल शर्मा जलेबी के शौकीन थे। वे राष्ट्रपति भवन में आगंतुकों को भी जलेबी ही खिलते थे। हाल ही में तिरुपति के प्रसादम में मिलने वाले लड्डुओं के विवाद के बावजूद ग्वालियर में न बहादुर के लड्डुओं के प्रेमियों की संख्या कम हुई है और न लखनऊ में ठग्गू के लड्डुओं की। लड्डू है ही ऐसी मिठाई जिसे हर जाति और धर्म के लोग खाते हैं। लड्डू मेरे हिसाब से मिठाइयों का राजा है। कायदे से उसे अब तक राष्ट्रीय मिष्ठान घोषित कर देना चाहिए था। मुमकिन है कि महाराष्ट्र सरकार ने जैसे हाल ही में गाय को राज्य माता का दर्जा दिया है वैसे ही आने वाले दिनों में कोई लड्डू प्रेमी सरकार लड्डू को भी राज्य या राष्ट्र मिष्ठान का दर्जा दे दे। हमारे यहां दर्जा देना या पेरोल देना बहुत आसान काम है। हरियाणा विधानसभा के चुनाव प्रचार में गोहाना पहुंचे लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता और राहुल गांधी भी जलेबी नाम के एक मिष्ठान के मुरीद हो गए। गोहाना की चुनवाई सभा के मंच पर राहुल गांधी ने मातूराम हलवाई की जलेबी का स्वाद चखा। दीपेंद्र हुड्डा ने राहुल गांधी को अपने हाथों ये जलेबी खिलाई। राहुल को इसका स्वाद इतना पसंद आया कि उन्होंने एक डिब्बा अपनी बहन प्रियंका गांधी के लिए पैक करवा लिया। उन्होंने अपनी रैली में भी इस जलेबी का जिक्र किया। बता दें कि लाला मातूराम की जलेबी कोई सामान्य जलेबी नहीं है, इनका आकार सामान्य जलेबी से ज्यादा बड़ा है। एक जलेबी ढाई सौ ग्राम तक की होती है। जलेबी केवल हम भारतीयों को ही नहीं बल्कि भारत के बाहर तमाम इस्लामिक राष्ट्रों की जनता को भी प्रिय है। वे इसे हिन्दू मिठाई मानकर इसका तिरस्कार नहीं करते। जानकार बताते हैं कि जलेबी भारतीय उपमहाद्वीप व मध्यपूर्व की एक लोकप्रिय मिठाई है। यह किसी कर्ण कुंडल की तरह ऐसी रसभरी होती है कि आप इसे खाये बिना रह नहीं सकते। कोई इसे दूध में डालकर खाता है तो कोई रबड़ी डालकर। किसी को जलेबी दही के साथ खाना पसंद है लेकिन खाते सब है। कहीं जलेबी बहुत छोटे आकार की बनती है तो गोहाना में 250 ग्राम की एक। सागर में तो जलेबी में मावा भरा जाता है। स्वाद में मीठी और खमीर की वजह से हल्की सी खट्टी जलेबी की लोकप्रियता ऐसी है कि हमारे यहां सुंदर महिलाओं का नाम तक जलेबी बाई भी रखा जाता है। जलेबी की लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि हमारे यहां जलेबी बाई फिल्मी गीत भी है,बेव सीरीज भी है और कार्टून श्रंखला भी। जलेबी की धूम मैंने अपनी अनेक विदेश यात्राओं में भी देखी।

सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके

मनुष्य के आंतरिक दैवी गुणों पर कब्जा कर लिया है। इस महिषासुर के मायावी स्वरूप को समझकर उसके जाल से मुक्त होने के लिए शक्ति की पूजा करना आवश्यक है। इसलिए नवरात्र के नौ दिनों में शक्ति की आराधना करनी चाहिए । इस विजय का समारोह दशमी के दिन मनाया जाता है और इसे दशहरा कहा जाता है। नवरात्रि के दौरान अनाचार पर अंकुश लगाएं और त्योहार की पवित्रता बनाए रखें ! प्राचीन काल में, गर्भा नृत्य के दौरान, देवी (देवी) के गीत, कृष्ण-लीला और संतों की रचनाएँ ही गाई जाती थीं। आज ईश्वर की इस सामूहिक नृत्य आराधना ने विकृत रूप धारण कर लिया है। गरबा में अश्लील शारीरिक हरकतों और फिल्मी गानों की धुन पर नृत्य किया जाता है। देवी के पूजा स्थल पर तंबाकू खाना, शराब पीने और ध्वनि प्रदूषण के भी उदाहरण देखने को मिलते हैं। ये अनाचार हमारे धर्म और संस्कृति के लिए हानिकारक हैं । आज, इन्हें समाप्त करना धर्म का पालन करने का एक हिस्सा है । सनातन पिछले कुछ वर्षों से ऐसी कुप्रथाओं के विरुद्ध जनजागरण अभियान चला रहा है; आप भी इन अभियानों में भाग ले सकते हैं!

नवरात्रि व्रत का इतिहास, महत्त्व तथा शास्त्र !

शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोस्तुते ।।

अर्थः समस्त प्रकार का मंगल प्रदान करने वाली मंगलमयी कल्याण करने वाली, सब के मनोरथ को पूरा करने वाली, तुम्हीं शरण ग्रहण करने योग्य हो, तीन नेत्रों वाली यानी भूत, भविष्य और वर्तमान को प्रत्यक्ष देखने वाली हो, तुम्ही शिव पत्नी, तुम्ही नारायणी अर्थात भगवान के सभी स्वरूपों के साथ तुम्हीं जुडी हो, आप को नमस्कार है । इस एक श्लोक से श्री दुर्गा देवी के अतुलनीय गुणों की पहचान होती है। आदिशक्ति श्री दुर्गा देवी उन सभी का अवतार हैं जो जीवन को परिपूर्ण बनाती हैं। श्री दुर्गा देवी को जगत जननी कहा जाता है। जगत जननी हम सब की माता होने के नाते बच्चों की पुकार पर दौड़ पड़ती है। नवरात्रि श्री दुर्गा देवी का त्योहार है जो महिषासुर का वध करने के लिए अवतरित हुई थीं ! घटस्थापना नवरात्रि के प्रथम दिन की जाती है। नौ दिनों तक ब्रह्मांड के रूप में चमकने वाली नंदा दीप के माध्यम से श्री दुर्गा देवी की पूजा करके नवरात्रि उत्सव मनाया जाता है। इस साल नवरात्रि महोत्सव 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। नवरात्रि देवी का व्रत है और भारत भर में कई जगहों पर इस व्रत को कुलाचार के रूप में भी मनाया जाता है। इस व्रत में नौ दिनों तक भक्तिभाव से देवी की पूजा की जाती है। आज यह कई राज्यों में एक त्यौहार बन गया है। इस त्योहार में दिव्यता से हिंदुओं को लाभ होता है; हालाँकि, नवरात्रि महोत्सव की विकृत प्रकृति के कारण, दिव्यता का लाभ इससे कोसों दूर है; लेकिन इसकी पवित्रता में भी गिरावट आई है। इस पर्व के अनुचित स्वरूप को रोकना और इसकी पवित्रता बनाये रखना, यही समयानुसार धर्म का आचरण भी है! आइये इस लेख के माध्यम से जानते हैं नवरात्रि व्रत के पीछे का इतिहास, इस व्रत का महत्व और इसे मनाने के पीछे का विज्ञान। तिथि : आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से नवमी तक। इतिहास : इस व्रत को करने हेतु ऋषि नारद ने श्रीराम को कहा था, ताकि रावण का वध किया जा सके । इस व्रत के पूरा होने के बाद श्रीराम ने लंका पर आक्रमण किया और अंत में रावण का वध किया। देवी ने प्रतिपदा से नवमी तक नौ दिनों तक राक्षस महिषासुर से युद्ध किया और अंत में नवमी की रात को उसका वध कर दिया। तब से, उन्हें महिषासुर का संहार करने वाली देवी महिषासुरमर्दिनी के रूप में जाना जाने लगा। महत्व : जब भी तामसिक, राक्षसी और क्रूर लोग शक्तिशाली हो जाते हैं और सात्विक, धार्मिक मनुष्यों को कष्ट देने लगते हैं, तब देवी धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेती हैं। नवरात्र के दौरान, देवी तत्त्व सामान्य से एक हजार गुना अधिक सक्रिय होता है। इस सिद्धांत के अनुसार सर्वाधिक लाभ पाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को श्री दुर्गा देव्यै नमः का जाप अधिक से अधिक करना चाहिए। व्रत करने की विधि : कई परिवारों में यह व्रत पारिवारिक परंपरा के रूप में मनाया जाता है। यह व्रत आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से शुरू होता है । घर में एक पवित्र स्थान पर, एक वेदी (यज्ञ-गृह) का निर्माण किया जाता है और शेर पर बैठी आठ भुजाओं वाली देवी और नवार्ण यंत्र स्थापित किया जाता है। यंत्र के बगल में एक बर्तन (जिसे घट भी कहा जाता है) स्थापित किया जाता है और घट और देवी दोनों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के त्यौहार में परंपरा के अनुसार घटस्थापना और माला-बंधन का अनुष्ठान करना चाहिए। खेत से लाई गई रेत से दो अंगुल ऊंचाई के बराबर वगार्कार आधार तैयार करना चाहिए और उसमें (पांच या) सात प्रकार के अन्न मिला देना चाहिए। ये खाद्यान्न हैं जौ, गेहूं, तिल, मसूर, चना, राल और सावे (विशेष रूप से महाराष्ट्र में पाया जाने वाला खाद्यान्न)।मिट्टी या तांबे के बर्तन में जल, गंध, फूल, दूर्वा, अक्षत , सुपारी, पांच विशिष्ट पत्ते, पांच रत्न या सिक्के जैसे पदार्थ डालने चाहिए। सात अनाज और कलश (वरुण, वर्षा के देवता का प्रतीक) की स्थापना के लिए वैदिक मंत्रों का उच्चारण करना चाहिए, यदि वह नहीं जानते, तो पुराणों के मंत्रों का पाठ करना चाहिए। यदि कोई इन्हें भी नहीं जानता है, तो उसे कहना चाहिए कि अहम् (चढ़ाए गए पदार्थ का नाम लेकर) ह्यसमर्पयामिह्न (अर्पित करता हूं) और देवता के नाम का जप करता हूं। फूलों की माला इस प्रकार बांधनी चाहिए कि वह गमले के अंदर तक पहुंच जाए। लगातार नौ दिनों तक प्रतिदिन एक कुमारिका (कुंवारी) की पूजा की जाती है और उसे भोजन कराया जाता है। एक विवाहित महिला प्रकट शक्ति का प्रतीक है जबकि कुमारिका अव्यक्त शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। चूंकि एक विवाहित महिला में कुछ मात्रा में प्रकट शक्ति का उपयोग हो जाता है, इसलिए कुमारिका में कुल शक्ति एक विवाहित महिला की तुलना में अधिक होती है। नवरात्रि का त्यौहार अपनी वित्तीय क्षमता के अनुसार मनाया जाता है, जिसमें अखंड दीप-प्रज्वलन (लगातार दीपक जलाना), चंडीपाठ (देवी के छंदों का पाठ), ललिता-पूजा (देवी की अनुष्ठानिक पूजा) सहित विभिन्न कार्यक्रम सम्मिलित हैं। व्यक्ति को व्रत, अनुष्ठान के समय जागते रहना चाहिए । भले ही कोई भक्त उपवास कर रहा हो, उसे हमेशा की तरह देवी को नैवेद्य अर्पित९ करना चाहिए। इस अवधि के दौरान अच्छे आचरण के तहत दाढ़ी नहीं बनानी चाहिए, कठोर ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए, बिस्तर या गद्दे पर नहीं सोना चाहिए, गांव की सीमा पार नहीं करनी चाहिए और जूते नहीं पहनने चाहिए। देवी की मूर्ति के विसर्जन के दौरान, अंकुरित बीज उन्हें अर्पित किए जाते हैं। महिलाएं उन छोटे पौधों को देवी शाकंभरी के रूप में अपने सिर पर रखकर विसर्जन के लिए ले जाती हैं। अंत में स्थापित घट और देवी को बहते जल में विसर्जित कर देना चाहिए। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान जैसे कि नवरात्रि में, जब पूजा के रूप में लगातार दीपक जलाया जाता है, यदि वह हवा के कारण, तेल की कमी या अन्य कारणों से बुझ जाता है, तो उन कारणों को ठीक किया जाना चाहिए और दीपक को जलाना चाहिए। दीपक फिर से जलाए जाने के प्रायश्चित स्वरूप इष्टदेव के नाम का जप एक सौ आठ या एक हजार बार करना चाहिए। प्रार्थनाः देवी, हम शक्तिहीन हो गए हैं, सुख और कामुक सुखों से माया (महान भ्रम) से जुड़ गए हैं। हे माँ, हमारी शक्ति का स्रोत बनो। आपकी शक्ति से हम दुष्ट प्रवृत्तियों का नाश कर सकेंगे। घड़े में फूंक मारनाः अष्टमी के दिन महिलाएं देवी महालक्ष्मी की पूजा करती हैं और घड़े में फूंक मारती हैं। क्षेत्रीय विविधताएं : गुजरात में नवरात्र के दौरान मातृशक्ति के प्रतीक के रूप में दीप-गर्भ (कई छिद्रों वाले मिट्टी के बर्तन में रखा हुआ जलता हुआ दीपक) की पूजा की जाती है। महिला प्रजनन क्षमता को दशार्ने के लिए नौ दिनों के दौरान पूजा की जाने वाली दीप-गर्भ के कारण गहरे शब्द को हटाकर गरबा - गरभो -गरबो या गरबा शब्द प्रचलित हो गया। अर्थ : असुर शब्द की उत्पत्ति इस अर्थ से हुई है कि जो केवल जीवन का आनंद लेने और विषयों के भोग में ही लीन रहता है वह असुर (राक्षस) है। ऐसा महिषासुर प्रत्येक मानव हृदय में विद्यमान है।

नवरात्र में तीसरे दिन मां चन्द्रघंटा की होती है पूजा

आमतौर पर मान्यता है कि मां चन्द्रघंटा को दूध और खीर जैसे सफेद पकवान और शहद बहुत पसंद है। मां चन्द्रघंटा को ज्ञान की देवी और भक्तों को कल्याण करने वाली मां कहा गया है। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और संपन्नता देने वाली, हर समय दुष्टों का संहार करने वाली मां है। मान्यता है कि शुक्र ग्रह मां चन्द्रघंटा द्वारा शासित है। जो दुनिया का सभी सुख देती है और लोगों के जीवन को सहज बनाती है। मां चंद्रघंटा की कृपा जिस पर हो जाती है, उन लोगों का सभी धन और समृद्धि का रास्ता खुल जाता है और उनका जीवन शानदार हो जाता है।

जितेन्द्र कुमार सिन्हा,
लेखक

शारदीय नवरात्र को देवी दुर्गा के नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। यह पर्व प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाली नवरात्र नवशक्तियों से युक्त और प्रत्येक शक्ति का अपना अपना महत्व होता है। इस नौ दिन में मां दुर्गा का प्रत्येक रूप अद्भुत और अद्वितीय शक्ति से भरा रहता है। नवरात्र के पहले दो दिन देवी दुर्गा के शैलपुत्री और ब्रह्मचारिणी के रूपों की पूजा हो चुकी है। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप चन्द्रघंटा है। अब तीसरा दिन मां चन्द्रघंटा की पूजा होगी। शारदीय नवरात्र के तीसरा दिन मां चन्द्रघंटा की आराधना होती है। मां चन्द्रघंटा अपने माथे पर अर्ध-गोलाकार चंद्रमा पहनती है। उनके माथे पर अर्धचंद्र घंटी (घंटी) की तरह दिखता है और इसी वजह से उन्हें चंद्र-घण्टा के नाम से जाना जाता है। मां चन्द्रघंटा शक्ति के रूप में है। मां चन्द्रघंटा तीन नेत्रों और दस हाथों वाली है। मां अपनी चार बाएं हाथों में त्रिशूल, गदा, तलवार और कमंडल रखती हैं और पांचवें बाएं हाथ को वरद मुद्रा में। वहीं अपने चार दाहिने हाथों में कमल का फूल, तीर, धनुष और जप माला धारण करती है और पांचवें दाहिने हाथ को अभय मुद्रा में रखती है। मां चन्द्रघंटा बाघ पर सवार, कंठ में सफेद पुष्प के माला, शीश पर रत्न जड़ित मुकुट, मस्तक पर घंटे की आधा चंद्रमा विराजमान है। मां चंद्रघंटा का पसंदीदा फूल चमेली है। आमतौर पर मान्यता है कि मां चन्द्रघंटा को दूध और खीर जैसे सफेद पकवान और शहद बहुत पसंद है। मां चन्द्रघंटा को ज्ञान की देवी और भक्तों को कल्याण करने वाली मां कहा गया है। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और संपन्नता देने वाली, हर समय दुष्टों का संहार करने वाली मां है। मान्यता है कि शुक्र ग्रह मां चन्द्रघंटा द्वारा शासित है। जो दुनिया का सभी सुख देती है और लोगों के जीवन को सहज बनाती है। मां चंद्रघंटा की कृपा जिस पर हो जाती है, उन लोगों का सभी धन और समृद्धि का रास्ता खुल जाता है और उनका जीवन शानदार हो जाता है। उनके घर में कभी खाने पीने की कमी नहीं होती है। मां चन्द्रघंटा की पूजा करने से व्यक्ति के दिल से सभी तरह के भय दूर होती है और मां की कृपा से आशा और विश्वास जगती है। कहा जाता है कि मां चन्द्रघंटा के माथे पर चंद्रमा की घंटी की आवाज बुरी आत्माओं और सभी बुरी ऊजाओं को दूर करती है। इसलिए मां चंद्रघंटा की पूजा से घर की शुद्धता और नकारात्मक ऊर्जा दूर रखने में मदद मिलती है। जो लोग जीवन में उम्मीद खो चुके होते हैं और अपने पेशे या व्यवसाय में एक नई दिशा की तलाश कर रहे होते हैं, उनके लिए मां चंद्रघंटा की पूजा करने से उनके रास्ते में एक नई रोशनी आती है और अत्यधिक फायदा होता है। नवरात्र में भोजन के रूप में केवल गंगा जल और दूध का सेवन करना अति उत्तम माना जाता है, कागजी नींबू का भी प्रयोग किया जा सकता है। फलाहार पर रहना भी उत्तम माना जाता है। यदि फलाहार पर रहने में कठिनाई हो तो एक शाम अरवा भोजन में अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, और घी से बनी सब्जी का उपयोग किया जाता है। मां चन्द्रघंटा के इस मंत्र के साथ पूजा करना चाहिए :-

पिण्डज प्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैयुर्ता। प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघण्टेति विश्रुता ।।

महामंत्र

या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघंटा रूपेण संस्थिता।

नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ।।

बीज मंत्र

ऐं श्रीं शक्तयै नमः

मानवता का अवतार है डॉक्टर मनोज : निरंजन कुमार

निरंजन कुमार

मानवता का अवतार, एक ऐसा वाक्यांश है जिसे सुनते ही हमें उन लोगों की याद आती है, जो बिना किसी स्वार्थ के, अपने समाज और मानवता के लिए काम करते हैं। ऐसे ही एक व्यक्ति हैं बिहार के समस्तीपुर जिला के सुप्रसिद्ध डॉक्टर मनोज कुमार सिंह। उनका जीवन एक प्रेरणा है, जो यह साबित करता है कि सच्ची मानवता केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कार्यों में होती है। डॉक्टर मनोज का नाम सुनते ही एक मुस्कान चेहरे पर आ जाती है, क्योंकि उनकी पहचान हमेशा सकारात्मकता और सेवा के साथ जुड़ी हुई है। डॉक्टर मनोज का एक अनोखा गुण है, उनकी मुस्कुराहट। जब भी कोई मरीज उनके पास आता है, वे अपने चेहरे पर एक गर्म मुस्कान के साथ उनका स्वागत करते हैं। यह मुस्कान न केवल मरीजों को सुकून देती है, बल्कि उन्हें यह महसूस कराती है कि वे अकेले नहीं हैं। डॉक्टर मनोज का मानना है कि एक मुस्कान में एक बड़ी शक्ति होती है। यह न केवल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि सामाजिक संबंधों को भी मजबूत करती है। डॉक्टर मनोज ने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा जरूरतमंद लोगों के स्वास्थ्य के प्रति समर्पित किया है। उन्होंने कई निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किए हैं, जहाँ वे न केवल सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण करते हैं, बल्कि लोगों को विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक भी करते हैं। इन कैंपों का उद्देश्य केवल इलाज करना नहीं है, बल्कि लोगों को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना भी है। वे हमेशा कहते हैं, ह्लस्वास्थ्य केवल बीमारी का इलाज नहीं है, बल्कि इसे रोकना भी है। इन कैंपों में डॉक्टर मनोज न केवल सामान्य दवाएँ वितरित करते हैं, बल्कि पूरे विशेषज्ञ चिकित्सकों टीम के साथ मौजूद रहते है, ताकि लोग सभी प्रकार की स्वास्थ्य

समस्याओं का समाधान कर सकें। उनका यह प्रयास समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉक्टर मनोज केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में ही सक्रिय नहीं हैं, बल्कि वे पर्यावरण और शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देते हैं। वे मानते हैं कि एक स्वस्थ समाज के लिए एक स्वस्थ पर्यावरण और अच्छी शिक्षा का होना अनिवार्य है। उन्होंने कई अभियान चलाए हैं, जिनमें वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य शामिल है। उनका हर कार्यक्रम शिविर में उपस्थित लोगों पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताते हैं। वे लोगों को पौधों के प्रति संवेदनशील बनाने का कार्य करते हैं, ताकि वे भविष्य में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बन सकें। और पर्यावरण एवं जगह के अनुसार विभिन्न प्रकार के पौधा निःशुल्क वितरण करते हैं और वृक्षारोपण भी करते हैं। डॉक्टर मनोज का मानना है कि समाज सेवा में हर व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। वे हमेशा दूसरों को प्रेरित करते हैं कि वे भी समाज के प्रति जिम्मेदार बनें। उन्होंने कई सामाजिक संगठनों एवं जरूरतमंद लोगों को हमेशा सहयोग करते है। उनका यह प्रयास दिखाता है कि वे केवल एक डॉक्टर नहीं, बल्कि एक समाजसेवी भी हैं। डॉक्टर मनोज का समर्पण उनके कार्यों से स्पष्ट होता है। उन्होंने अपने जीवन में कई बाधाओं का सामना किया है, लेकिन वे कभी भी पीछे नहीं हटे। उनका लक्ष्य हमेशा से ही मानवता की सेवा करना रहा है। डॉक्टर मनोज का जीवन यह साबित करता है कि मानवता का अवतार केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक जीवन जीने का तरीका है। उनकी मुस्कुराहट, उनकी सेवा, और उनका समर्पण हमें यह सिखाता है कि हमें हमेशा दूसरों के लिए खड़ा रहना चाहिए। उनका यह संदेश हमें प्रेरित करता है कि हम भी अपने तरीके से समाज की सेवा करें और मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। डॉक्टर मनोज सच्चे अर्थों में मानवता के अवतार हैं। वे न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्टता का परिचायक हैं, बल्कि वे समाज के हर वर्ग के लिए एक प्रेरणा स्रोत भी हैं। उनका जीवन एक ऐसा उदाहरण है, जिसे देखकर हम सभी को अपने अंदर मानवता की भावना को जगाना चाहिए । डॉक्टर मनोज की तरह यदि हम भी समाज सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें और उन्हें निभाएँ, तो निश्चित ही हम एक स्वस्थ और खुशहाल समाज की ओर बढ़ सकते हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची खुशी और संतोष दूसरों की सेवा करने में ही है।

संक्षिप्त खबरें

एनआरएचएम डीएम ने किया समीक्षात्मक बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ह्लराष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत संचालित कार्यकमों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य संस्थानो में भवन निर्माण हेतु उपलब्ध भूमि की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिँह ने बताया की बीएमएस आईसीएल के अभियन्ता के द्वारा बताया गया कि 10 स्वास्थ्य संस्थानों का निविदा पूर्ण हो चुका है, लेकिन उनके भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक ठाकुर विश्वमोहन द्वारा बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिपराकोठी का नवनिर्मित भवन हस्तगत करा दिया गया है, परंतु अभी वहां विद्युत कनेक्शन नहीं दिया गया है।

जनता दरबार में कुल 107 आवेदन प्राप्त हुए

प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार, मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिलेभर के विभिन्न प्रखंडों से आए 107 आवेदनकताओं की समस्याओं पर सुनवाई की गई। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण, शैलेंद्र भारती ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा ।

स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, पंचायती राज विभाग, भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश आवेदन प्राप्त हुए, जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश एडीएम पीजीआरओ के द्वारा प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। कार्यक्रम में एडीएम आपदा प्रबंधन राजेश्वरी पांडे एवं जिलाधिकारी के विशेष कार्य पदाधिकारी अमरेश कुमार आदि थे।

जिलाधिकारी के जनता दरबार में 56 मामलों की हुई सुनवाई

कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान ,जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिया निर्देश

- जनता दरबार में आये लोग दिखे संतुष्ट

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 56 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें निर्वाचन कार्य, खेल, आपूर्ति, आइसीडीएसा, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। जिन लोगों द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया उनमें कुर्बान अंसारी, सुभाष साह, अलिराज आलम, सूर्य प्रसाद, अंकित कुमार, अनामिका श्रीवास्तव, बिगनी देवी, उषा कुमारी आदि के नाम शामिल हैं।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भूमि विवाद मामलों की संयुक्त सुनवाई की

छपरा।जिलाधिकारी सारण अमन समीर और पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई की.इस दौरान कुल 17 आवेदकों द्वारा प्राप्त भूमि विवाद मामलों में से 13 आवेदक उपस्थित थे, जिनकी शिकायतों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई.सुनवाई में संबंधित अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष भी शामिल हुए.जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों का त्वरित और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए.अधिकारियों को विशेष रूप से अविलंब कार्रवाई कर सभी मामलों का निष्पादन करने का आदेश दिया गया.इस बैठक का उद्देश्य जिले में चल रहे भूमि विवादों का जल्द से जल्द समाधान करना और शांति व्यवस्था को बनाए रखना था. जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन भूमि विवाद मामलों के निपटारे में पूर्ण सक्रियता और तत्परता दिखाएगा,ताकि लोगों को अनावश्यक समस्याओं का सामना न करना पड़े.पुलिस अधीक्षक ने भी संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद के मामलों में कानून व्यवस्था के प्रति सख्त निगरानी रखें और आपराधिक घटनाओं की संभावना को समाप्त करें.इस अवसर पर अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की भी उपस्थिति रही,जिनका उद्देश्य भूमि विवादों के प्रभावी समाधान के लिए समन्वित प्रयास करना था.

निपनिया में जलभरी के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई

प्रातः किरण संवाददाता

इसुआपुर । शारदीय नवरात्र के अवसर पर नवयुवक दुर्गा पूजा समिति निपनिया के बैनर तले जलभरी के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। साइको की संख्या में कुंवारी कन्याओं महिलाओं व पुरुषों श्रद्धालुओं ने निपनिया पोखर से जल भारी की। वहीं निपनिया मंदिर से पूरे गांव सहित सलेमपुर गांव की परिक्रमा करते हुए श्रद्धालु यज्ञस्थल दुर्गा मंदिर पहुंचे। जहां पं निरंजन चौबे, सुरेंद्र मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ की शुरूआत हुई। मुख्य यजमान में सुरेश सिंह कुशवाहा तथा उनकी धर्मपत्नी अनीता देवी थे। समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया सुरेश दास ने बताया कि तीन दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन किए गए हैं। वहीं प्रत्येक वर्ष की भांति दशमी को रावण दहन के कार्यक्रम को रखा गया है। जलभरी जुलूस का नेतृत्व पूर्व मुखिया सुरेश दास, ओम प्रकाश गुप्ता, रमेश सिंह कुशवाहा,उदय प्रसाद कुशवाहा, सत्येंद्र कुमार महतो, सुनील कुमार सोनी,राजदेव मांझी,बालेश्वर मांझी तथा अन्य कर रहे थे। वहीं इसुआपुर प्रखंड में इसुआपुर, सढ़वारा, नवादा, सहवां, उसूरी, शामकौरिया, मुरवां बाजारों सहित विभिन्न मंदिरों में कलशा स्थापना के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना शुरू हो गई है।

लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत सारण जिलाधिकारी ने 09 मामलों की सुनवाई की

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा।जिलाधिकारी अमन समीर ने शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की. इस दौरान कुल 09 मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें से 05 मामलों में अंतिम आदेश जारी कर दिया गया, जबकि शेष 04 मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली सुनवाई के लिए लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया. जिलाधिकारी ने कहा कि लोक शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यंत आवश्यक है. इसके लिए सभी लोक प्राधिकारों को तत्परता के साथ कार्य करना होगा.उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी अधिकारियों को इसके प्रति सजग संवेदनशील और सक्रिय रहना चाहिए. इस मौके पर जिलाधिकारी ने यह भी जोर दिया कि लोक शिकायतों के निवारण में किसी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित पदाधिकारियों को समयसीमा के भीतर शिकायतों का निवारण सुनिश्चित करना होग.इस सुनवाई में अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही,जिनका उद्देश्य जनहित से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान करना और जनता के विश्वास को बढ़ाना है.

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिका दिवस का होगा आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

मोतिहारी। जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल के दिए गए निदेश के आलोक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत दस दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन सभी परियोजना के बालिका विद्यालय में किया जा रहा है, इसके अंतर्गत रंगोली,पेंटिंग साइकिल रैली,दौर आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बेटियों को प्रोत्साहन हेतु पुरस्कृत किया ज जाएगा। लैंगिक भेदभाव खत्म करने हेतु प्रतिबद्ध पूरे जिले में 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

बेटियों की सुरक्षा शिक्षा आत्मनिर्भरता का संकल्प लिए जाने हेतु संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान भाग लेने वाले बेटियों को टोपी और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया जाएगा।

चांसलर कप प्रतियोगिता के लिए जयप्रकाश विश्वविद्यालय कबड्डी खिलाड़ियों का प्रशिक्षण हुआ प्रारम्भ

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा सदर। बताते चले कि आगामी 15 से 20 अक्टूबर को पटना में आयोजित होने वाली चांसलर कप कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जयप्रकाश विश्वविद्यालय की पुरुष व महिला कबड्डी टीमों का प्रशिक्षण शिविर स्थानीय खेल भवन में प्रारम्भ हो गया। प्रशिक्षण शिविर में विश्वविद्यालय के द्वारा 20-20 पुरुष व महिला खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। इनमे से 12-12 खिलाड़ियों का चयन प्रतीयोगिता में भाग लेने के लिए किया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिविर आगामी 14 अक्टूबर तक प्रतिदिन दोपहर 12 से 4 बजे तक चलेगा।इस अवसर पर विश्वविद्यालय क्रीड़ा समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रोफेसर महेंद्र सिंह, क्रीड़ा निदेशक प्रोफेसर राजेश नायक, बिहार कबड्डी संघ के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेशजी, सारण कबड्डी संघ के सचिव पंकजजी, दो राज्य प्रशिक्षक रोहित व ऋषिकेश, तथा रमेश उपस्थित थे।इस अवसर पर क्रीड़ा संघ के सदस्य प्रो महेंद्र सिंह ने खेल के प्रति समर्पित रहने, कठिन मेहनत करने व विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने हेतु खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया व अपनी शुभकामनाएं दी।

अमनौर में चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

छपरा, प्रातःकिरण। अमनौर थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक चोरी की बाइक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बताया कि अमनौर हाईस्कूल के पास मुख्य सड़क पर गश्ती टीम द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था.इस दौरान संदिग्ध मोटरसाईकिल सवार को रोककर पूछताछ कर करवाई की गई. गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान दिव्यांशु कुमार, पिता प्रेम किशोर सिंह, निवासी परौना, थाना तरैया, जिला सारण के रूप में हुई है. पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह और उसका साथी अनिकेत राज उर्फ सन्नी जो परौना गांव का ही निवासी है,मिलकर चोरी की गई मोटरसाईकिल का इस्तेमाल करते थे.मोटरसाईकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उसे चलाया जा रहा था.पुलिस ने चोरी की गई मोटरसाईकिल को बरामद कर लिया है और आरोपी दिव्यांशु कुमार के खिलाफ अमनौर थाना कांड संख्या 330/24 के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि उसका दोस्त अनिकेत राज भी इस चोरी में शामिल था और वे दोनों मिलकर इस तरह की गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे.गश्ती टीम में अमनौर थाना के थानाध्यक्ष मो. जफरूद्दीन ,पुलिस पदाधिकारी मनी कुमार और जनताबाजार थाना के अन्य कर्मी शामिल थे.

चित्रकला प्रतियोगिता में छात्राओं का प्रदर्शन रहा अव्वल

इसुआपुर , प्रातःकिरण। विश्व वन्यजीव सप्ताह 2024 के तहत पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वन प्रमंडल सारण के बैनर तले प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय अचितपुर के प्रांगण में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं का प्रदर्शन अव्वल रहा। प्रतियोगिता में वर्ग 6 की छात्रा नंदनी कुमारी को प्रथम, वर्ग 7 की लक्ष्मी कुमारी को द्वितीय तथा वर्ग 6 की करीना कुमारी को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी सारण रामसुंदर एम के निर्देश के आलोक में आयोजित इस कार्यक्रम में वन क्षेत्र पदाधिकारी मशरक प्रवीण कुमार गुप्ता, वन उप परिसर पदाधिकारी सुजीत कुमार व सूर्यभानु प्रकाश ने वन्यजीव के सुरक्षा के विषय में छात्र-छात्राओं को जानकारियां दी। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमप्काश गुप्ता, शिक्षिका सावित्री कमारी, जुली कुमारी, रिंकू कुमारी, कुसुम यादव तथा शिक्षक सुनील मांझी ने कार्यक्रम का संचालन किया। वहीं प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय में आए वन विभाग के अधिकारियों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया।

छपरा शहर में ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा के रूट निर्धारण को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त की बैठक

- सर्वे के आधार पर रूट निर्धारित कर मिलेगी ई-रिक्शा और ऑटो परिचालन की अनुमति
- आम जनता और स्टेकहोल्डर्स से मिले सुझावों के आधार पर दिया जाएगा अंतिम रूप: आयुक्त

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा।शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा के परिचालन हेतु अलग-अलग रूट निर्धारित किए जाएंगे. इसी सिलसिले में प्रमंडलीय आयुक्त गोपाल मीणा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिलाधिकारी अमन समीर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे.बैठक में जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि शहर में ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा के लिए विभिन्न रूट चिन्हित किए गए हैं. इसके साथ ही, ऑटो पड़ाव के संभावित स्थलों में गांधी चौक, दरोगा राय चौक, सरकारी बस स्टैंड, मेथवलिया चौक, और नवाजी टोला को प्राथमिकता दी गई है. आयुक्त गोपाल मीणा ने कहा कि सभी चिन्हित रूटों पर ट्रैफिक लोड का सर्वेक्षण और आकलन किया जाएगा, जिसके बाद आवश्यकतानुसार ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा के परिचालन की अनुमति दी जाएगी. प्रारंभिक तौर पर निर्धारित रूटों पर ई-रिक्शा और ऑटो के परिचालन की अनुमति दी जा सकती है, और इसके बाद आम जनता और अन्य स्टेकहोल्डर्स से सुझाव लेकर इसे अंतिम रूप दिया जाएगा.उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि कुछ प्रतिशत ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा को रिजर्व में रखकर उन्हें किसी भी रूट पर परिचालन करने की छूट दी जा सकती है. इसके अलावा, सभी ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा का नियमानुसार निबंधन अनिवार्य होगा, जिसके लिए दुर्गा पूजा के बाद विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी. बैठक में परमिट शर्तों और रूट का उल्लंघन करने वाले तथा बिना परमिट के संचालित बसों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.इस महत्वपूर्ण बैठक में उपविकास आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल, प्रभारी जिला परिवहन पदाधिकारी कमर आलम, और पुलिस उपाधीक्षक यातायात बसंती टुडू सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे.

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना का लाभ लेने के लिए 15 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के 11 वें चरण के लाभ के लिए अब भी आवेदन दिए जा सकते हैं, क्योंकि राज्य सरकार (परिवहन विभाग) ने समय अवधि बढ़ा दिया है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 24 सितंबर 2024 थी, अब इसे बढ़ाकर 15 अक्टूबर 2024 कर दिया गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी ललन प्रसाद ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत आवेदन केवल उन्हीं पंचायतों के लिए होंगे, जहां रिक्ति है। साथ ही जिस कोटि की रिक्ति उपलब्ध है, उसी कोटि के लिए आवेदन स्वीकार होंगे। पंचायतवार रिक्ति की विस्तृत जानकारी जिला परिवहन कार्यालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया और संबंधित प्रखंड कार्यालय में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्रति पंचायत सात योग्य लाभुकों का चयन किया जाना है। चार अनुसूचित जाति/जनजाति और तीन अत्यंत पिछड़ा वर्ग के सदस्य को वाहन की खरीद पर अनुदान का लाभ दिये जाने का प्रावधान है। ई-रिक्शा, ऑटो एवं एंबुलेंस की खरीद पर अनुदान की राशि वाहन के खरीद मूल्य का 50 प्रतिशत तक की राशि अथवा अधिकतम एक लाख रुपए होगी। एंबुलेंस के क्रय की स्थिति में अधिकतम दो लाख रुपए अनुदान दिए जायेंगे।उन्होंने बताया कि लाभुक की उम्र आवेदन की तिथि को 21 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए। एलएमभी की अनुज्ञप्ति होनी चाहिए। लाभुकों को सरकार सेवा में नियोजित नहीं होना चाहिए। लाभुक के पास पूर्व से कोई व्यावसायिक वाहन नहीं होना चाहिए। जिस पंचायत में आवेदन किया जाता है तो लाभुक को उसी पंचायत का निवासी होना चाहिए। परिवहन विभाग के वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन करना है।

दुर्गा पूजा पर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक

बगहा। शुक्रवार को दिन के 11:00 बजे दुर्गा पूजा 2024 के अवसर पर गौरव कुमार अनुमंडल पदाधिकारी बगहा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन अनुमंडल सभागार बगहा में किया गया जिसमें भूमि सुधार उप समाहर्ता, बगहा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बगहा कार्यपालक अभियंता विद्युत,कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बगहा,अंचल अधिकारी बगहा -01,प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा -01 और 2, थाना अध्यक्ष पटखौली थाना अध्यक्ष बगहा शांति समिति के सदस्य पूजा पंडाल आयोजक के साथ बैठक किया गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को निवेश दिया गया कि वे सभी पंडालों का अपने स्तर से भौतिक सत्यापन कर लेंगे की पंडाल के अंदर कोई भी नंगा विद्युत का तार ना रहे, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बगहा को निर्देश दिया गया कि वह अपने स्तर से नगर पालिका के विभिन्न क्षेत्रों में लाइट हेतु बल्ब की समुचित व्यवस्था करेंगे और सभी थाना अध्यक्ष को मेला के महिला पुलिस बल पंडाल के पास में विधि व्यवस्था संधारण करने हेतु ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करेंगे।

थीमेटिक प्रतियोगिता विज्ञान प्रदर्शनी मेला, जिसका विषय था विज्ञान और प्रौद्योगिकी, का हुआ आयोजन

छपरा कार्यालय, प्रातःकिरण। कला संस्कृति एवं युवा विभाग, नेहरू युवा केंद्र सारण छपरा, लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान छपरा के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक - 04.10.2024 को जिला युवा उत्सव 2024-25 के अंतर्गत थीमेटिक प्रतियोगिता विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। इसका विषय विज्ञान और प्रौद्योगिकी था। नवाचार एवं युवा कृति के अंतर्गत हस्तशिल्प, टेक्सटाइल, कृषि उत्पाद के विषय पर प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर परमेंद्र कुमार बाजपेई द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डॉ विभा भारती जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, इस कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र सारण छपरा सुश्री रश्मि शबनम गुप्ता, संस्था के डीन अकाडेमिक्स डॉक्टर अभिषेक शर्मा,असिस्टेंट प्रोफेसर एवं कार्यक्राम संयोजक अभिषेक कुमार पासवान, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं सहायक संयोजक श्रीमती सोनिया रोहिल्ला एवं आदि गणमान्य की उपस्थिति रही। इस विज्ञान प्रदर्शनी एवं शिल्प मेला के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए विजेता को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के विजेता के प्रथम स्थान पर आए विजेता को राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

पंचायत रोजगार सेवकों की मनमानी से प्रखंड के जनप्रतिनिधि परेशान

इसुआपुर , प्रातःकिरण। प्रखंड में पंचायत रोजगार सेवकों की मनमानी से जनप्रतिनिधि परेशान हैं। वहीं पंचायत का विकास बाधित हो रहा है। इस बाबत जयथर पंचायत के मुखिया राजीव रंजन सिंह उर्फ गुनू सिंह तथा जयथर पंचायत के ही बीडीसी सदस्या सह प्रखंड उप प्रमुख मुनी देवी ने भी अपने पंचायत सेवक के खिलाफ प्रोग्राम पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि पंचायत रोजगार सेवक की मनमानी से प्रखंड का काम बाधित है। वे पंचायत के हर कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। इसलिए उनका स्थानांतरण किसी और पंचायत में किया जाए। इस बाबत जब प्रोग्राम पदाधिकारी नीरज कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि प्रखंड में पंचायत रोजगार सेवक लगभग 3 साल से ज्यादा समय से रह रहे हैं। ऐसे में उन लोगों का पंचायत में अपना प्रभाव हो गया है। जिसके कारण कार्य बाधित हो रहा है। साथ ही कहा कि नियमतः तो उनका स्थानांतरण करने का अधिकार उन्हें नहीं है। लेकिन 3 वर्ष बीत जाने के बाद नियमतः उनका स्थानांतरण हो जाना चाहिए, जो अभी तक नहीं हुआ है।

विशेष सफाई को ले हरी झंडी दिखा वाहन को किया रवाना

छपरा , प्रातःकिरण। महापौर, उप महापौर एवं उप नगर आयुक्त द्वारा दुर्गा पूजा पंडाल में सफाई को लेकर पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में दो सफाई वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया कजिसमें शहर के जितने भी पंडाल का कचड़ा निकलेगा,उसका सफाई हेतु चलन्त वाहन सभी रुटो पर चलेगा ।

जिला अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्य जारी

प्रातः किरण संवाददाता

मोतिहारी। जिला आपदा प्रबंधन शाखा पूर्वी चम्पारण द्वारा बताया गया है कि पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका प्रखंड के गुरहनवा, तेलहरा कला एवं साथ ही केसरिया प्रखण्ड के ढेकहा, कढ़ान, पूर्वी सुंदरपुर, पश्चिमी सुंदरपुर, बैरिया तथा संग्रामपुर के डुमरिया, द. बड़ियरिया, द. भवानीपुर, पश्चिमी संग्रामपुर, पूर्वी संग्रामपुर, सुगौली प्रखण्ड के सुकुलपाकड़, नगर पंचायत, अरेराज प्रखण्ड के नवादा, सरैया, चटिया बड़हरवा, पिपरा, बंजरिया प्रखंड के फुलवार उतरी, सेमरा पंचायत आंशिक रूप से बाढ़ प्रभावित हो गया है। जल स्तर में कमी होने से इन क्षेत्रों की स्थिति में सुधार हुआ है और प्रशासन द्वारा त्वरित कारवाई से लोगों की आम जिंदगी पटरी पर लौट रही हैं! बाढ़ प्रभावित संग्रामपुर में वर्तमान में 3 सामुदायिक रसोई चलाई जा रही है जिनमें लगभग 1000 बाढ़ प्रभावित लोगों को सुबह शाम भोजन करवाया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के आवागमन के लिए अब 18 निःशुल्क नावों का परिचालन करवाया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित आबादी के बीच अब तक 10 हजार 725 पॉलीथिन शीट्स का वितरण करवाया गया है। साथ ही बाढ़ प्रभावित लोगो को 7297 पैकेट से अधिक सूखा राशन पैकेट का वितरण किया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कुल 18 चिकित्सा शिविर स्थापित किए गए है जिसमे अब तक 307 से अधिक मरीजों का उपचार किया गया है।

आज लगेगा युवा कलाकारों का महाकुंभ

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। बिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव की आज शुरूआत होगी। इस आयोजन में जिले भर के सैकड़ो युवा कलाकारों के जुटने की संभावना है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन बिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग के तत्वावधान में हो रहा है। इसके लिए 24 से 28 सितंबर से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। सभी लोगों के ऑडिशन की प्रक्रिया 1 अक्टूबर को पूरी कर ली गयी। शनिवार को इस कार्यक्रम की मुख्य प्रतियोगिता ऑडिटोरियम में आयोजित होगी।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में गायन, वादन, चित्रांकन, फोटोग्राफी, मूर्ति कला जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है। प्रदर्ष कलाओं में शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन जिसमें तबला और बांसुरी शामिल है। इसके अतिरिक्त हारमोनियम वादन शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, लोकगीत, समूह नृत्य जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित है। वही चाक्षुष कला में फोटोग्राफी, मूर्तिकला और चित्रकला की प्रतियोगिताएं शामिल है।

उन्होंने बताया कि इन सभी प्रतियोगिताओं के लिए अलग-अलग जज नियुक्त किए गये हैं, जो इन युवा कलाकारों के प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन लगभग 10 बजे जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के करकमलों से होगा। उन्होंने बताया कि हर प्रतियोगिता के विजेता को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा यहां से जीतने के बाद ये युवा कलाकार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे।

दुर्गा पूजा के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति मि बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। शुक्रवार को दिन के 11:00 बजे दुर्गा पूजा 2024 के अवसर पर गौरव कुमार अनुमंडल पदाधिकारी बगहा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन अनुमंडल सभागार बगहा में किया गया जिसमें भूमि सुधार उप समाहर्ता, बगहा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बगहा कार्यपालक अभियंता विद्युत,कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बगहा,अंचल अधिकारी बगहा -01,प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा -01 और 2, थाना अध्यक्ष पटखौली थाना अध्यक्ष बगहा शांति समिति के सदस्य पूजा पंडाल आयोजक के साथ बैठक किया गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को निवेश दिया गया कि वे सभी पंडालों का अपने स्तर से भौतिक सत्यापन कर लेंगे की पंडाल के अंदर कोई भी नंगा विद्युत का तार ना रहे, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बगहा को निर्देश दिया गया कि वह अपने स्तर से नगर पालिका के विभिन्न क्षेत्रों में लाइट हेतु बल्ब की समुचित व्यवस्था करेंगे और सभी थाना अध्यक्ष को मेला के अवसर पर महिला पुलिस बल पंडाल के पास में विधि व्यवस्था संधारण करने हेतु ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करेंगे। बगहा मीना बाजार जाने वाली सड़क को स्टेशन के पास से गुजरने वाली सड़क तक एवं मुंबई बाजार बगहा एक में रास्ता वन वे रहेगा। पंडाल आयोजन 20 -20 वोलेंटियर को पंडाल के इर्द-गिर्द में निश्चित पोशाक एवं पहचान पत्र के साथ रहेंगे जो मेला की भीड़भाड़ की देखरेख करेंगे।

मधुबनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का कायाकल्प टीम ने किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया। जिला स्वास्थ्य समिति के दिशा निर्देश के अनुसार कायाकल्प प्रमाणीकरण हेतु बगहा अनुमण्डलीय अस्पताल के अधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में जीएनएम पंकज कुमार और हॉस्पिटल मैनेजर अमरेश कुमार द्वारा आज शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुबनी का इंटरनल असेसमेंट कायाकल्प कार्यक्रम के तहत किया गया। मौके पर उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि कायाकल्प प्रमाणीकरण हेतु ओपीडी, प्रसव-कक्ष और लैब के साथ सफाई व्यवस्था का टीम के साथ अवलोकन किया जहां कई व्यवस्थाओं में अविलम्ब सुधार की बातें बताई गई, ताकि उक्त संस्थान को कायाकल्प पुरस्कार प्राप्त हो सकें। उन्होंने बताया की एस्सेसमेंट की गाइडलाइन के तहत जांच की रिपोर्ट जिले के पदाधिकारीयों को सौ

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में महिला की हुई मौत, एक घायल

प्रातः किरण संवाददाता

दुर्गावती कैमूर। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गावती बाजार में शुक्रवार की दोपहर अनियंत्रित पिकअप ने एक महिला सहित दो लोगों को रौंद दिया। वहीं इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आनन फानन मे स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गावती पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिया गया। इलाज के लिए ले जाते समय बीच रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। मृतका सावठ गांव निवासी कमलेश चौधरी की पत्नी रवीना देवी बताई गई है। जबकि घायल दूसरा व्यक्ति बिठवार गांव निवासी निर्गुल बिंद के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दुर्गावती पुलिस ने पिकअप को जप्त करते हुए सहचालक को गिरफ्तार कर लिया । वही पुलिस के द्वारा शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया।

बस-कार की टक्कर में दारोगा समेत चार जख्मी

प्रातः किरण संवाददाता

अकोढ़ीगोला (रोहतास) आयरकोठा-अकोढ़ीगोला मार्ग पर शुक्रवार को बस और कार की टक्कर में दारोगा सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में जीआरपी के एएस-ाआई समेत चार लोग शामिल हैं। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने सभी घायलों को बाहर निकाला, इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में सभी घायलों का इलाज चल रहा है। घायलों में एएसआई विजय कुमार सिंह, बेटा लक्ष्मण कुमार सिंह, पत्नी ऋतु देवी एवं चालक कृष्ण राम शामिल है। एएसआई विजय कुमार सिंह ने बताया कि वो परिवार के साथ पड़सर गांव में पूजा के लिए गए थे। सासाराम लौटने के क्रम में कोठा गांव के विपरीत दिशा से आ रही बस ने कार में सीधी टक्कर मार दी, जिससे सभी लोग घायल हो गए और कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।आयरकोठा थानाध्यक्ष कुसुम केसरी ने बताया कि घटना में एएसआई समेत चार लोग घायल हुए हैं। बस को जब्त कर लिया गया है। चालक घटना के बाद फरार है। घटनास्थल अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र में है, इसलिए मामला अकोढ़ी गोला थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

आचार्य डॉक्टर धर्मेंद्र ने भागवत कथा का किया प्रवचन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । उदवंतनगर के प्रखंड के कारीसाथ गांव में भागवत कथा का दूसरा दिन आचार्य डॉक्टर धर्मेंद्र द्वारा भागवत कथा का प्रवचन किया गया सबसे पहले भगवान की आरती,,महाकाली की आरती, भागवत की आरती किया गया सभी माताएं ,बहने भाइयों ने आरती में भाग लिया शहर के नामी डॉक्टर कृष्णानंद सिन्हा द्वारा भगवान की आरती की गई और हमारे आचार्य डॉक्टर धर्मेंद्र जी को माला पहनकर स्वागत किया उस समय डॉक्टर आचार्य ने मंदिर कमेटी के तरफ से डॉक्टर साहब को अंग वस्त्र और माला पहनाया उसके बादडॉक्टर साहब ने कहा कि यह गांव मेरा करी साथ गांव है क्योंकि मैं सबसे पहले यहीं पर पोस्टिंग आया था और हमने 10 साल यहां पर रहकर नौकरी किया है कोई भी फंक्शन हो गांव का मैं अवश्य ही आता हूं और हमेशा आता रहूंगा ।तन मन धन से मैं हमेशा सेवा कार्य करता रहता हूं भागवत कथा का शुरूआत 3:00 बजे हुआ एवं 6:00 बजे आरती के साथ में समापन किया गया आरती के समय पर राम लक्ष्मण भरत सत्रोहन हनुमान माता सीता सब का झांकी निकाली गई बहुत ही आनंद प्रिया उत्सव जैसा लग रहा था

महिंद्रा ने जीईओ इलेक्ट्रिक 4-एस्कर किया लांच

प्रातः किरण संवाददाता

पटना/हावड़ा। इलेक्ट्रिक स्मॉल कमर्शियल व्हीकल (एसस-ीवी) निमार्ता महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड ने गेम चेंजिंग इलेक्ट्रिक 4-व्हीलर एससीवी मि-हंद्रा जीईओ का अनावरण किया है। 7.52 लाख (एक्स-शोरूम) की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध जी-ईओ अपनी उन्नत तकनीक, बढ़ी हुई रेंज और पर्यावरणीय लाभों के साथ शहरी लॉजिस्टिक्स को नया रूप देने का वादा करता है। जीईओ में 160 किलोमीटर की वास्तविक ड्राइविंग रेंज है, जो एक फास्ट-चार्जिंग विकल्प द्वारा समर्थित है और केवल 60 मिनट में 100 किलोमीटर की रेंज प्रदान करता है। प्रदर्शन के मामले में जीईओ शहरी लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करता है, इसकी 765 किलोग्राम की बेहतरीन पेलोड क्षमता, 60 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति और फ्लीट ऑपरेटरों के लिए इसकी अभिनव निमो फ्लीट मैनेजमेंट सिस्टम है। एमएलएमएमएल की सीईओ सुमन मिश्रा ने कहा, हमें पूरा भरोसा है कि वाणिज्यिक क्षेत्र में बेहरत रहेगा।

संभावना आवासीय उच्च विद्यालय में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर किया गया अभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा।शहर के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित शांति स्मृति संभावना आवासीय उच्च विद्यालय में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर अभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह, निदेशक डॉ. कुमार द्विजेन्द्र द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। स्वागत प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि माताएं-बहनें अपने बच्चों को संस्कारवान बनाए। उन्हें महिलाओं के प्रति संवेदनशील बनाएं। तभी हम सफल समाज का निर्माण कर सकते हैं। समूह भोजपुरी देवी गीत आज माई हमार अंगना आव तारी.... विद्यालय की छात्रा अर्चना, वेदिका, कृतिका, प्रियांशी, सौम्या, सारिका, तपस्या, सुरुचि एवं राजनंदनी ने द्वारा प्रस्तुत कर दर्शकों को भक्ति से साराबोर कर दिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में (पक्ष) मुस्कान कुमारी, खुशी कुमारी, आराध्या सिंह, अनुराधा सिंह रही। वही (विपक्ष) में आलोक अतुल्य, शाम्भवी, रोमा ओझा, प्रियांशु कुमार रहें। कविता पाठ कक्षा नवम की छात्रा साक्षी राज ने पेश किया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्रा अश्विनी सिंह, दिया कुमारी, जाहन्वी सिंह, समृद्धि पाण्डेय ने भाग लिया। समूह नृत्य (डांडिया) बोल ओ आये तेरे भवन.....को विद्यालय की छात्रा श्रेया, रिद्धिमा सिंह, निशी कुमारी, आरती, ईशिका, आरूषि कुमारी, अराध्या सिंह, मिनाक्षी पाण्डेय, पलक सिंह, सृष्टि, वैष्णवी सिंह, उन्नति उपाध्याय, अन्नया केशरी, अर्पिता के-शरी ने पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षीय संबोधन निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने कहा कि हमारे बच्चे ने चार दिनो की मेहनत के बाद जो कला दिखाया। उसकी प्रशंसा जितनी की जाए, वह कम है। आज के युवा पीढ़ी नौ दिनो तक भक्ति भाव से पूजा करते हैं, लेकिन विसर्जन में भद्दी गाना बजाकर डांस करते हैं। मैं युवाओं से अपील करना चाहता हूं कि आप जिस तरह पूजा भक्ति भाव से करते हैं। उसी प्रकार विसर्जन भी भक्ति भाव से कर अपनी संस्कृति को बचाएं। विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र तथा प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने प्रतियोगिता में अव्वल छात्र -छात्राओ को संयुक्त रूप से मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मंच संचालन अरविन्द्र ओझा एवं धन्यवाद ज्ञापन उप-प्राचार्य ऋषिकेश ओझा ने किया। कविता पाठ में साक्षी राज को मिला प्रथम पुरस्कार ।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार सरकार के मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल का किया गया भव्य स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। बिहार के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष और बिहार सरकार के मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल जी और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद रॉय, बिहार सरकार के मंत्री सन्तोष सिंह,का भव्य स्वागत युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विशुद्ध बिभु जैन के नेतृत्व में कोईलवर के पास किया गया इसमें इसमें किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य और संदेश की युवा नेता राम दिनेश यादव , जिला महामंत्री पूनम कुशवाहा,कला संस्कृति मंच के संयोजक संजय सिंह,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता सिंह, अति पिछड़ा मोर्च ऋतुराज उपस्थित साथ में मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा, लव कुश पंडित, वीरेंद्र जी, यूवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष इशू प्रकाश, सौमित्र पाण्डेय, परशांत सिंह, नीरज सिंह, युवा मोर्चा के जिला प्रवक्ता राहुल सिंह विश्वजीत सिंह, राजीव सिंह, अरविंद यादव, प्रतीक चंद्रवंशी,कमल क्लब संयोजक बड़े सिंह बजरंगी, विक्रमादित्य सहा, विपिन विश्वास, सक्ति श्रीवास्तव, शकुंतला सिंह,सुरभी सिंह, सुशील केशरी, अभिमन्यु सिंह,भोला पंडित, सन्तोष सिंह, रवि पाण्डेय, उपेंद्र यादव, नारायण सिंह, नीरज यादव,महेश पासवान, और बहुत से कार्यकर्त्ता उपस्थित थे जिसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अरिहंत विजय जैन ने दी।

पुलिस ने लग्जरी वहान से भारी मात्रा में शराब किया जब्त

प्रातः किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) दावथ पुलिस ने गुरुवार की रात्रि थाना क्षेत्र के चतरा गांव के समीप फोरलेन हाईवे से एक वाहन के साथ 423 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया है।

थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि गुरुवार की संध्या गश्ती पर निकले एस-ाआई नितेश कुमार व मनोज कुमार एवं पुलिस बल के जवानों ने चतरा गांव के समीप एनएच फोरलेन पर संदेह के आधार पर एक महिंद्रा हेक वाहन को रोका तो वाहन चालक वाहन को छोड़ खेत के रास्ते भागने में सफल रहा। जब वाहन की जांच किया गया तो वाहन शराब के पेटियों से भरा पड़ा था। उसके बाद पुलिस पदाधिकारियों ने बिहार के नंबर वाहन को अंग्रेजी शराब के साथ जब्त कर थाने लाया गया। आगे बताया कि जब्त अंग्रेजी शराब में रॉयल चैलेंज अमेरिकन विस्की 750 एमएल का 8.6 लीटर, 08 पीएम 180 एमएल 45 कार्टून,08पीएम 180 एमएल 161 पीस कुल मात्रा 423 लीटर, जब्त शराब को लेकर अग्रिम करवाई किया जा रहा है।

जलभरी कलश यात्रा जुलूस में लोगों की उमड़ी भीड़

प्रातः किरण संवाददाता

नसरीगंज (रोहतास) नवरात्र की एकम को जल भरी के साथ दुगार्पूजा की शुरूआत कर दी गई। जलभरी में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड पड़े तथा भक्ति गीतों और दुर्गा माता के उदघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। विशेष कर कच्छवाँ गांव से निकाली गई। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। एक समय में कच्छवाँ बाजार के समीप करीब 10 हजार श्रद्धालुओं के भीड़ देखी गई। जो अब तक की सबसे ज्यादा भीड़ बताई जाती है।

झांकी में राम सीता की शादी और छठ पूजा की झांकी की प्रस्तुति की गई। जिसमें छात्र छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और लोक आस्था के महान पर्व छठ पूजा की विशेषताएं के बारे में झांकी निकाली गई। इस दौरान छात्र ,छात्रों ने छठ मैया का गीत भी गाया। कच्छवाँ क्षेत्र के इब्राहिमपुर, दनवार, कैथी, सवारी, ग्राम से जल भरी यात्रा शुरू होकर नहर के किनारे बाजार के समीप पहुंची और वहां से जल लेकर कलश यात्रा दुर्गा माता के मंडप तक पहुंच कर संपन्न हो गई। इस दौरान विधि व्यवस्था के लिए मौके पर थानाध्यक्ष मितेश कुमार अपने दल बल के साथ गुरुवार को सुबह से ही तैनात थे और शांतिपूर्वक जलभरी यात्रा को संपन्न कराया।

जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुई जमकर खूनी संघर्ष, कई लोग जख्मी

करगहर (रोहतास), प्रातः किरण। थाना क्षेत्र के निमडीहरा में गुरुवार को जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जबरदस्त मारपीट हुई। इस घटना में लाठी-डंडों का भी उपयोग किया गया, जिससे एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अधेड़ का नाम राजू यादव है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है ।मारपीट की इस घटना का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों पक्ष लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने खड़े हैं और अचानक मारपीट शुरू हो जाती है. इस दौरान चीख-पुकार मच जाती है, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ जाते हैं. राजू यादव के पिता ने बताया कि यह विवाद उनके पाटीदार से चल रहा था। उन्होंने कहा कि पहले तू-तू, मैं-मैं हुई और इसके बाद दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों का उपयोग किया गया ।इस घटना में राजू के अलावा चार अन्य लोग भी घायल हुए हैं। वहीं इस मामले में करगहर थाना अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही करगहर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पक्ष ने करगहर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अब आरोपियों की पहचान करने के प्रयास में जुटी हुई है। घटना ने क्षेत्र में तनाव पैदा कर दिया है और स्थानीय लोग इस गंभीरता को लेकर चिंतित हैं. पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाएं और कानून अपने हाथ में न लें। दूसरी तरफ देखा जाए तो बिहार में शुरू हुए जमीन सर्वे के बाद से ही लोगों में भूमि बटवारा विवाद शुरू हो गई है।

श्रम अधिकार दिवस पर एक दिवसीय ग्रामीण श्रमिक प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

आरा,, प्रातः किरण। धनुपरा में श्रम अधिकार दिवस के अवसर पर एक दिवसीय ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे श्रम संसाधन विभाग से श्रम अधीक्षक भोजपुर सुजीत कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गड़हनी अखिलेश कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी उदवंतनगर ज्योति कुमारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अगियांव सौरभ कुमार, आरा सदर, चरपोखारी, पीरो, कोईलवर और सहारा के सभी प्रखंड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी और सामाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर की सचिव कुमारी सुनिता सिंह तथा श्रमिक गण की उपस्थिति रही ।जिसमे श्रम संसाधन विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। श्रम संसाधन विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं अधिनियम जैसे बिहार भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, बिहार शताब्दी योजना, प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, बाल उन्मूलन एवं प्रतिषेद अधिनियम 1986 की जानकारी 14 प्रखंडो से आए 226 पंचायत के श्रमिको को प्रशिक्षण दिया गया।

मां सती पिअनियां गांव, अपनी अनूठी धार्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा के लिए जाना जाता है



प्रातः किरण संवाददाता

आरा:भोजपुर जिले के आरा शहर से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पिअनियां गांव, अपनी अनूठी धार्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा के लिए जाना जाता है। यहां, मां सती के एक विशेष रूप की पूजा 100 वर्षों से अधिक समय से की जा रही है, जो न केवल गांववालों के लिए एक आस्था का केन्द्र है, बल्कि एक अद्भुत सांस्कृतिक धरोहर भी है। ग्रामीणों का दृढ़ विश्वास है कि मां सती सीमा पर तैनात सैनिकों की रक्षा करती हैं, जिससे उन्हें हर कठिनाई का सामना करने का साहस मिलता है। हर विकट परिस्थिति मे भी मां गांव वालो के लिए सहारा बनती है ।गांव के वरिष्ठ नागरिक, विश्वनाथ सिंह, जो स्वयं एक रिटायर्ड सैनिक हैं, इस मंदिर और मां सती के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए वह बताते हैं कि 1914 में गांव के एक समान्नित किसान कपिल सिंह की शादी के तुरंत बाद अचानक मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी और पूरा गांव एक गहरे शोक में डूब गया। जब परिवार ने उनके पत्नी को समझाने का प्रयास किया कि जीवन को आगे बढ़ाना जरूरी है, फि र भी वह सम्पूर्ण सिंगार के साथ सती होने की तीव्र इच्छा से चिता पर बैठ गईं। गांव के लोग देखते रह गए और मां अपने पति के साथ इस सृष्टि से विलीन हो गई, इस स्तब्धकारी घटना के बाद, गांव में दहशत का माहौल था, बड़े स्तर पर अंग्रेजी सरक-ार द्वारा ग्रामीण लोगों की गिरफ्तारी हुई, तत्पश्चात गांव की महिलाओं ने मां सती की पूजा अर्चना शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप जेलर को रात में स्वप्न में मां सती का दर्शन हुआ। यही वह पल था जब गांववालों ने मां की कृपा के प्रति अपनी आस्था को और भी मजबूती से पकड़ लिया। समय के साथ, पिअनियां गांव के अनेक युवा आस्था के इस केंद्र से प्रभावित होकर भारतीय सेना के साथ साथ राज्य और देश के विभिन्न सेवाओं में भर्ती होकर देश में सेवा प्रदान कर रहे हैं और कई सामाजिक आंदोलनों का हिस्सा बने हैं।

शिवा सिंह सनी, गांव के एक युवा, बताते हैं कि मां सती पर गांववालों का विश्वास अटूट है। खासकर युवाओं के लिए, यह विश्वास एक प्रेरणा स्रोत का काम करता है। उनके अनुसार, सिपाही से लेकर लेखा अधिकारी, राज्य सेवा आयोग में और भी बहुत सारे विभाग में सेवारत सभी युवा यहां मां की कृपा से अपनी मेहनत और लगन से सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

एसीएमओ ने आरा सदर एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कारीसाथ का किया औचक निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

आरा ।एसीएमओ भोजपुर, डॉ के एन सिन्हा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आरा सदर एवं उदवंतनागर के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कारीसाथ का औचक निरीक्षण किया। यह आवश्यक निरीक्षण बाढ़ महामारी , कुष्ठ रोग खोजी अभियान, परिवार कल्याण पखवारा और फाइलेरिया हाइड्रोसील बीमारी के लिए किया गया। आरा ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला चिकित्सक डा रश्मि कुमारी आयुष चिकित्सा पदाधिकारी कार्यरत थी। केंद्र पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे! अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र , कारीसाथ में एक आयुष चिकित्सक होम्योपैथिक डॉ रंजीत कुमार उपस्थित थे। दूसरे डॉ दिनकर नहीं थे ।एक एलोपैथिक डॉक्टर निशांत जो यहां के प्रभारी भी है, विनोद नगर जो प्रभारी भी है , इनकी प्रतिनियुक्ति उदावंतनगर कर दिया गया है ।जिससे केंद्र का कई कार्य बाधित है ।ऐसा वहां के कर्मचारियों व जनता ने बताया। इस केंद्र की सुषमा जीएनएम को उपकेंद्र जैतपुर ,उदवंत नगर प्रतिनियुक्ति कर दिया गया है। एक लैब टेक्नीशियन मो. अशरफ का भी डेपुटेशन पीएचसी अगिआव है , जिससे केंद्र का कार्य बाधित है ।जनता और कर्मचारियों ने इसकी शिकायत की ।डॉ सिन्हा ने कहा कि इसे सुधार किया जाएगा। दोनों जगह डॉ सिन्हा ने सभी चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सुधार का निर्देश दिया। जिससे परिवार कल्याण, कुष्ठ खोजी अभियान, हाइड्रोसील की उपलब्धि में बढ़ोतरी हो। विदित हो कि 20 25 तक स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा बिहार राज्य से हाइड्रोसील बीमारी को समाप्त करने की घोषणा हुई है ।उसके तहत कार्य करना है। बाढ़ कम होने के बाद महामारी के खतरा को देखते हुए सतर्क रहने को कहा गया है ।और जल जमाव के जगह चुना और ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करने को कहा गया। हर तरह की बीमारी का समय से इलाज करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति सतर्क व प्रगतिशील रहने का निर्देश दिया गया।

सूर्यपुरा में पुलिस प्रशासन का हुआ फ्लैग मार्च

सूर्यपूरा (रोहतास), प्रातः किरण। दुर्गा पूजा के मद्देनजर विभिन्न पंडालों एवं पूजा समितियां तथा आम जनों के बीच शांति के माहौल का संदेश देने के उद्देश्य से प्रखंड के विभिन्न जगहों से निकाला गया फ्लैग मार्च। यह फ्लैग मार्च लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी त्रिलोकी कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सूर्यपुरा, अंचल अधिकारी गोल्डी कुमारी, थाना अध्यक्ष प्रिया कुमारी के नेतृत्व में निकाल गया जहां से आई विमलेश कुमार ,एस आईस बसंत कुमार,एस आई रोहित कुमार ,एस आई दीप प्रकाश ,एस आई अजय कुमार सिंह शामिल रहे। फ्लैग मार्च के उद्देश्य के बारे में पदाधिकारी के हवाले से बतलाया कि यह पर्व 9 दिनों तक चलने वाला है जिसमें अपार भीड़ रहती है ।इसलिए पर्व में किसी तरह का कोई व्यवधान न खड़ा हो ।इसलिए यह जरूरी है कि पुलिस प्रशासन अपने सेवा में तत्पर रहे ।वहीं उन्होंने आमजनों से कहा कि अशांति फैलाने वाले लोगों की कोई खैर नहीं। फ्लैग मार्च में पुलिस एवं प्रशासन कर्मियों के अलावे सभी पदाधिकारी दंडाधिकारी के रूप में शामिल हुए और दुर्गा पूजा के माहौल को शांतिपूर्वक संपन्न कराने का लोगों के बीच संदेश दिए।

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन आरण्य देवी मंदिर में उमड़ी रही भक्तों की भीड़

- संध्या समय महिला एवं युवतियों ने मां के मंदिर में जलाया दीप
- सप्तमी तिथि को माता का भव्य श्रृंगार भक्तों को दीदार करने का मिलेगा मौका

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन देवी दुर्गा के दूसरे स्वरूप के पूजा अर्चना की गई। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के दरबार में शुक्रवार की सुबह से ही श्रद्धालु-भक्तों ने पु-रे भक्तिभाव से माता का पूजन किया। प्रसाद स्वरूप नारियल चढ़ाया। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा है शाम 4 बजे से मंदिर परिसर में दीप जलाने के लिए महिला-पुरुष भक्तों की भीड़ उमडी रही। यह सिलसिला संध्या 8 बजे तक चलता रहा। दीप जलाने के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने में मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं स्टाफ काफी सक्रिय दिखे। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि की रात्रि माता का भव्य श्रृंगार होगा और मंदिर परिसर में सजावट की जाएगी। सजावट का कार्य कोलकाता के प्रसिद्ध फुल-श्रृंगार कारीगर की टीम द्वारा किया जाएगा। सप्तमी तिथि की मंगला आरती के बाद माता का भव्य श्रृंगार भक्तों को दीदार करने का मौका मिलेगा। सप्तमी तिथि से दशमी तिथि तक मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु भैरव बाबा के गली के रास्ते मंदिर में प्रवेश करेंगे। वही माता के मंदिर का मुख्य द्वार निकास द्वार के रूप में कार्य करेगा।

ट्रस्ट द्वारा वितरित किया गया प्रसाद

आरा। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां आरण्य देवी मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालु -भक्त के बीच मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान भक्तों के बीच बेसन से निर्मित बुंदिया व मुड़ी का वितरण किया गया।

दान व सहयोग देने के लिए भक्तों में मची रही होड

आरा। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां आरण्य देवी के भव्य मंदिर निर्माण को लेकर दान एवं सहयोग देने के लिए भक्तों में होड़ मची रही। नवरात्र में काफी संख्या में भक्तों ने दिल खोलकर दान दिया। दान देने के पश्चात लोगो ने कूपन व रसीद लिए। क्यूआर कोड तथा चेक के माध्यम से भी श्रद्धालु भक्तों ने माता के भव्य मंदिर निर्माण में सहयोग किया। शारदीय नवरात्र में मां आरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट को इस बार करीब 20 लाख से अधिक राशि प्राप्त होने के अनुमान है।

घोसियां खुर्द पंचायत में कचरा निस्तारण केंद्र का हुआ उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के घुसियां खुर्द पंचायत में एसडीएम बिक्रमगंज अनिल बसाक ने शुक्रवार को कचरा निस्तारण केंद्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान एक सभा आयोजित की गई ।जिसकी अध्यक्षता एवं संचालन मुखिया विनय प्रकाश चौधरी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत सरकार जब जनता के लिए इतना कुछ कर रही है तो आम जनता का भी कर्तव्य बनता है कि स्वक्षता के प्रति सजग र-हें। कचरा प्रबंधन में सहयोग करते हुए बिखरे हुए कचरा को एक निश्चित स्थान पर एकत्रित करें। इस जमा कचरा का प्रोसेसिंग किया जाएगा तथा जैविक खाद का निर्माण कराया जाएगा। इससे वातावरण स्वच्छ रहेगा। कहा कि गांव व समाज में एक संदेश जाना चाहिए कि कचरा यत्र-तत्र नहीं फेंके। अगर एक घर के लोग आसपास साफ रखेंगे और उनके पड़ोसी साफ नहीं रखेंगे तो संपूर्ण स्वच्छता के उद्देश्य की पूर्ति नहीं होगी। बीडीओ अमित प्रताप सिंह ने कहा कि कचरा यत्र-तत्र फेंकने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके कई दुष्प्रभाव होते हैं जो सीधे नहीं दिखते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि अपने घर के आगे और गांव को स्वच्छ रखें, सभी लोग घरों के आगे लगे डस्टबिन का ही प्रयोग करें। हमें कचरे को यत्र-तत्र फेंकने की आदत छोड़नी पड़ेगी। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार सिंह उर्फ लाली सिंह, बीपीआरओ सलोनी चतुवेर्दी, प्रखंड समन्वयक सत्यजीत कुमार, पंचायत सचिव राजेंद्र प्रसाद आदि थे।

सप्तमी तिथि से दशमी तिथि तक मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु भैरव बाबा के गली के रास्ते मंदिर में करेंगें प्रवेश

आरा, प्रातः किरण। शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन देवी दुर्गा के दूसरे स्वरूप के पूजा अर्चना की गई। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के दरबार में शुक्रवार की सुबह से ही श्रद्धालु-भक्तों ने पुरे भक्तिभाव से माता का पूजन किया। प्रसाद स्वरूप नारियल चढ़ाया। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा है शाम 4 बजे से मंदिर प-रसर में दीप जलाने के लिए महिला-पुरुष भक्तों की भीड़ उमडी रही। यह सिलसिला संध्या 8 बजे तक चलता रहा। दीप जलाने के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने में मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं स्टाफ काफी सक्रिय दिखे। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि की रात्रि माता का भव्य श्रृंगार होगा और मंदिर परिसर में सजावट की जाएगी। सजावट का कार्य कोलकाता के प्रसिद्ध फुल-श्रृंगार कारीगर की टीम द्वारा किया जाएगा। सप्तमी तिथि की मंगला आरती के बाद माता का भव्य श्रृंगार भक्तों को दीदार करने का मौका मिलेगा। सप्तमी तिथि से दशमी तिथि तक मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु भैरव बाबा के गली के रास्ते मंदिर में प्रवेश करेंगे। वही माता के मंदिर का मुख्य द्वार निकास द्वार के रूप में कार्य करेगा ।आरा। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां आरण्य देवी मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालु -भक्त के बीच मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान भक्तों के बीच बेसन से निर्मित बुंदिया व मुड़ी का वितरण किया गया। आरा। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां आरण्य देवी के भव्य मंदिर निर्माण को लेकर दान दिया ।

द्वितीय दिन राम जन्म रावण तपस्या मेघनाथ दिग्विजय और पृथ्वी पुकार का हुआ मंचन

- कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ विजय गुप्ता, विजय सिंह सुरेश सिंह, राम पुकार सिंह एवं संजय महासेठ के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया

प्रातः किरण संवाददाता

आरा भोजपुर। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर 13 दिवसीय रामलीला मंचन के दुसरे दिन रामलीला मैदान के मंच पर शुक्रवार को 400 वर्ष पुरानी नगर रामलीला समिति के द्वारा रामलीला का मंचन किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ विजय गुप्ता, विजय सिंह सुरेश सिंह, राम पुकार सिंह एवं संजय महासेठ के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर दुसरे दिन राम लीला समिति के कलाकारों ने राम जन्म, रावण तपस्या, मेघनाथ दिग्विजय और पृथ्वी पुकार की प्रस्तुति दी ।वहीं सैकड़ो संख्या में दर्शकों ने रामलीला का आनंद उठाया ।समिति के सदस्यों एवं अतिथियों के द्वारा प्रभु श्री राम की आरती की गई ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हकीम प्रसाद ने कहा कि प्रभु श्रीराम हमसभी के आदर्श थे ।रामलीला का मुख्य उद्देश्य घर-घर पर राम की जीवनी और उनके आदर्शों का ज्ञान फैलाना है ताकि आने वाली युवा पीढ़ी प्

संक्षिप्त खबरें

राम जन्म रावण तपस्या मेघनाथ दिग्विजय और पृथ्वी पुकार का हुआ मंचन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा भोजपुर। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर 13 दिवसीय रामलीला मंचन के दुसरे दिन रामलीला मैदान के मंच पर शुक्रवार को 400 वर्ष पुरानी नगर रामलीला समिति के द्वारा रामलीला का मंचन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ विजय गुप्ता, विजय सिंह सुरेश सिंह, राम पुकार सिंह एवं संजय महासेठ के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर दुसरे दिन राम लीला समिति के कलाकारों ने राम जन्म, रावण तपस्या, मेघनाथ दिग्विजय और पृथ्वी पुकार की प्रस्तुति दी।वहीं सैकड़ो संख्या में दर्शकों ने रामलीला का आनंद उठाया।समिति के सदस्यों एवं अतिथियों के द्वारा प्रभु श्री राम की आरती की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हकीम प्रसाद ने कहा कि प्रभु श्रीराम हमसभी के आदर्श थे।अध्यक्ष सोनू राय ने कहा की राम निर्भीक थे और उन्होंने अपने जीवन में सत्य के लिए हमेशा से ही डटकर सामना किया है, उन्होंने हर कार्य मयार्दा में रहकर किया है इसलिए उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम राम कहा जाता है।उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता ने कहा रामलीला मैदान में बैठे सभी दर्शक अपने-अपने बच्चों को राम की लीला के बारे में बताएं और उन्हें उनके जीवन में सफल होने का मंत्र दें ताकि सनातन का झंडा सदैव ऊंचा रहे।मंच संचालन अधिवक्ता दिलीप गुप्ता ने किया।

स्वच्छता पखवाड़ा में पर्यावरण पर हुआ सेमिनार

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर के महाप्रबंधक सम्मेलन कक्ष में आज दिनांक 04.10.2024 को अपर महाप्रबधक श्री अमरेन्द्र कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, श्री सुरेश कुमार पासवान की अध्यक्षता में पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था विभाग, हाजीपुर के द्वारा पर्यावरणीय स्थिरता पर सेमिनार का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी तथा सभी मंडलों के पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था विभाग के अधिकारी तथा प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे ।

अतिथि वक्ता के रूप में बिहार प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक श्री नलिनी मोहन सिंह तथा सिपेट (सेंट्रल इंस्टीच्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी) हाजीपुर के निदेशक श्री संजय चौधरी ने क्रमशः प्रजेंटेशन द्वारा संबंधित विषय तथा कचरा प्रबंधन संबंधित भारत सरकार द्वारा बनाये गये नियमों पर उपस्थित लोगों का ज्ञानवर्द्धन किया ।अपर महाप्रबंधक द्वारा पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था विभाग, हाजीपुर द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसे आगे जारी रखने हेतु निर्देशित किया । प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री सुरेश कुमार पासवान ने कचरा प्रबंधन के संबंध में सिंगापुर मॉडल का उदाहरण दिया जिसमें कचरे के निष्पादन से ऊर्जा उत्पन्न होने के साथ-साथ बचे अवशिश्ट को सड़क निर्माण हेतु उपयोग किया जाता है । अंत में उन्होंने अपर महाप्रबंधक महोदय एवं आमंत्रित अतिथिवक्ताओं को वैशाली स्मृति चिन्ह भेंट कर कार्याक्रम का समापन किया।

ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने किया मौलाना मजहरूल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय का किया दौरा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। ईरान कल्चर हाउस के निदेशक कहरमन सुलेमानी और ईरान से डॉ. फरीदुद्दीन फरीद अस्त्र के नेतृत्व में एक ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने मौलाना मजहरुल हक अरबी और फारसी विश्वविद्यालय, पटना का दौरा किया और प्रोफेसर मोहम्मद आलमगीर, माननीय कुलपति के साथ कुछ महत्वपूर्ण बातचीत की।

इस विशिष्ट मुलाकात के दौरान प्रतिनिधियों ने अपने पूर्ण अवलोकन के बाद विभागों के माध्यम से अरबी और फारसी भाषा के उत्थान के संबंध में उत्कृष्टता की खोज में अच्छी प्रथाओं के लिए विश्वविद्यालय की प्रशंसा की। प्रतिनिधिमंडल ने विद्वानों के लिए कुछ लाभकारी योजनाओं की भी पेशकश की ताकि वे कुछ सांस्कृतिक और शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से ईरान का दौरा कर सकें।

माननीय कुलपति प्रोफेसर मोहम्मद आलमगीर ने बिहार में विद्वतापूर्ण प्रथाओं को बढ़ावा देने के अपने प्रयास में प्रतिनिधिमंडल को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरे में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के फारसी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर कलीम असगर, ईरान कल्चर हाउस से बकर मेहदी और बिलाल असदक भी शामिल रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से कर्नल कामेश कुमार (रजिस्ट्रार, एमएमएचएपीयू) एस के सिन्हा (वित्तीय सलाहकार, एमएमएचएपीयू), इनाम जफर (विकास अधिकारी), फारसी और अन्य विभागों के शिक्षक और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

डीएम ने जमीन के अधिक मामले पर अंचलाधिकारी अपर समाहर्ता को निर्देश दिया कि विस्तार से करें जांच

प्रातः किरण संवाददाता

गया। शुक्रवार को जनता दरबार स्थगित रहने के बाबजूद भी जिला पदाधिकारी का जनता दरबार मे जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने उपस्थित लगभग 200 व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास , मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया गया है।कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए हैं। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए हैं।

जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें।

इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। इसके साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम सात दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी, पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे। कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिसपर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें। जमीन से संबंधित आये मामलों में डीएम ने सभी अंचलाधिकारी को कहा कि ये आम जनता ज्यादातर गाँव के ही होते हैं और किसान होते है।इन्हें सरकारी कागजी प्रक्रिया के बारे में हर तरह से मदद करे। जरूरत पड़े तो ग्रामीणों की जो उनकी समस्या है। उसके आलोक में उन्हें आवेदन लिखवाने में मदद करे, किसी को बेवजह दौड़ना न पड़े इसका पूरा ख्याल रखें।

दुर्गा पूजा को लेकर डीएम-एसपी ने जन प्रतिनिधियों के साथ किया बैठक

दिए कई अहम निर्देश रावण वध स्थल का किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी।प्रखंड कार्यालय सभागार मे दुर्गा पूजा को लेकर शान्ति समिति की बैठक गया जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम एसएसपी आशीष भारती के अध्यक्षता में शहर वासियों एवं जनप्रतिनिधियों अधिकारियों के साथ बैठक किया.

बैठक मे शहरवासियों ने कहा की शेरघाटी थाना के समीप, नया बाजार आदि जगहों पर जाम की समस्या बनी हुई व घंटो लोग जाम मे फंसे रहते है जाम की समस्या से निजात दिलवाने के लिए जिलाधिकारी ने संबधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की तत्काल जाम की समस्या को दूर किया जाए ।

जिलाधिकारी और एसएसपी ने रंगलाल हाई स्कूल खेल परिसर में होने वाले रावण वध कार्यक्रम का स्थलीय निरीक्षण किया,और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया, एसएसपी आशीष भारती ने विधि व्यवस्था को लेकर सभी पुलिस पदाधिकारियो को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था बहाल करने के लिए निर्देश दिए. बैठक मे शेरघाटी एसडीओ सारा अशरफ, एएसपी शैलेन्द्र सिंह, इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार, डोभी एसडीपीओ समेत अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष अंचलाधिकारी समेत शान्ति समिति के सदस्य भी मौजूद थे ।

डीएम ने दुर्गा पूजा पंडाल का किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। आगामी दुर्गा पूजा को लेकर जिला पदाधिकारी कुमार गौरव के द्वारा जिले के कई अलग-अलग जगह पर बने पूजा पंडाल का निरीक्षण किया गया ।इस दौरान पूजा समिति को निर्देश दिया गया की सुरक्षा के दृष्टिकोण विद्युत से शॉर्ट सर्किट रोकने को लेकर साथ ही अन्य सुरक्षा के व्यापक इंतजाम सख्त रूप से किया जाए इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथी सभी पूजा समिति को निर्देशित किया गया कि शांतिपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ है आपसी सौहार्द दशहरा दुर्गा पूजा मनाएं, उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन भी दुर्गा पूजा को लेकर अलर्ट है और पैनी नजर बनाए है । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील सदर थाना अध्यक्ष मोहम्मद साबिर आलम अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी सुषमा कार्यपालक पदाधिकारी जगन्नाथ यादव सहित कई अधिकारी उपस्थित थे

जनता दरबार में 40 परिवादियों का सुना गया फरियाद

प्रातः किरण संवाददात

अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव के निदेशानुसार अपर समहर्ता डॉ० अनुपमा कुमारी द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में 40 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, अनियमितता, मनरेगा, अतिक्रमण, मापी, मजदूरी, आवास योजना, राशन कार्ड, पैक्स, जमाबंदी रसीद, वेतन, गृह रक्षा वाहिनी, सांख्यिकी विभाग, खनन विभाग, विद्युत विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु अपर समहर्त्ता द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। महेन्दिया थाना स्थित ग्राम सवजपुरा निवासी अजीत कुमार द्वारा बताया गया कि मौजा जयपुर में सरकारी जमीन को ईंट से जोड़कर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिला पदाधिकारी अरवल के आदेश के बाद भी अंचलाधिकारी द्वारा कोई कारवाई नहीं किया जा रहा है। अतिक्रमण मुक्त करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में अपर समहर्त्ता द्वारा अंचलाधिकारी कलेर को अतिक्रमण वाद से नियमानुसार कारवाई कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम पुरान बाजीतपुर निवासी कांति देवी द्वारा बताया गया कि मैं गरीब परिवार से हूँ तथा मुझे राशन की सख्त जरूरत है। मुझे राशन दिलवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में अपर समहर्त्ता द्वारा प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी करपी को जाँचकर आवश्यक कारवाई करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम कामता मठिया के ग्रामीण जनता द्वारा बताया गया कि कामता मठिया बालू घाट पर अवैध तरीके से बालू माफिया द्वारा रास्ता का निर्माण किया जा रहा है, उचित कारवाई करने की कृपा की जाए। इस संबंध में अपर समहर्त्ता द्वारा जिला खनन पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार जाँचोपरांत आवश्यक कारवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

एनआईए के डीएसपी समेत तीन लोगों को रिश्वत लेते सीबीआई ने दबोचा

- केस को रफा-दफा कर देने के लिए किया था डिमांड

प्रातः किरण संवाददाता

गया।गया से एक खबर सामने आ रही है जहां रिश्वत लेते एनआईए के डीएसपी समेत तीन लोगों को सीबीआई की टीम ने दबोचा है। दरअसल जदयू के पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी से 20 लाख रुपए रिश्वत लेते सीबीआई की टीम ने एनआईए के डीएसपी समेत 3 को गिरफ्तार किया है। शहर के एपी कॉलोनी स्थित जेडीयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के घर पर पिछले महीने 19 सितंबर को एनआईए की टीम ने छापेमारी की थी. यह छापेमारी करीब 20 घंटे तक चली थी. इस दौरान 4.3 करोड़ रुपये नकद और कई हथियार बरामद किए गए थे। एनआईए पटना शाखा के डीएसपी अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की गई थी. इसी केस को रफा-दफा करने के लिए एनआईए के डीएसपी ने 20 लाख रुपए की डिमांड किया था।इसके बाद रमैया कंस्ट्रक्शन के मालिक रॉकी यादव ने एनआईए के डीएसपी अजय प्रताप सिंह के खिलाफ रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था.श। इसकी शिकायत उन्होंने सीबीआई से की थी।कहा था कि डीएसपी ने नक्सली मामले में फंसाने की धमकी देकर 2.5 करोड़ रुपये मांगे हैं। इसके जांच में इस शिकायत की पुष्टि होने के बाद सीबीआई की टीम ने रिश्वत लेते मगध यूनिवर्सिटी के पास से सीबीआई की टीम ने एनआईए के डीएसपी अजय प्रताप सिंह सहित उनके दो सहयोगी को भी गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल सीबीआई की टीम जांच में जुट गई है। वहीं आरोपी डीएसपी के पूर्व के कार्यकाल का भी खंगाल रही है।जेडीयू के पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के पीए रविंद्र यादव ने एनआईए छापेमारी के पीछे किसी आरजेडी के कद्दावर नेता के होने की आशंका जताई है. इस संबंध में बताया जाता है कि दो एजेंटों की गिरफ्तारी में सीबीआई की टीम में 6 एसपी और 4 डीएसपी रैंक के अधिकारी शामिल थे।इस पूरे मामले में एनआईए की ओर से आज शुक्रवार 04 अक्टूबर की सुबह एक्स ( ) पर बयान जारी कर पुष्टि की गई है।

कार्यकर्ता मजबूत मन के साथ संगठन के कार्य में जुटे:धर्मेंद्र तिवारी

प्रातः किरण संवाददात

अरवल। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के लिए विस्तार से चर्चा करने के लिए समीक्षा बैठक अरवल भाजपा जिला कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने की । सभी उपस्थित पदाधिकारीगण को ये जानकारी दी गयी कि सदस्ता अभियान जोड़ने की गति जो है इस पर विस्तार से चर्चा हुआ। सभी मंडल के हर बूथ पे 100 सदस्य बनाने पे जोर दिया गया और सभी जोड़े गए सदस्य को सदस्यता अभियान फॉर्म भी भरना है। सदस्यता अभियान की समीक्षा स्वयं की समीक्षा से ही सम्भव है । हमने संगठन के पर्व में कितना योगदान दिया है ये देखना आवश्यक है । भाजपा कार्यकर्ता लक्ष्य से ज्यादा हासिल करने की क्षमता रखता है । सदस्यता अभियान में भी कार्यकर्ता संकल्प के साथ लक्ष्य निर्धारित कर ले तो उसे प्राप्त करना कोई मुश्किल काम नहीं है । यही सब बातो पर विशेष ध्यान दिया गया और 6 और 14 अक्टूबर को महा सदस्यता अभियान चलेगा जिसमे सभी जिला के पदाधिकारी को सभी मंडल के प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में प्रवास करेंगे और सदस्यता अभियान की गति को बढ़ाकर अरवल जिला को अच्छे पायदान पर लाने के इस कार्य को सफल बनाएंगें । भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि अपने साथी कार्यकताओं में नेतृत्व के गुण विकसित करें। उनके आगे बढ़ने आपका कद स्वतः बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा विचार आधारित पार्टी है। यहां कार्यकर्ता अपने कार्य के बल पर महत्वपूर्ण है। सदस्यता अभियान कार्यकर्ता निर्माण की दिशा में पहला कदम है, इसलिए इस पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने अभियान की सफलता के लिए तीन सूत्रीय मंत्र देते हुए कहा कि प्रतिदिन सदस्य बनाएं। मंडल के हर बूथ पर सक्रियता बढ़ाएं और सदस्यता अभियान में व्यक्तिगत रेफरल की संख्या बढ़ाई जाए ।

उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे कमजोर मन से नहीं, मजबूत मन के साथ संगठन के कार्य में जुटे, क्योंकि भाजपा की ताकत उसके कार्यकर्ता हैं ।

भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्व को समझते हुए सदस्यता अभियान में अपनी भागीदारी निभाएं। इस बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष रामविनय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष व सदस्यता प्रभारी सविता शर्मा, जिला सह सदस्यता प्रभारी गिरेन्द्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष भास्कर कुमार, आनंद चन्द्रवंशी, जिला महामंत्री कुशवाहा चंदन, रामाशीष दास, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास राम सभी मंडल अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हेतु बुनकर संघ सदैव आपका आभारी रहेगा।

नवरात्रि मेला के अवसर पर मैहर स्टेशन पर 05 जोड़ी ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

प्रातः किरण संवाददात

हाजीपुर। नवरात्रि मेला के अवसर पर रेलवे प्रशासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित गाड़ियों का 05 मिनट का अस्थाई ठहराव मैहर स्टेशन पर प्रदान किया गया है।

डाउन दिशा की ट्रेनें

1. वलसाड से 05 से 12 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 15.25 बजे पहुँच कर 15.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।
2. छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनल, कोल्हापुर से 04 से 11 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 11045 छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनल, कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 17.30 बजे पहुँच कर 17.35 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।
3. लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 07 से 14 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 15268 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 10.50 बजे पहुँच कर 10.55 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।
4. पूर्णा जं. से 03 से 10 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 17610 पूर्णा जं.-पटना एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 10.50 बजे पहुँच कर 10.55 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।
5. बांद्रा टर्मिनस से 07 से 14 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 22971 बांद्रा टर्मिनस-पटना एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 15.25 बजे पहुँच कर 15.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

अप दिशा की ट्रेनें

1. मुजफ्फरपुर से 07 से 14 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 12.00 बजे पहुँच कर 12.05 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

2.धनबाद से 07 से 14 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 11046 धनबाद-छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनल, कोल्हापुर एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 22.35 बजे पहुँच कर 22.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।3.रक्सौल से 05 से 12 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 15267 रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 11.40 बजे पहुँच कर 11.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।4.पटना से 05 से 12 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 17609 पटना-पूर्णा जं. एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 17.25 बजे पहुँच कर 17.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

जिला स्तरीय 7 अक्टूबर को युवा उत्सव प्रतियोगिता एवं विज्ञान मेला का आयोजन

प्रातः किरण संवाददात

अरवल, प्रातः किरण। कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार के सौजन्य से वितीय वर्ष 2024-25 में होने वाले राज्यस्तरीय युवा उत्सव-2024 के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 के अंतर्गत थिमेटिक प्रतियोगिता एवं विज्ञान मेला का आयोजन किया जाना है। थिमेटिक प्रतियोगिता का विषय वस्तु निर्धारित किया गया है। इस संबंध में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 के अंतर्गत थिमेटिक प्रतियोगिता एवं विज्ञान मेला 07.10.2024 को राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, पहलेजा, अरवल में आयोजित किया जायेगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव अंतर्गत थिमेटिक प्रतियोगिता एवं विज्ञान मेला हेतु प्रतियोगिता वर्ग का मापदंड निर्धारित है। इस प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष के आयुवर्ग वाले युवा भाग ले सकते है। इस उत्सव में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रतिभागियों/कलाकारों को अपना नामंकन/आवेदन के साथ संबंधित प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज का 02 फोटोग्राफ, बायोडाटा सहित दिनांक 06 अक्टूबर 2024 तक समाहरणालय स्थित इंडोर स्टेडियम अरवल में कराना अनिवार्य है।

श्री रौनीयार वैश्य दुर्गा पूजा समारोह द्वारा किया गया क्लश स्थापित

गया, प्रातः किरण। श्री रौनियार वैश्य समाज के सदस्यों द्वारा आज सुबह पुरे विधि वीधान से दुर्गा पूजा का क्लश स्थापित किया गया पुरी विधि विधान से रौनियार वैश्य युवा समिति द्वारा आयोजित किया गया है। आगे वरिष्ठ समाजसेवी ने बताया कि दुर्गा पूजा पिछले पच्चासी वर्षो से लगातार धूम धाम से मनाया जा रहा है और दुर्गा पूजा में धन का संग्रह भी सिर्फ रौनियार जाति के भाई बहनों के अंशदान से होता आ रहा है और एक उल्लेखनीय बात यह है कि पूरे भारतवर्ष में सिर्फ गया में ही केवल रौनियार जाति के भाई बहनों के योगदान से दुर्गा पूजा संपन्न किया जाता है यह हम सबके के लिए बहुत ही गौरव की बात है अतः मैं गया में रहने वाले सभी स्वजाति भाई बहनों से अनुरोध करता हूं कि आप स्वयं एवम अपने परिवार के लोगों द्वारा भी दुर्गा पूजा हेतु अधिक से अधिक सहयोग करें और करवाएं ,एक अनुरोध और भी है कि अगर आपके परिवार के कोई सदस्य गण के बाहर भी रहते हैं तो उनसे भी दुर्गा पूजा हेतु सहयोग करवाएं और उनसे रौनियर दुर्गा पूजा समिति के निम्नलिखित खाता में ऑन लाइन ट्रांसफर भी करवा सकते है ।

स्टार्टअप बिहार आइडिएशन चैलेंज में जीबीएम कॉलेज की रिया प्रथम, कृतिका द्वितीय तथा सपना तृतीय स्थान पर रहीं

स्टार्टअप द्वारा चयनित विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी के संरक्षण तथा अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नगमा शादाब के संयोजन में स्टार्टअप बिहार योजना के तहत गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गया के स्टार्ट अप सेल द्वारा छात्राओं के लिए आयोजित स्टार्टअप बिहार आइडियेशन चैलेंज प्रतियोगिता में कॉलेज की बीबीएम कक्षा उतीर्ण छात्रा रिया कुमारी प्रथम, बीकॉम सेमेस्टर वन की छात्रा कृतिका सिन्हा द्वितीय, तथा सपना कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं हैं। स्टार्ट अप बिहार के कार्यक्रम समन्वयक डिस्ट्रिक्ट स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर सुशांत कुमार ने गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गया के स्टार्ट अप सेल द्वारा प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थानों पर चयनित छात्रा रिया, कृतिका और सपना को प्रशस्ति प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया है। चयनित तीनों छात्राओं को इस उपलब्धि हेतु प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी, कार्यक्रम संयोजक डॉ. नगमा शादाब, कॉलेज की पीआरओ डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी एवं अन्य प्रोफेसरों ने हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दीं है। कॉलेज की पीआरओ डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि दिनांक 20 सितंबर, 24 को गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में आयोजित आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत ह्यआइडियेशन चैलेंज प्रतियोगिताह्न आयोजित की गयी थी।जिसमें छात्राओं को अपनी ओर से इनोवेटिव प्रोजेक्ट का ब्लूप्रिंट तैयार करना था। कॉलेज की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिया तथा स्वलिखित इनोवेटिव प्रोजेक्ट जमा किये थे। प्रोजेक्ट्स में निहित नवाचार, सृजनात्मकता तथा तथ्यात्मक वैचारिक कुशलता के आधार पर छात्राओं का प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थानों पर चयन किया गया है। ज्ञातव्य है कि स्टार्टअप इंडिया, भारत सरकार की एक योजना है जिसके तहत देश में स्टार्टअप सपोर्ट हब विकसित किए गये हैं। इस योजना के तहत, महिला उद्यमियों और एससी और एसटी समुदायों के उद्यमियों को ऋण राशि दी जाती है।

नरकटियागंज-बापूधाम मोतिहारी-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बरौनी-कटिहार आनंद विहार और राधिकापुर के मध्य एक नई ट्रेन 14012/14011 आनंद विहार-राधिकापुर-आनंद विहार एक्सप्रेस का परिचालन शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर आनंद विहार और राधिकापुर के मध्य एक नई ट्रेन 14012/14011 आनन्द विहार टर्मिनस-राधिकापुर-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस परिचालन किया जायेगा ।इस नई ट्रेन का नियमित परिचालन आनन्द विहार टर्मिनस से 06 अक्टूबर, 2024 से प्रत्येक रविवार को तथा राधिकापुर से 08 अक्टूबर, 2024 से प्रत्येक मंगलवार को किया जायेगा।

गाड़ी सं. 14012 आनन्द विहार टर्मिनस-राधिकापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 06 अक्टूबर, 2024 से आनन्द विहार टर्मिनस से 23.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गाजियाबाद से 00.23 बजे, हापुड़ से 01.05 बजे, मुरादाबाद से 03.00 बजे, चन्दौसी से 04.00 बजे, सीतापुर से 08.22 बजे, गोण्डा से 11.30 बजे, मनकापुर से 11.56 बजे, बस्ती से 12.53 बजे, गोरखपुर से 15.00 बजे, कप्तानगंज से 15.55 बजे, नरकटियागंज से 18.25 बजे, बेतिया से 18.56 बजे, सगौली से 19.20 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 19.38 बजे, मुजफ्फरपुर से 22.08 बजे, समस्तीपुर से 23.00 बजे, बरौनी से 23.55 बजे, तीसरे दिन बेगूसराय से 00.14 बजे, खगड़िया से 00.55 बजे, मानसी से 01.07 बजे, नौगछिया से 02.00 बजे, कटिहार से 03.40 बजे, सोनैली से 04.08 बजे, सालमारी से 04.29 बजे, बारसोई से 04.50 बजे, रायगंज से 05.30 बजे तथा कालियागंज से 06.40 बजे खुलकर 07.00 बजे राधिकापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 14011 राधिकापुर-आनन्द विहार साप्ताहिक एक्सप्रेस 08 अक्टूबर, 2024 से राधिकापुर से 10.30 बजे प्रस्थान कर कालियागंज से 10.45 बजे, रायगंज से 11.10 बजे, बारसोई से 12.00 बजे, सालमारी से 12.17 बजे, सोनैली से 12.42 बजे, कटिहार से 13.40 बजे, नवगछिया से 14.24 बजे, मानसी से 15.12 बजे, खगड़िया से 15.24 बजे, बेगूसराय से 15.52 बजे, बरौनी से 16.30 बजे, समस्तीपुर से 17.35 बजे, मुजफ्फरपुर से 19.00 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 20.47 बजे, सगौली से 21.11 बजे, बेतिया से 21.32 बजे, नरकटियागंज से 22.12 बजे, दूसरे दिन कप्तानगंज से 01.07 बजे, गोरखपुर से 02.55 बजे, बस्ती से 03.55 बजे, मनकापुर से 04.42 बजे, गोंडा से 05.30 बजे, सीतापुर से 08.55 बजे, चन्दौसी से 14.30 बजे, मुरादाबाद से 15.35 बजे, हापुड़ से 17.10 बजे तथा गाजियाबाद से 18.17 बजे खूलकर आनन्द विहार टर्मिनल 18.50 बजे पहुँचेगी।इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, जनरेटर सह लगेज यान का 01 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 22 कोच होंगे ।

बिपार्ड में जीविका के सहयोग से मणिपुर राज्य की महिलाओं के लिए आजीविका व्यावसायिक विकास का प्रशिक्षण

बोधगया, प्रातः किरण

अश्विनी वैष्णव ने नासिक में 40वीं आरपीएफ स्थापना दिवस परेड में भाग लिया और अनुकरणीय सेवा के लिए पुरस्कार विजेता आरपीएफ कर्मियों को सम्मानित किया

- केंद्रीय मंत्री ने महिला कर्मियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए आरपीएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों के उन्नयन के लिए 35 करोड़ रूपये अनुदान की घोषणा की

प्रातः किरण संवाददात

पटना/ दिल्ली। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नासिक स्थित आरपीएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की 40वीं स्थापना दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने 33 आरपीएफ कर्मियों को सम्मानित किया, जिन्हें 2023 और 2024 के दौरान यात्रियों की जान बचाने में उनके साहसी प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित पुलिस पदक और जीवन रक्षा पदक प्रदान किए गए। ये पुरस्कार देश के रेलवे नेटवर्क की सुरक्षा में आरपीएफ की अनुकरणीय सेवा को दशार्ते हैं और बल के अन्य सदस्यों को नए जोश के साथ अपने समर्पित प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित करेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने सुरक्षा उपायों को बढ़ाने में आधुनिक तकनीक को सक्रिय रूप से अपनाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरपीएफ को अपने कर्मियों की सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट और बेहतर हेलमेट सहित आधुनिक सुरक्षात्मक गियर से लैस किया जाएगा। इसके अलावा, मंत्री ने महिला कर्मियों के लिए सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के साथ आरपीएफ के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए 35 करोड़ के अनुदान की घोषणा की। तमिलनाडु में आरपीएफ डॉग स्क्वॉड के लिए

क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र तैयार करने के उद्देश्य से 5.5 करोड़ का अतिरिक्त अनुदान स्वीकृत किया गया, जिसका उद्देश्य विशेष प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। केंद्रीय मंत्री ने अनुशासन और प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण प्रदर्शन के रूप में आरपीएफ परेड के दौरान औपचारिक सलामी भी ली। इस कार्यक्रम के भाग के रूप में, श्री वैष्णव ने संज्ञान मोबाइल एप्लिकेशन का हिंदी संस्करण लॉन्च किया, जिससे बल के भीतर संचार को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने तीन नए अधिनियमित आपराधिक कानूनों पर संदर्भ पुस्तकों के हिंदी संस्करण भी जारी किए, जिनका उद्देश्य आरपीएफ कर्मियों के कानूनी ज्ञान को मजबूत करना है।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, श्री वैष्णव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया, जो भारतीय रेलवे के व्यापक परिवर्तन में मार्गदर्शक और प्रेरक शक्ति रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 5300 किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं और पिछले 10 वर्षों में 31,000 किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान 40,000 किलोमीटर लाइनों का विद्युतीकरण किया गया है, जो पिछले 60 वर्षों में किए गए कार्यों से दोगुना है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय रेलवे का लक्ष्य वंदे भारत और अमृत भारत जैसी नए युग की ट्रेनों के माध्यम से अच्छी, आरामदायक, तेज और सस्ती यात्रा प्रदान करना है। साथ ही देश के सभी लोगों के लिए सुरक्षित यात्रा अनुभव के लिए कवच जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान करना है।

उन्होंने यह भी कहा कि लोगों की सुविधा के लिए वर्तमान में लगभग 12,500 सामान्य श्रेणी के डिब्बे बनाए जा रहे हैं। 40वें स्थापना दिवस परेड के अवसर पर आरपीएफ के महानिदेशक श्री मनोज यादव, मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्मवीर मीना, भुसावल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और मध्य रेल के मुख्यालय एवं मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

आरपीएफ स्थापना दिवस परेड आरपीएफ के सदस्यों और उनके परिवारों द्वारा मनाई जाती है। यह दिन जनता की भलाई के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और उनकी खुशियां साझा करने का दिन है। आरपीएफ को न केवल रेलवे संपत्ति, बल्कि यात्रियों और यात्री क्षेत्रों की सुरक्षा की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह एक करुणा पूर्ण बल के रूप में उभरा है क्योंकि यह रेलवे के संपर्क में आने वाली महिलाओं, बच्चों, बीमारों, बुजुर्गों, दिव्यांगों और देखभाल और सुरक्षा की जरूरत वाले अन्य लोगों की मदद करता रहा है। यह बल रेल यात्रियों को सुरक्षित, संरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है।

बिंगो टेढ़े-मेढ़े ने रिलीज किया दुर्गापूजा स्पेशल थीम सांग रॉकांजलि

प्रातः किरण संवाददात

पटना/जमशेदपुर। इस दुर्गा पूजा बिंगो टेढ़े-मेढ़े बंगाली रॉक म्यूजक के शानदार 50 साल को अनूठे तरीके से सलाम कर रहा है। कोलकाता के प्रसिद्ध छह पंडालों में इस बार बंगाली रॉक म्यूजिक का जादू दिखेगा। इस बाबत ब्रांड ने एक प्रतियोगिता ह्यरॉकांजलिह्न का आयोजन किया है, जिसमें लगातार छह दिनों तक लोग लाइव कॉन्सर्ट का लुत्फ उठा सकेंगे। इस अवसर पर ब्रांड ने पूजा स्पेशल सांग रॉकांजलि भी रिलीज किया, जिसे कैक्टस के सिद्धार्थ शंकर रॉय (सिद्धू) और अविजित बर्मन (पोटा), लक्खिछरा के गौरव चटर्जी (गाबू) और चंद्रबिंदु के अनिंद्य चटर्जी ने गाया है। अपने मुख्य उपभोक्ताओं को प्रेरित करने और उनसे जुड़ने के लिए इस प्रतियोगिता की शुरूआत की गई है, जिसमें कोलकाता के कॉलेजों के 120 से अधिक छात्रों से प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं हैं। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले युवाओं को कोलकाता के प्रमुख 15 रॉक बैंड में शामिल होने का मौका मिलेगा।

दुर्गा पूजा के अवसर पर कोलकाता में पहली बार बिंगो टेढ़े-मेढ़े की ओर से रॉकांजलि पूजा टूर के तहत ह्यकॉन्सर्ट ऑन व्हील्स का आयोजन किया जा रहा है। लगातार छह दिनों तक चलने वाले इस टूर में शहर के प्रसिद्ध छह पंडालों में लाइव बांग्ला रॉक की छटा बिखरेगी। बांग्ला रॉक में रूचि रखने वाले युवा इसमें भाग लेंगे। चतुर्थी से नवमी तक लगातार यह कॉन्सर्ट चलेगा, जिसमें हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे। आईटीसी फूड्स के स्नैक्स, नूडल्स और पास्ता के उपाध्यक्ष और मार्केटिंग प्रमुख सुरेश चंद ने थीम सांग के बारे में कहा कि रॉकांजलि से हम बंगाली रॉक संगीत की समृद्ध विरासत को सम्मान दे रहे हैं। यह रॉक संगीत की दुनिया में उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा।

गौरा में वाहन जांच में चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा।गौरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक से एक युवक को गिरफ्तार किया है,जिसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई.पुलिस के अनुसार गौरा बाजार के निकट वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने कुछ मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली. इसी बीच एक युवक भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस ने तुरंत पकड़ लिया.गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान राजकुमार साह के रूप में हुई है, जो इसुआपुर थाना क्षेत्र का निवासी है.थानाध्यक्ष बाजीगर कुमार ने बताया कि जब राजकुमार साह से मोटरसाइकिल के कागजात के बारे में पूछा गया, तो उसने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया और उसके जवाब भी संतोषजनक नहीं थे.पुलिस की गहन जांच में यह स्पष्ट हुआ कि राजकुमार की मोटरसाइकिल चोरी की है, जिसका नंबर प्लेट भी बदलकर उपयोग किया जा रहा था.इस संबंध में गौरा थाना में कांड संख्या 144/24 के तहत मामला दर्ज कर युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

राष्ट्र के लिए योगदान और राष्ट्र हित में चिंतन आवश्यक है : राजेन्द्र कुमार सिन्हा

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

पटना । राष्ट्र के लिए योगदान और राष्ट्र हित में चिंतन आवश्यक है, इसके लिए अपने पूर्वजों से सीख लेने और उनके बताए रास्ते का अनुसरण करने की जरूरत है। उक्त बातें ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहीं।

उन्होंने कंकड़बाग स्थित ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के मुख्य कार्यालय में बुधवार को आयोजित लालबहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी की जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिर्फ जयंती मानने से हमलोगों की जबावदेही खतम नहीं होती है बल्कि उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते का अनुसरण करने की जरूरत है।

कार्यक्रम का शुभारंभ ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त अवसर पर ह्यूमन राइट्स डिफेंडर की संस्थापक सह राष्ट्रीय महासचिव पूजा सिन्हा, सह-

संस्थापक सह राष्ट्रीय महासचिव (एससी/एसटी विंग) आशा देवी, राष्ट्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अंजली सिन्हा, राष्ट्रीय उपसचिव किरण, राष्ट्रीय शैक्षिक प्रभारी सीमा कुमारी, राष्ट्रीय सांस्कृतिक सचिव श्वेता बॉबी, बिहार प्रदेश के अध्यक्ष सूरज कुमार, पटना के सक्रिय सदस्य गौरीशंकर प्रसाद, गिरिजा देवी एवम राष्ट्रीय मीडिया अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा उपस्थित थे। लाल बहादुर शास्त्री जी और महात्मा गांधी जी चित्र पर उपस्थित सभी लोगों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति अपने अपना अपना विचार व्यक्त किया। ह्यूमन राइट्स डिफेंडर की संस्थापिका पूजा सिन्हा ने कहा कि महात्मा गांधी से यह शिक्षा ग्रहण करना चाहिए कि आप अपने जीवन में इस तरह संकल्पित हो जिसका कोई विकल्प न हो जैसे गांधी जी ने भारत को अंग्रेजों से आजाद कराने हेतु संकल्पित हुए थे। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी का नारा है ह्लजय जवान जय किसानह्व। यदि हम लोग भारत के जवान का सम्मान करना चाहिए ताकि वे अपने बुलंद हौसले के साथ देश की रक्षा करते रहे उनका ऐसा करने हमलोग सुरक्षित रहेंगे। उसी तरह किसान यदि खुशहाल रहेगा तो देश भी खुशहाल रहेगा।

ह्यूमन राइट्स डिफेंडर की राष्ट्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अंजली सिंह ने दोनों लोगों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें इन लोगों से यह शिक्षा लेनी चाहिए की स्थिति चाहे जितने भी प्रतिकूल हो उसको हम कैसे अनुकूल बना सकते हैं। राष्ट्रीय सांस्कृतिक सचिव श्वेता बॉबी ने सादगी एवं स्वच्छता की शिक्षा लेने की बात कही।

कार्यक्रम के अंत में ह्यूमन राइट डिफेंडर के सभी अधिकारी एवं सक्रिय सदस्य ने मिलकर लालबहादुर शास्त्री के ह्लजय जवान जय किसानह्व के नारे लगाए और महात्मा गांधी के प्रार्थना ह्लरघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीतारामह्व को गाकर कार्यक्रम का समापन किया।

जन सुराज पार्टी एवं प्रथम अध्यक्ष मनोज भारती के घोषणा होने पर किया हर्ष व्यक्त, दिया बधाई व साधुवाद

प्रातः किरण संवाददाता

खगड़िया। जन सुराज के जिला महासचिव सह जिला चुनाव अधिकारी किरण देव यादव ने जन सुराज पार्टी का घोषणा होने एवं मनोज भारती का अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं एवं दिल की गहराई से बिहार की तमाम जनता एवं सूत्रधार प्रशांत किशोर को साधुवाद दिया है।

श्री यादव ने कहा कि उक्त फैसले से बिहार की जनता के भविष्य के लिए एवं शिक्षा व रोजगार के सवाल पर जन सुराज पार्टी मील का पत्थर साबित होगी।

श्री यादव ने कहा कि मधुबनी के अनुसूचित जाति के मनोज भारती नेतरहाट में पढे, कानपुर से आइआइटी किये, दिल्ली आईआईटी से आईएफएस बने, वहीं कई देशों में भारतीय राजदूत रहे। उनकी योग्यता अनुभव बिहार की विकास, बदलाव एवं सुनहरे भविष्य हेतु एक नया आयाम लिखेगा, एक नया बिहार का निर्माण होगा। तथा जनता के द्वारा जनता के लिए जनता का एक सुंदर राज्य जन सुराज का बनेगा।

समाजसेवी किरण देव यादव ने कहा कि जन सुराज के स्थापना महाधिवेशन का ऐतिहासिक आयोजन वेटनरी कॉलेज के मैदान में लगभग एक लाख साक्षियों संस्थापक सदस्यों के सहभागिता के साथ हुई।कार्यक्रम खुली आकाश में हुई। कार्यक्रम स्थल पर 6 किलोमीटर पैदल चलकर पहुंच कर तेज धूप उमस पसीना से लथपथ लोगों की दृढ़ संकल्प लक्ष्य के समक्ष प्रकृति को झुकना पड़ा और अंततः घने काले बादल ने फूहार से प्रकृति ने आम जनों को गर्मी से ठंडक की राहत पहुंचाई। अकस्मात मौसम में परिवर्तन का यह संकेत बिहार की सत्ता व व्यवस्था परिवर्तन का शुभ संकेत के रूप में प्रकृति ने भी समर्थन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत द्वय संचालक के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा की भूमिका के साथ तथा इतनी शक्ति हमें देना दाता कि मन का विश्वास कभी कम ना होना, प्रार्थना से हुई। तत्पश्चात भारतीय संविधान प्रस्तावना का पाठ किया गया। वहीं कार्यक्रम में बिहार की राजनीति, सत्ता की दोहरी चरित्र, राज्य एवं देश की समस्या, समाधान आधारित जनगीत की प्रस्तुति ने दर्शकों का तालियां बटोरी।

कार्यक्रम को पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र यादव, गणितज्ञ केसी, सिंहा, पूर्व सांसद मुनाजिर हसन ने संबोधन किया।

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर द्वारा पांच संकल्प की विस्तृत जानकारी दिए एवं पार्टी का नाम ह्लजन सुराज पार्टीह्व की घोषणा किया गया। साथ ही प्रथम अध्यक्ष के रूप में अनुसूचित जाति से मनोज भारती का नाम प्रस्तावित कर जनसैलाब के समूहों से तालियां के गड़गड़ाहट के बीच घोषणा किये, एवं कई मुद्दे पर तालियां बजवाकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित की गयी। 2024 के नवंबर माह मेंबिहार विधानसभा के पांच उपचुनाव में जन सुराज की उम्मीदवार खड़ा कर सत्तासीन को हराने की अभियान जारी रखने का घोषणा किये। तथा 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में 243 सीटों पर चुनाव लड़कर सरकार बनाने का आत्मविश्वास के साथ घोषणा किये।

प्रशांत किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि शराबबंदी को समाप्त कर शराब के टैक्स से बेहतर शिक्षा रोजगार देने, एवं महिलाओं को लोन देने, वृद्धा पेंशन 2000 रुपए मासिक करने की घोषणा किये। वहीं जमीन सर्वे के बजाय भूमि सुधार करने की वकालत किये।

उन्होंने पदयात्रा जारी रखने एवं रणनीतिकार की महत्वपूर्ण भूमिका बखूबी निभाने की बात कही।

पटना में इंडोस्कोपी अल्ट्रासाउंड मशीन की शुरुआत

- पेट और आंत के ट्यूमर, कैंसर, अल्सर, टीबी, पित्त की थैली की बीमारियों का बेहतर तरीके से पता लगाया जा सकेगा
- ईआरसीपी करने में भी कारगर है यह मशीन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पारस एचएमआरआई, पटना ने अपने मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में अब इंडोस्कोपी अल्ट्रासाउंड (ईयूएस) मशीन लग गई है। इस मशीन के आने से विभाग में उपचार के नए आयाम जुड़ गए हैं। ईयूएस तकनीक एक एंडोस्कोप (एक पतली, लचीली ट्यूब जिसमें एक कैमरा और एक अल्ट्रासाउंड प्रोब होता है) का उपयोग करके शरीर के अंदर की छवियां प्राप्त करती है।

हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यम सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि ईयूएस मशीन गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट के रोगों का जाँच व निदान करने में अत्यंत उपयोगी है। इस मशीन के माध्यम से हम पेट और आंतों के कैंसर, अल्सर, टीबी, पित्त की थैली की बीमारियों आदि का बेहतर तरीके से पता लगा सकते हैं। इसके अलावा, यह मशीन बायोप्सी लेने में भी मदद करती है, जिससे रोग का सटीक निदान संभव हो पाता है। पेनक्रियाज के सिस्ट की जानकारी या ट्यूमर की जानकारी और सिस्ट जो पेनक्रियईटिस के उपरांत होता है उनका उपचार भी संभव है।

सिनियर कंसल्टेंट डॉ. शाहिद सिद्दिकी ने इस अवसर पर कहा कि ईयूएस तकनीक ईआरसीपी करने के लिए भी एक सक्षम और सटीक तकनीक है। ईआरसीपी लीवर, पित्ताशय, पित्त नलिकाओं, और अग्न्याशय से जुड़ी समस्याओं का पता लगाने और इलाज करने की एक प्रक्रिया है।

सीनियर कंसल्टेंट डॉ. करण भार्गव ने कहा कि ब्लीडिंग रोकने को क्वाइलिंग करने के लिए भी ईयूएस तकनीक का इस्तेमाल किया जा सकता है। कैंसर जैसे जटिल बिमारी में कभी-कभी पेट दर्द असहनीय हो सकता है मुख्यतः पेनक्रियाज के कैंसर की जिसमे हम ईयुएस के द्वारा इंजेक्शन से निदान पा सकते हैं।

पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डाइटेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि पारस एचएमआरआई हमेशा अपने मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। ईयूएस मशीन के आने से हमारे विभाग की क्षमता में काफी वृद्धि हुई है। अब हमारे पास अपने मरीजों को उपचार सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक और सुविधा उपलब्ध है।

तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म,आरोपित फरार , पुलिस कर रही जांच

प्रातः किरण संवाददाता

मढ़ौरा। थानाक्षेत्र के एक गांव में तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर किशोर फरार हो गया। थाने में पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई में जुट गई हैं।बच्ची की मां ने थाने में शिकायत की हैं, जिसमें उन्होने बताया कि मेरी तीन वर्षीय बच्ची गुरुवार की दोपहर में खेल रहे थी कि नामित किशोर ने उसे बहला फुसला कर बगल के फुसनुमा पलानी में ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद आरोपित किशोर ने मेरी पुत्री को बीस रुपये हाथ में देकर घर पहुंचा दिया। कुछ देर के बाद जब मैं अपनी पुत्री को गोद में बैठाई तो उसने दर्द की बात बताई जिसके बाद मैने देखा तो मेरी पुत्री ने घटना के बारे में बताया। इस घटना की जानकारी मिलने बाद पुलिस ने जांच व कार्रवाई शुरू कर दिया है। बच्ची के माता के शिकायत पर पुलिस ने छापामारी की परंतु मुख्य आरोपी मौके से फरार बताया जाता है।

शीतलपुर स्टेशन के फुट ओवरब्रिज पर तार की चपेट में आने से मजदूर की मौत

प्रातः किरण संवाददाता

दिघवारा नगर।छपरा सोनपुर रेलखंड के मध्य शीतलपुर स्टेशन पर शुक्रवार को ओवरहेड विद्युत तार 25000 वोल्ट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक मजदूर की पहचान दिघवारा थाना क्षेत्र के बरुआ पंचायत के फरहदा निवासी स्व. रामेश्वर राय के 30 वर्षीय पुत्र तारकेश्वर राय के रूप में हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक तारकेश्वर अपने तीन सहयोगियों के साथ शुक्रवार को शीतलपुर स्टेशन के ओवरब्रिज पर काम कर रहा था इसी क्रम में वह किसी तरह ओवरहेड विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।घटना के बाद समाचार प्रेषण तक स्टेशन पर ही शव पड़ा हुआ था,उधर स्टेशन पर किसी भी व्यक्ति के फुट ओवरब्रिज पर जाने की मनाही कर दी गई थी और बार बार यात्रियों के ब्रिज पर न चढ़ने की उद्घोषणा की जा रही थी।उधर मौत की खबर मिलते ही स्टेशन पर बड़ी संख्या में गांव के स्थानीय लोग पहुंच गए थे और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे थे।घटना के बाद ओवरहेड वायर के ढीला होने की खबर मिलने पर सोनपुर से पहुंची टीम ने ब्लॉक लेकर तार की मरम्मती करना शुरू कर दिया था।ओवरहेड पुल में भी करंट दौड़ने की बात मृतक के परिजनों व स्थानीय लोगों द्वारा कही जा रही थी जिसकी रेलवे द्वारा पुष्टि नहीं हो सकी थी।रेलवे के अधिकारियों का कहना था कि सुरक्षा को देखते हुए पुल पर यात्रियों के आवागमन पर रोक लगा दी गई थी।आरपीएफ और जीआरपी के जवान भी घटनास्थल पर कैंप किए हुए थे।घटना की जानकारी मिलने पर मृतक का बड़ा भाई छवि राय,पत्नी पूजा देवी समेत अन्य परिजनों का रोते रोते बुरा हाल था।मृतक की दो बेटी व एक बेटा हैछोटे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने से परिजनों को काफी दुखी देखा गयापूर्व मुखिया सुधीर सिंह,ए.के. अंसारी,दिनेश प्रसाद,पप्पू कुमार,रूपेश राय,खेसारी राय,धर्मेंद्र राय,जितेंद्र राय और गोपाल राय समेत गांव के कई लोग मृतक के परिजनों को सांत्वना देने में जुटे थे।

पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा का रिजल्ट रिकॉर्ड समय में हुआ जारी

छपरा कार्यालय, प्रातः किरण। जयप्रकाश विश्वविद्यालय पीएच .डी. कोर्स वर्क 2022 परीक्षा का परिणाम रिकॉर्ड समय में जारी कर दिया गया है। यह रिजल्ट परीक्षा संपन्न होने के अगले कार्यदिवस पर जारी किया गया है जो कि विश्वविद्यालय के लिए एक रिकॉर्ड है। माननीय कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई जी ने कहा कि उनका प्रमुख लक्ष्य सत्र को नियमित करना, परीक्षा को तय समय पर संपन्न करा कर परिणाम भी निर्धारित अवधि में जारी करना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए उनके स्तर पर पूर्व में दिशानिर्देश जारी किया गया है और वे स्वयं नियमित रूप से सारे कार्यों की मॉनिटरिंग करते हैं। उन्होंने बताया कि इन सारे कार्यों के लिए युद्धस्तर पर कार्य चल रहा है।परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि पीएचडी कोर्सवर्क 2022 परीक्षा में कुल 351 परीक्षार्थी थे जिनमें से 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे जबकि 4 अनुत्तीर्ण हुए हैं। शेष 341 परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है।

दिघवारा में शराब के तीन धंधेबाजों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दिघवारानगर, प्रातः किरण। दिघवारा पुलिस ने देशी शराब बनाने में उपयोग में आने वाले सामानों को खरीदने और बेचने में संलिप्त तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस ने 55 किलो नौशादर,5 गैस सिलेंडर और 850 किलोग्राम गुड़ और एक बाइक जप्त किया है।इस संबंध में सबइंस्पेक्टर राजू कुमार सिंह के बयान में प्राथमिकी दर्ज हुई है।थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि दो युवक मोटरसाईकिल से एक बोरा में 25 किलो नौशादर लेकर जा रहा था तभी वाहन चेकिंग के दौरान दोनों युवक मधुकॉन मोड़ के समीप पुलिस के हत्थे चढ़ गया। दोनों ने बताया कि यह नौशादर है और इसका उपयोग देशी शराब बनाने में किया जाता है।बाद में पुलिस ने दोनों युवकों से मिली जानकारी के मुताबिक सैदपुर निवासी प्रदीप कुमार के घर में छापेमारी की जहां से देशी शराब बनाने का सामान भारी मात्रा में जप्त किया गया।

दुर्गा पूजा के दौरान आरा नगर निगम द्वारा चित्र टोली रोड में भेदभाव पूर्ण तरीके से अतिक्रमण हटाने की निंदा

आरा। भाकपा माले के नेता अमित कुमार गुप्ता उर्फ बंटी दुर्गा पूजा के पर्व त्यौहार के दौरान आरा नगर निगम प्रशासन के द्वारा चित्र टोली रोड में अतिक्रमण चलाने की अतिक्रमण के दौरान भेदभावपूर्ण तरीके से लोगों के दुकान सीडी यहां तक आरा नगर निगम की राशि से निर्मित नाली को भी निगम प्रशासन ने तोड़ दिया जो नींदनीय है भाकपा माले नेता अमित कुमार गुप्ता उर्फ बंटी अधिवक्ता ने कहा अगर नगर निगम आरा अभिलंब दुर्गा पूजा को देखते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान पर रोक लगाई जाए, नगर निगम अधिनियम एक्ट में यह है नियम कानून है की अतिक्रमणकारियों है पहले उनके अतिक्रमण की गई जगह का मापी कराकर लाल निशान लगाकर नोटिस देना चाहिए कि आप 7 दिन या 15 दिन के अंदर अपना , अतिक्रमण हटा लीजिए नहीं तो नगर निगम अतिक्रमण हटाएगा लेकिन इसके विपरीत तमाम नियम कानून को ताक पर रखकर भेदभावपूर्ण तरीके से दुकानदारों का दुकान अतिक्रमण के नाम पर तोड़ा गया ।

यहां तक की रेक्सीन हाउस शाहित कई जगह के पास नगर निगम के राशी से निर्मित नाली को भी तोड़ दिया गया ।

अभिलंब अतिक्रमण पर रोक लग नहीं तो इसके खिलाफ भाकपा माले दुकानदारों को संगठित कर आरा नगर निगम के तानाशाही के खिलाफ भेदभाव पूर्ण तरीके से अतिक्रमण हटाने के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगा-।

बाढ़ के बाद भी नहीं कम हुई मुश्किलें,सरकारी राहत के इंतजार में बाढ़ पीड़ित

प्रातः किरण संवाददाता

परसाः-प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाको का हाल बेहाल है।बाढ़ से पीड़ित परिवार कुछ सोच नहीं पा रहे हैं। इंसान और जानवरों के बीच का फर्क मिट गया है।एक ही टेंट और झोपड़ी में मवेशी के साथ रात गुजारने को विवश है पीड़ित।परसा विधानसभा क्षेत्र के बलिगांव,परसौना,मुरहिया, परसादी,बारवे, कोनहवा,मंशा बाबा सहित कई दियारा इलाके में तबाही का इबारत लिख दी गई है।गांव से पानी तो निकल गया है।पर मुश्किलें बाढ़ पीड़ितों का पीछा नहीं छोड़ रहीं हैं।बाढ़ ने तबाही की ऐसी कहानी लिखी है कि जिसे देखकर हर किसी का रू खड़ा हो जा रहा है।जैसे तैसे जिंदगी गुजार रहे आपदा से मारे लोगों से सैलाब का दर्द पूछते ही उनके आंखों आंसुओं की बारिश होने लग रही है।आपदा में मिले जख्म से जिंदगी अब पहाड़ सी लगने लगी है।बाढ़ की त्रासदी ने ऐसे मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया कि मुठ्ठी भर अनाज के लिए अधिकांश पीड़ित परिवार तरसने लगे है।

राहत के लिए बेजार हैं आंखें

परसा विधानसभा क्षेत्र स्थित बलिगांव,मुरहिया, हसनपुरा, परसौना, परसादी,बारवे,कोनहवा सहित कई दियारा क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों की मानें तो प्रशासन के राहत का कई परिवारों को अभी तक दाना नहीं मिल पाया है।जिन्हें कुछ सूखा राहत सामग्री मिला था।अब वह भी खत्म हो गए हैं।बाढ़ आपदा की सर्वाधिक मार गांवों पर अधिक पड़ी है।परसौना बांध,बलिगांव,परसादी,बारवे,कोनहवा,मंशाबाबा गांव के पीड़ित एक महीना से प्लास्टिक तान कर रह रहे बिहारी राय,श्रीभगवान राय,लालबाबू सिंह,नाथा राय, चुलाही राय,महेश राय बताते है कि बाढ़ का पानी ने बहुत जख्म दिए बाबू, हाल मत पूछों, अपने पूर्व जन्म के गुनाहों की सजा काट रहे है, कुरेदने पर कहते है कि एक सप्ताह बीत गया,राहत कुछ नहीं मिला है,बाढ़ के पानी में सबकुछ तबाह हो गया है,गांव से पानी तो निकल गया है,झोपड़ी क्षतिग्रस्त हो गए,केवल मालवा जमा है,कहां जाकर रहें,समझ में नहीं आ रहा है, प्रशासन की ओर से राहत के नाम पर केवल आश्वासन मिला है।यह दर्द केवल हम सभी गांव का नही है बल्कि बाढ़ के बाद बलिगांव ,परसौना,भाथा,बारवे पंचायत के जहां तहां दियारा टोलों के दर्जनों परिवारों का हैं। सब समय काट रहे है घर बनाने के इंतजार में।

मिट गई दूरियां

बाढ़ की आपदा ने ऐसे हालत बना दिए हैं कि इंसान व जानवर के बीच का फर्क मिट गया है। एक ही तिरपाल के नीचे कड़ी धूप और अंधेरी रात में खाट के नीचे बकरी और बच्चे सोएं है तो वहीं टूटी फूटी खाट पर परिवार के सदस्य,जिनके लिए खाट नहीं है वह भी बकरी व अन्य जानवरों के बीच ही लेटकर रात बिता रहे हैं। ऐसी स्थिति देख राहत लेकर जा रहे लोगों की आंखें भर आ रहीं हैं।आपदा के मार को मौसम भी खूब सता रहा है, कभी तेज धूप तो कभी बारिश के बूंदों से बाढ़ पीड़ितों की जिंदगी बिलख रही है। राहत की उम्मीदों में सांसे हर पल बोझिल हो रही हैं। मौसम की तल्खियों से बचाव के लिए बांध पर शरण लिए पीड़ित परिवार पेड़ की छांवों में विपदा के दिन काट रहे हैं।

ग्रामीण सड़क हो गए जर्जर

आपदा ने बाढ़ पीड़ित परिवारों की जिंदगी को पांच साल पीछे ढकेल दिया है,घर आंगन के साथ विकास की कड़ी में शामिल सड़कें आदि बदहाल हो गई हैं। जिसके सजाने व संवारने के लिए बाढ़ पीडित परिवार को फिर से वही मशक्कत करनी पडेगी,जो वह गुजरे सालों में करके बनाए थे, बाढ़ पीडित के आंगन का दर्द बहुत है।

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। उप मुख्यमंत्री, बिहार-सह-प्रभारी मंत्री, पटना जिला सम्राट चौधरी ने योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जन-प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के बीच सार्थक समन्वय तथा सुदृढ़ संवाद की आवश्यकता पर बल दिया है। वे आज ज्ञान भवन, पटना के सभाकक्ष में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में अध्यक्षीय संबोधन कर रहे थे। माननीय उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभ

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में क्या भारत और श्रीलंका होंगे आमने-सामने, ऑस्ट्रेलिया की मुसीबत बढ़ी

नईदिल्ली (एजेंसी)। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के आगामी फाइनल में भारत और श्रीलंका की टीमों में संभवत- फाइनल होता दिख रहा है। भारत चैम्पियनशिप के अब तक के दो संस्करण के फाइनल में पहुंचा है जहां पहली बार न्यूजीलैंड तो दूसरी बार ऑस्ट्रेलियाई टीम जीतने में सफल रही थी। भारत अब बांग्लादेश पर जीत के बात फाइनल के करीब पहुंच गया है। वहीं, श्रीलंका भी ऑस्ट्रेलिया को टक्कर देती नजर आ रही है। देखें संभावनाएं-

टीम	जीत प्रतिशत	जीत चाहिए
भारत	74.24	3/8
3 टेस्ट बनाम न्यूजीलैंड, 5 टेस्ट बनाम ऑस्ट्रेलिया		
ऑस्ट्रेलिया	62.5	4/7
5 टेस्ट बनाम भारत, 2 टेस्ट बनाम श्रीलंका		
श्रीलंका	55.56	3/4
1 टेस्ट बनाम द. अफ्रीका, 2 टेस्ट बनाम ऑस्ट्रेलिया		
इंग्लैंड	42.19	बाहर है
3 टेस्ट बनाम पाकिस्तान, 2 टेस्ट बनाम न्यूजीलैंड		
द. अफ्रीका	38.89	5/6
2 टेस्ट बनाम बांग्लादेश, 2 टेस्ट बनाम श्रीलंका, 2 टेस्ट बनाम पाकिस्तान		
न्यूजीलैंड	37.50	6/6
3 टेस्ट बनाम भारत, 3 टेस्ट बनाम इंग्लैंड		

आंकड़े साफ हैं कि श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया सीरीज ही डब्ल्यू.टी.सी. फाइनल में भारत से भिड़ने वाली दूसरी टीम होगी। भारत को अभी 8 में से 3 टेस्ट जीतने जरूरी है। भारत यह लक्ष्य न्यूजीलैंड को 3 टेस्ट मैच की घरेलू सीरीज में ही हराकर हासिल कर सकता है। जबकि श्रीलंका को साऊथ अफ्रीका से 2 तो ऑस्ट्रेलिया से सिर्फ एक ही टेस्ट जीतने की जरूरत है। श्रीलंका इसलिए भी फेवरेट है क्योंकि घरेलू धरती पर उनका प्रदर्शन अच्छा है। और उनकी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज घरेलू मैदान पर ही होनी है।

4 टीमें हो चुकी हैं बाहर

डब्लयूटीसी फाइनल की रेस से फिलहाल, इंग्लैंड, बांग्लादेश, पाकिस्तान और विंडीज जैसी टीमें बाहर हो चुकी है। लेकिन यह टीमें फाइनल की चाह्वान टीमों के रास्ते में कंकर जरूरी बिछा सकती हैं। इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड से 3 टेस्ट खेलने है। अगर न्यूजीलैंड एक टेस्ट हारा या ड्रा रहा तो वह फाइनल की रेस से बाहर हो जाएगा। इसी तरह दक्षिण अफ्रीका को बांग्लादेश टूर पर जाना है। इस सीरीज में हुआ उल्टफेर दक्षिण अफ्रीका पर भारी पड़ सकता है।

अंगद चीमा 10 अंडर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेलकर शीर्ष पर

विशाखापत्तनम (एजेंसी)। चंडीगढ़ के गोल्फर अंगद चीमा ने बृहस्पतिवार को यहां एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के विजाग ओपन के दूसरे दौर में 10 अंडर 61 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष

पर पहुंच गये। पीजीटीआई रैंकिंग में अभी चौथे स्थान पर चल रहे चीमा का दो दौर के बाद कुल स्कोर 12 अंडर 130 का है जिससे वह चार शॉट की बढ़त बनाए हैं। इस सत्र में अभी तक छह बार शीर्ष 10 में रह चुके चीमा ने पहले दौर में 69 का कार्ड खेला था।

पटना के अमन राज 66 और 68 के कार्ड से आठ अंडर 134 के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। बेंगलुरू के आर्यन रूपा आंनद उनसे एक शॉट पीछे तीसरे स्थान पर है जिन्होंने 67 और 68 के कार्ड खेले। कट एक ओवर 143 का रहा जिससे 57 पेशेवर गोल्फरों ने कट में जगह बनाई।

राशिद खान ने की शादी, 3 भाई भी बन गए दूल्हा, हुआ ग्रैंड सेलिब्रेशन

काबुल (एजेंसी)। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान आखिरकार शादी के बंधन में बंध गए हैं। खास बात यह है कि राशिद के साथ उनके तीन भाई भी दुल्हा बने। काबुल के एक लग्जरी होटल में शादी के दौरान चारों भाई एक जैसे परिधानों में नजर आए। इस दौरान

अफगानिस्तान की पूरी टीम भी मौजूद रही। अफगान स्टार जोकि दुनिया में नंबर 1 टी20ई स्पिनर के रूप में जाने जाते हैं, ने पश्तून रीति-रिवाजों के अनुसार शादी की। विवाह स्थल की तस्वीर और वीडियोज सोशल मीडिया पर खूब ट्रेंड में रही।

राशिद ने जिस होटल में शादी की थी, उसके बाहर कई लोग बंदूकें लेकर घूमते नजर आए।अफगानिस्तान के कई सितारों ने राशिद को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। अफगानिस्तान टीम के दिग्गज खिलाड़ियों में से एक मोहम्मद नबी राशिद को उनके जीवन में अगला कदम उठाने के लिए बधाई देने वाले पहले लोगों में से थे। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा- एकमात्र किंग खान, राशिद खान को आपकी शादी पर बधाई! आपको जीवन भर प्यार, खुशी और सफलता की शुभकामनाएं।

'क्या वह 18 करोड़ का खिलाड़ी है?'

टॉम मूडी ने साधा हार्दिक पांड्या पर सीधा निशाना

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में कुछ दिन पहले इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें संस्करण के लिए खिलाड़ी नियम जारी किए हैं। नियमों के

तहत एक फ्रेंचाइजी छह खिलाड़ियों को साथ रख सकती है। इनमें दो खिलाड़ियों को 18 करोड़ रुपए की स्लैब में रखा गया है जबकि कुछेक को 14 करोड़ रुपए मिलेंगे। एक खिलाड़ी को 11 करोड़ मिलेंगे। इन स्लैब पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई और सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व मुख्य कोच टॉम मूडी ने अपने विचार रखे।

मां पीतांबरा के दर्शन करने पहुंचे गौतम गंभीर

बांग्लादेश सीरीज से पहले मांगा आशीर्वाद

दतिया (एजेंसी)। बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने शुक्रवार को दतिया में मां पीतांबरा मंदिर का दौरा किया और पूजा की। पारंपरिक पोशाक पहने पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने भगवान का आशीर्वाद लिया और मंदिर के अधिकारियों ने उनका सम्मान किया।

नवरात्रि, जिसका संस्कृत में अर्थ है 'नौ रातें', देवी दुर्गा और उनके नौ अवतारों की पूजा के लिए समर्पित है, जिन्हें नवदुर्गा के नाम से जाना जाता है।

हिंदू पूरे वर्ष में चार नवरात्रि मनाते हैं, लेकिन केवल दो - चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि - व्यापक रूप से मनाई जाती हैं, क्योंकि वे ऋतु परिवर्तन के साथ मेल खाते हैं। भारत में नवरात्रि विभिन्न तरीकों से मनाई जाती है। उत्तर भारत में, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और मध्य प्रदेश में, रामायण के दृश्यों का एक नाटकीय पुन- अधिनियमन, रामलीला का आयोजन किया जाता है। यह त्यौहार विजयादशमी के साथ समाप्त होता है, जो राजा रावण के पुतलों को जलाने के साथ मनाया जाता है।

बहरहाल, टेस्ट सीरीजे के बाद, भारत और बांग्लादेश तीन मैचों की टी20 सीरीज में एक-दूसरे से भिड़ेंगे। दाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव कप्तानी करेंगे। संजू सैमसन और जितेश शर्मा बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज टीम में हैं। युवा बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की श्रीलंका टी20ई से बाहर होने के बाद टीम में वापसी हुई है। दौरे में उनके साथ जाने वाले खिलाड़ी रियान पराग और नितीश कुमार रेड्डी होंगे।

हार्दिक पंड्या, वॉशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे को ऑलराउंडर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती को टीम के स्पिनर के रूप में चुना गया है, जबकि हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और मयंक यादव को सीमर के रूप में टीम में शामिल किया गया है। सीरीज का पहला मैच 6 अक्टूबर को ग्वालियर में खेला जाएगा, इसके बाद दूसरा और तीसरा मैच क्रमश- 9 अक्टूबर (दिल्ली) और 12 अक्टूबर (हैदराबाद) को खेला जाएगा।

बांग्लादेश सीरीज के लिए भारत की टी20 टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, और मयंक यादव।

ईरानी कप में दोहरे शतक बनाकर बोले सरफराज खान- एक मेरा, एक मेरे भाई का

लखनऊ (एजेंसी)। भारतीय घरेलू क्रिकेट के रन मशीन सरफराज खान ने सड़क दुर्घटना के कारण शेष भारत के खिलाफ ईरानी कप के मैच से अपने छोटे भाई मुशीर खान के बाहर होने के बाद वादा किया था कि वह इस मैच में दोहरा शतक लगाएंगे। सरफराज ने इस मैच में नाबाद 222 रन की पारी खेली जिससे मुंबई ने पहली पारी में 537 रन बनाए। शानदार लय में चल रहे मुशीर इस मैच में हिस्सा लेने के लिए अपने पिता नौशाद खान के साथ कार से लखनऊ आ रहे थे लेकिन उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सरफराज ने तीसरे दिन के खेल के बाद यहां कहा कि हां, यह मेरे लिए एक भावनात्मक सप्ताह रहा है। मैंने अपने परिवार और साथियों से वादा किया था कि अगर मैं क्रीज पर थोड़ा समय बिताने में सफल रहा तो 200 का स्कोर बनाऊंगा। इसमें एक मेरे लिए और एक मेरे

भाई के लिए।

इस 26 साल के खिलाड़ी ने कहा कि अगर वह (मुशीर) इस मैच का हिस्सा होता तो अब्बू काफी गौरवान्वित होते। दुर्भाग्य से उसे दुर्घटना का सामना करना पड़ा। ऐसे में मैंने सोचा कि मैं इस मैच में दोहरा शतक लगाने की कोशिश करूंगा। सरफराज ने कहा कि उन्होंने खुद से 7 साल छोटे अपने भाई से बात की है। सरफराज भारतीय टीम का हिस्सा है जबकि मुशीर भी इसके लिए दरवाजा खटखटा रहे हैं।

ब्रैड हैडिन को डर-

ऑस्ट्रेलिया में भी टीम इंडिया 30 ओवर में 250 रन बना सकती है

मेलबर्न (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ब्रैड हैडिन का मानना है कि बांग्लादेश के खिलाफ बारिश से प्रभावित कानपुर टेस्ट मैच में बेहद आक्रामक रवैये के साथ जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वैसा ही प्रदर्शन दोहरा सकती है। भारत ने शुरुआती तीन दिन में सिर्फ एक सत्र का खेल होने के बावजूद इस टेस्ट में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी और आक्रामक गेंदबाजी से जीत दर्ज कर 2 मैचों की श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। हैडिन ने इस अंदाज में टेस्ट मैच खेलने के लिए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ की।

हैडिन ने कहा कि उन्होंने मैच जीतने का मौका बनाया। वह बल्लेबाजी करते समय यह ध्यान नहीं रख रहे थे कि उन्हें कितने रन बनाने हैं। उनका ध्यान बांग्लादेश को आउट करने के लिए जरूरी समय पर था। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम ने शानदार क्रिकेट खेला, यह टीम को जीत के लिए समय देने के बारे में था। मैं इस प्रदर्शन के लिए रोहित शर्मा और कोचिंग दल के सदस्यों को बधाई देना चाहूंगा।

बांग्लादेश को पहली पारी में 233 रन पर आउट करने के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 का रिकॉर्ड बनाया। भारत ने महज 34.4 ओवर में 9 विकेट पर 285 रन बनाकर पारी घोषित करने के बाद बांग्लादेश की दूसरी पारी को सस्ते में समेट कर जीत के लिए 95 रन के लक्ष्य को 3 विकेट गंवा कर हासिल कर लिया।

विनेश फोगाट के बारे में बोली मैरीकॉम

वजन का प्रबंधन करना एथलीट की जिम्मेदारी है

मुंबई (एजेंसी)। छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एम सी मैरीकॉम ने बृहस्पतिवार को पेरिस ओलंपिक में 100 ग्राम से अधिक वजन होने के कारण पहलवान विनेश फोगाट को हुई निराशा को लेकर इस विवाद पर कहा कि निर्धारित सीमा के भीतर वजन बनाये रखना खिलाड़ी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है।

चार बच्चों की मां और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम (42 वर्ष) ने यहां एक कार्यक्रम के इतर पहली बार विनेश के बारे में बोलते हुए कहा कि पेरिस ओलंपिक में समय सीमा में वजन का प्रबंधन करना एथलीट की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, 'मैं इतनी निराश हुई थी कि मैंने भी पिछले इतने वर्षों से यही वजन प्रबंधन किया है। वजन महत्वपूर्ण होता है, यह मेरी जिम्मेदारी है। मैं किसी अन्य को दोषी नहीं ठहरा सकती।

मैरीकॉम ने कहा, 'मैं उसके (विनेश) मामले में यह नहीं कहना चाहती हूं। मैं यह सिर्फ अपने मामले में ही कह रही हूं। अगर मैं अपना वजन ही सही तरह से नहीं घटा पाऊंगी तो मैं कैसे खेलूंगी? मैं वहां पदक जीतने के लिए थी, मुझे ऐसा ही लगता है। मैरीकॉम पहले भी अपने वजन कम करने का रूटीन बता चुकी हैं कि यह प्रक्रिया कितनी मुश्किल हो सकती है। मणिपुर की इस मुक्केबाज ने पिन वेट

(46 किग्रा) वर्ग से शुरूआत की और फिर अपने अमेच्योर कैरियर में फ्लाईवेट (51 किग्रा) वजन में खेलने लगीं।

पेरिस में स्वर्ण पदक दावेदार मानी जा रही विनेश ने खाना पीना छोड़कर पूरी रात 'वर्कआउट' किया और अपने बाल भी कटाए लेकिन फिर भी वह 100 ग्राम से चूक गईं। मैरीकॉम खेल मंत्री मनसुख मांडविया से भारतीय मुक्केबाजी पर चर्चा करना चाहती हैं क्योंकि वह पेरिस ओलंपिक में देश के मुक्केबाजी अभियान से अब तक नाखुश हैं। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय महासंघ और खेल मंत्री से मिलकर बात करके समझना चाहती हूं कि 'किस चीज की कमी' हो रही है।

भारतीय मुक्केबाजी दल में दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन शामिल थीं लेकिन देश के नाम एक भी पदक नहीं हो सका। लंदन 2012 ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर भारत की ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला मुक्केबाज बनी मैरीकॉम ने कहा, 'हम नतीजा जानते हैं, यह बहुत बुरा था। मैं जानना चाहती हूं कि किस चीज की कमी है।

राज्यसभा की पूर्व सदस्य मैरीकॉम कहा, 'अगर जरूरत पड़ी तो मैं मुक्केबाजों से भी मिलूंगी। अगर खेल मंत्री को इसकी जानकारी है तो मैं उनसे भी इस पर चर्चा करना चाहूंगी। उन्होंने यह भी दोहराया कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में हिस्सा लेना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने अभी तक संन्यास नहीं लिया है लेकिन मैं हिस्सा लेना चाहती हूं। मैं मौके हासिल करने की कोशिश कर रही हूं, पेशवेर मुक्केबाजी में लड़ने के लिए अपने मौके का इंतजार कर रही हूं। मैं वापसी करना चाहती हूं। मैरीकॉम ने कहा, 'मैं तीन-चार साल और जारी रह सकती हूं, यही मेरी इच्छा है। मेरे अंदर जुनून और भूख है और मैं जारी करना चाहती हूं।

उसको गिटार चाहिए थी, लेकर नहीं दी- बेटी को शॉपिंग कराते देख मोहम्मद शमी पर भड़की पत्नी

मुंबई (एजेंसी)। मोहम्मद शमी का पत्नी के साथ चल रहा विवाद फिर से सुर्खियों में हैं। बीते दिनों ही शमी ने अपनी बेटी आइरा के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की थी जिसमें वह बेटी को एक मॉल में शापिंग कराते दिखे थे। इसी पोस्ट पर अब शमी की पत्नी हसीन जहां का कहना है कि शमी ने यह सब दिखावे के लिए किया। उसकी बेटी को गिटार और कैमरा चाहिए था। शमी बस उसे मॉल लेकर गया, कुछ भी लेकर नहीं दिया। फोटोज खिंचवाई और सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल दी। शमी ने इस दौरान शमी और बेटी क्यों मिले, इसके वजह की वजह भी बताई।

हसीन के अनुसार आयरा इस लिए शमी के पास गई थी क्योंकि उसे पासपोर्ट को रीन्यू करने के लिए साइन की जरूरत थी। हसीन ने कहा कि बेटी को जो चाहिए था, उसे वह मिला ही नहीं। बल्कि शमी बेटी को जिस मॉल में लेकर गए, उसका वह प्रचार कर रहे थे। हसीन का आरोप है कि जहां मोहम्मद शमी ने आयरा को जूते और कपड़े चुनने की इजाजत देकर व्यक्तिगत रूप से खर्च नहीं किया, वहीं उन्होंने गिटार और कैमरे के लिए उसके अनुरोध को भी पूरा नहीं किया। हसीन ने कहा कि शमी मेरी बेटी के बारे में

नहीं पूछते। दोनों एक महीने पहले मिले थे, लेकिन उन्होंने तब कुछ भी पोस्ट नहीं किया। मुझे लगता है कि अब पोस्ट करने के लिए कुछ भी नहीं है।

हसीन जहां ने एक वीडियो में कहा कि वह दिखावा करने के लिए ऐसा कर रहा है। मेरी बेटी का पासपोर्ट समाप्त हो गया है और इसे रीन्यू करने के लिए शमी के साइन की जरूरत थी। इसी सिलसिले में वह उनसे मिलने गई थीं, लेकिन शमी ने साइन नहीं किए। वह उसे एक मॉल और उस ब्रांड के शोरूम में ले गया जिसका उसने प्रचार किया था। मेरी बेटी ने जूते और कपड़े खरीदे। शमी को भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वह उनके ब्रांड एंबेसडर हैं। वह एक गिटार और कैमरा चाहती थी, लेकिन उसने उसके लिए ये चीजें नहीं खरीदीं।

बता दें कि शमी और हसीन जहां की जिंदगी हमेशा विवादों से ही घिरी रही है। हसीन ने शमी पर घरेलू हिंसा और व्यभिचार सहित अतीत में विभिन्न दुष्कर्मों का आरोप लगाया है। ये आरोप अभी कानूनी कार्यवाही का हिस्सा हैं। हसीन पहले भी आरोप लगाती रही है कि शमी उन्हें बेटी की परवरिश के लिए जरूरी खर्च नहीं देते।

संक्षिप्त समाचार

नागार्जुन ने मंत्री कोंडा सुरेखा के खिलाफ दर्ज कराया मानहानि का केस

हैदराबाद, एजेंसी। दक्षिण भारतीय अभिनेता नागार्जुन ने तेलंगाना सरकार में मंत्री कोंडा सुरेखा के खिलाफ गुरुवार को मानहानि का मामला दर्ज कराया। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि मंत्री कोंडा सुरेखा का आम लोगों के बीच बड़ा प्रभाव है। राजनीति में अच्छा खासा दबदबा है। ऐसे में उनके द्वारा दिए गए किसी भी बयान का दूरगामी प्रभाव होता है। लेकिन बीते दिनों जिस तरह से उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में अभिनेत्री समांथा रुथ प्रभु के निजी जीवन के संबंध में बयान दिया, उसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अभिनेता ने अपने शिकायत पत्र में कहा कि मंत्री ने गांधी जयंती के दिन पत्रकारों से बातचीत के दौरान नागा चैतन्य और समांथा के निजी जिंदगी को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने अपने पब्लिक प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किसी की निजी जिंदगी के संदर्भ में बेबुनियाद बयान देने के लिए किया है, जो उचित नहीं है। नागार्जुन ने अपनी शिकायत में कहा, मंत्री ने अपने बयान में कहा था कि नागा चैतन्य का तलाक केटीआर की वजह से हुआ। बीआरएस अध्यक्ष केटी रमा राव ने नागार्जुन अक्किनोनी के एन कन्वेंशन सेंटर गिराने से बचाने के लिए समांथा की मांग की। मंत्री ने दावा किया कि केटीआर ने एन कन्वेंशन सेंटर को ना गिराने के बदले में समांथा को भेजने के लिए कहा। नागार्जुन ने समांथा को केटीआर के पास जाने के लिए मजबूर किया। लेकिन, उन्होंने मना कर दिया। इसी वजह से दोनों के बीच तलाक हो गया। कोंडा सुरेखा के बयान की चौतरफा आलोचना हुई। इसके बाद सुरेखा ने कहा कि मैं अपने कहे हुए शब्दों को वापस लेती हूं। मेरा मकसद किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। मैं तो व्यक्तिगत तौर पर अभिनेत्री समांथा की तारीफ करती हूं। जिस तरह से उन्होंने अपने पति से अलग होने के बाद अपनी जिंदगी की नई शुरुआत की, उससे कई लोग प्रभावित होते हैं। वहीं, केटीआर के संदर्भ में मंत्री का सख्त रुख दिखा। उन्होंने कहा कि केटीआर ने महिलाओं का अपमान किया है। मैं उन्हें कानूनी रूप से ही जवाब दूंगी।

हरियाणा में कांग्रेस की रैली में करंट लगने से युवक की मौत, दीपेंद्र हुड्डा भी थे मौजूद

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की रैली के दौरान बड़ा हादसा हो गया। हिसार जिले के नारनौंद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जस्सी पेटवाड़ की रैली में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बास बादशाहपुर निवासी 26 वर्षीय युवक वीरभान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रैली में काफी भीड़ ?थी और धक्का-मुक्की होने से युवक बिजली की तारों में फंस गया। करंट लगने से उसकी जान चली गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हांसी के सिविल अस्पताल में रखवा दिया है। रैली में कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी पहुंचे थे। नारनौंद अनाज मंडी में वीरवार को कांग्रेस ने नारनौंद हलके से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जस्सी पेटवाड़ के समर्थन में रैली की थी। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा पहुंचे थे। रैली में स्टेज के पास युवाओं ने धक्का-मुक्की शुरू कर दी, जिसके कारण कुछ युवक बिजली की तारों में फंस गए। इनमें से एक युवक वीरभान को करंट लग गया और वह इसी समय अचेत अवस्था में जमीन पर गिर गया। पहले उसे नारनौंद के सामान्य अस्पताल में ले जाया गया।

सुक्खू सरकार का फैसला- हिमाचल में अब हर टॉयलेट सीट पर लगेगा टैक्स

शिमला, एजेंसी।
हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार अब राज्य में टॉयलेट सीट टैक्स वसूल करने की तैयारी में है। लोगों पर अब उनके घरों में मौजूद टॉयलेट सीट्स की संख्या के आधार पर टैक्स चुकाना होगा। दरअसल, वित्तीय संकट से जूझ रही राज्य सरकार ने हाल ही में इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।

सीवरेज और पानी के बिल से जुड़ी सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने घर में बने टॉयलेट की हर एक सीट के लिए 25 रुपये का शुल्क देना होगा। सीवरेज बिल के साथ यह अतिरिक्त शुल्क जल शक्ति विभाग के खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि सीवरेज बिल पानी के बिल का 30 प्रतिशत होगा।

नोटिफिकेशन के अनुसार, जो लोग अपने सोर्स से पानी का उपयोग करते हैं

और केवल सरकारी विभाग से सीवरेज कनेक्शन का उपयोग करते हैं, उन्हें हर महीने प्रति टॉयलेट सीट 25 रुपये का शुल्क देना होगा। विभाग ने इसे लेकर आदेश सभी मंडल अधिकारियों को जारी कर दिए हैं। इससे पहले पहाड़ी राज्य में पानी के बिल जारी नहीं किए जाते थे।

बीजेपी सरकार ने घोषणा की थी कि अगर वह सत्ता में आई तो मुफ्त पानी दिया जाएगा। लेकिन हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने अब हर कनेक्शन पर 100 रुपये महीने पानी का बिल जारी करने का आदेश दिया है। इसकी शुरुआत अक्टूबर से हो गई है। शहरी क्षेत्रों में रहने वालों को इन नए सरकारी शुल्कों का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

ऐसा इसलिए है क्योंकि आमतौर पर लोग अपने घरों में कई टॉयलेट बनवाते हैं और अब प्रत्येक टॉयलेट सीट पर शुल्क लगाया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में कुल 5 नगर निगम, 29 नगर पालिकाएं और 17 नगर पंचायतें हैं, जिनमें कुल मिलाकर लगभग 10 लाख लोग रहते हैं। सरकार के नए आदेश से राज्य की एक बड़ी आबादी पर असर पड़ने की उम्मीद है।

टॉयलेट टैक्स को लेकर बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, जहां भी कांग्रेस आई, वहां महंगाई लाई, बर्बादी लाई। अब हिमाचल प्रदेश में, अपने वादों से राज्य को दिवालिया बनाने के बाद, हम देख रहे हैं कि कैसे लोगों पर लगातार टैक्स लगाया जा रहा है। यहां तक कि कांग्रेस पार्टी ने टॉयलेट को भी नहीं बख्शा। कांग्रेस पार्टी बहुत सारे वादे करती है, लेकिन वे कभी उन्हें पूरा नहीं करते। वे बस राज्यों को दिवालिया बनाते हैं और इस तरह के टैक्स लगाते हैं।

भारत से कैसा दिखता है पवित्र कैलाश पर्वत, पहली बार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

पिथौरागढ़, एजेंसी। पहली बार भारत से ही पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन किए गए। गुरुवार को श्रद्धालुओं ने पुराने लिपुलेख दर्रे से कैलाश पर्वत का नजारा लिया। ओल्ड लिपुलेख पास उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में व्यास घाटी में है। इससे पहले कैलाश के दर्शन करने के लिए लोगों को तिब्बत तक जाना पड़ता था। यह भारत से ही कैलाश के दर्शन करने वाला श्रद्धालुओं का पहला जत्था है। पिथौरागढ़ जिले के पर्यटन अधिकारी कृति चंद्र आर्या ने कहा, पुराने लिपुलेख दर्रे से पांच श्रद्धालुओं ने कैलाश पर्वत के दर्शन किए हैं। बुधवार को वे गुंजी कैंप पहुंचे थे। इसके बाद कैलाश के दर्शन करने के लिए उन्हें ढाई किलोमीटर पैदल चलकर पुराने लिपुलेख दर्रे तक पहुंचना था। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी विभागों को कैलाश का दर्शन सुलभ बनाने के लिए धन्यवाद दिया है।

जीसस पर भाजपा विधायक की टिप्पणी से उबले ईसाई, 130 किलोमीटर लंबी चेन बना दी चेतावनी

जशपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के जशपुर की भाजपा विधायक रायमुनि भगत की ईसा मसीह को लेकर की गई टिप्पणी से ईसाई समुदाय में भारी आक्रोश है। समुदाय के लोगों ने विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए जशपुर के सभी पुलिस थानों में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर सड़क उतरकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में ईसाई समुदाय के लोगों ने बृहस्पतिवार को लगभग 130 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाकर ईसा मसीह के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए भाजपा विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। ईसाई आदिवासी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार किस्पोट्टा ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने पत्थलगांव से लोदाम गांव तक एक-दूसरे का हाथ पकड़कर लगभग 130 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला तैयार बनाई और विरोध प्रदर्शन किया। किस्पोट्टा ने कहा कि विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया गया। इस दौरान ईसा मसीह के बारे में जशपुर की भाजपा विधायक रायमुनि भगत की आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई। भगत ने जिले के आस्ता पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढेंगनी गांव में एक कार्यक्रम के दौरान स्थानीय बोली में कथित तौर पर ईसा मसीह और धर्मांतरण के बारे में टिप्पणी की थी। बाद में उनके बयान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद ईसाई समुदाय के लोगों ने विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए जशपुर के सभी पुलिस थानों में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। किस्पोट्टा ने कहा कि भगत के बयान को लेकर ईसाइयों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में शिकायत करने के बावजूद अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, इसलिए हमने मानव श्रृंखला बनाकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया। उन्होंने चेतावनी दी कि इसके बाद भी यदि विधायक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

यमुना एक्सप्रेसवे पर सफर 12 प्रतिशत तक हुआ महंगा

ग्रेटर नोएडा एजेंसी। ग्रेटर नोएडा से आगरा तक यमुना एक्सप्रेसवे पर गुरुवार से सफर अब और महंगा हो गया है। इस बार टोल दरों में 5 से 12 फीसदी तक की वृद्धि की गई है। बढ़ी हुई नई टोल दरें बुधवार रात 12 से लागू कर दी गई हैं। नई दरें दोपहिया से लेकर सभी प्रकार के हल्के और भारी वाहनों पर लागू होंगी।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे की टोल दरों में वर्ष 2021-22 के बाद इजाफा किया गया है। टोल दरों में वृद्धि के लिए जेपी इंफ्राटेक ने वर्ष 2022-23 में ही दरें बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन तीन वर्षों तक दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया। अब जेपी इंफ्राटेक द्वारा 2022-23 में दिए गए प्रस्ताव की दरों को ही वर्ष 2024-25 में तीन अक्टूबर से लागू कर दिया गया है।

नई टोल दरों के अनुसार, अब मोटरसाइकिल, तीन पहिया व ट्रैक्टर के लिए ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 247.5 रुपये टोल लगेगा। वहीं कार व जीप जैसे वाहनों को 486.75 रुपए। हल्के वाहन जैसे छोटे हाथी व अन्य टेम्पो को 759 रुपये, बस व ट्रक जैसे वाहनों को 1542.75 रुपये, भारी निर्माण कार्य मशीनों के लिए 2351.25 रुपये का टोल लगेगा, भारी निर्माण कार्य की मशीनों के लिए 2186.25 रुपये और विशाल आकार के वाहन के लिए 3027.75 रुपये अदा करने होंगे। बता दें कि, 26 सितंबर को हुई यमुना विकास प्राधिकरण की बोर्ड की बैठक के बाद यमुना एक्सप्रेसवे पर नई टोल दरें लागू करने का फैसला किया गया था। इससे पहले वर्ष 2021-22 में टोल की दरें बढ़ाई गई थीं। ग्रेटर नोएडा से आगरा तक यमुना एक्सप्रेसवे की लंबाई 165 किलोमीटर है, जिससे हर रोज 35 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। वीकेंड में वाहनों की संख्या प्रतिदिन 50 हजार तक पहुंच जाती है।

शातिर महिला ने फर्जी आईबी अफसर बन पुलिस को ही धमकाया, ऐप से करती थी कॉल; पुलिस रिमांड में खुलासा

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।
ग्रेटर नोएडा सेक्टर-142 पुलिस द्वारा 20 दिन पहले गिरफ्तार की गई फर्जी महिला आईबी अधिकारी जोया खान ने पुलिस कस्टडी रिमांड में एक बड़ा खुलासा किया। उसने बताया कि एक केस की पैरवी के लिए वह पुलिस को धमका रही थी। उसने विवेचक, कोतवाली प्रभारी और डीसीपी को भी कॉल की थी।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी महिला की पहचान जोया खान निवासी तिवारी कैंपस थाना सदर बाजार मेरठ के रूप में हुई है। वह सेक्टर-142 थाने में दर्ज एक मुकदमे की पैरवी करने के लिए फर्जी अधिकारी बनकर पुलिस अधिकारियों को कॉल कर दबाव बना रही थी। आरोपी महिला ने खुद को आईबी और रॉ का अधिकारी बताकर पुलिस अधिकारियों को कॉल की थी। उसने पुलिस को मुकदमे में जल्द से जल्द चार्जशीट लगाने के लिए धमकाया था। इस प्रकरण के वादी के पास भी महिला ने कॉल की थी। वादी की

शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण की जांच की और करीब 20 दिन पहले महिला को गिरफ्तार किया था। अब पुलिस ने कोर्ट से रिमांड पर लाकर महिला से पूछताछ की है।

डीसीपी के मुताबिक, सेक्टर-142 थाना क्षेत्र में हाल ही में बैंक मैनेजर ने सातवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में मैनेजर की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी महिला जोया खान द्वारा इस प्रकरण में पैरवी की जा रही थी। आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई किए जाने और चार्जशीट लगाए जाने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस अधिकारियों ने संदेह होने पर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि उसने यूपीएससी की तैयारी की थी, लेकिन उसका सिलेक्शन नहीं हो पाया था। इसके बाद से वह खुद को पुलिस अधिकारी बताकर लोगों और पुलिस अधिकारियों पर रौब झाड़ती थी। इसके अलावा रुपये भी वसूलती थी। उसके पास से नीली बत्ती लगी कार भी बरामद हो चुकी है। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने वर्ष 2019 में आरोपी महिला जोया खान को गिरफ्तार किया था। उस दौरान आरोपी महिला ने फर्जी आईएफएस अधिकारी बनकर पुलिस को कॉल की थी। वह पुलिस एस्कॉर्ट के साथ तत्कालीन एसएसपी से मिलने पहुंची थी। तत्कालीन एसएसपी वैभव कृष्ण ने संदेह होने पर महिला की जांच करवाई थी। इसके बाद इसका खुलासा हुआ था। महिला के साथ इसके एक तथाकथित पति को भी गिरफ्तार किया गया था। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पकड़ी गई आरोपी महिला ने वॉट्सऐप की डीपी पर अपनी डीआईजी की वर्दी पहने हुए फोटो लगा रखी थी। पुलिस द्वारा इसकी जांच की गई तो पता चला कि एक बार दिल्ली में डीआईजी द्वारा पीसी की गई थी। इसमें महिला शामिल हुई थी। इसके बाद डीआईजी की वर्दी को देखकर इसने फोटो एडिट कर खुद की फोटो तैयार की थी।

यूक्रेन की रिहायशी इमारत पर गिरा रूसी ग्लाइड बम

कीव एजेंसी। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में पांच मंजिला एक इमारत पर रूसी ग्लाइड बम से हमला हुआ, जिसमें तीन साल की बच्ची समेत कम से कम 12 लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। खारकीव के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने बताया कि बुधवार रात बम इमारत की चौथी मंजिल पर गिरा, जिससे आग लग गई। अग्निशमन कर्मियों ने धुएं और मलबे के बीच जीवित लोगों की तलाश शुरू की। रूसी सीमा से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित खारकीव शहर, रूस के खिलाफ युद्ध के दौरान लगातार हवाई हमलों का लक्ष्य रहा है। यह युद्ध अब अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

युद्ध में ग्लाइड बम एक आम हथियार बन गए हैं। उन्होंने नागरिकों को आतंकित किया है और यूक्रेनी सेना की अग्रिम पंक्ति की सुरक्षा को तहस-नहस कर दिया है। बुधवार को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर वुहलदार पर रूस के कब्जे में ये हथियार प्रमुख थे, क्योंकि रूसी सेना पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में तबाही मचा रही थी और थके हुए यूक्रेनी सैनिकों को नष्ट हो चुके शहरों और गांवों से हटने के लिए मजबूर कर रही थी। यूक्रेन के पास ग्लाइड बमों के लिए कोई प्रभावी प्रतिरक्षा उपाय नहीं है, जो रूस के अंदर से रूसी

विमानों द्वारा दागे जाते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि खारकीव में हुए नवीनतम हमले ने यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों से समर्थन बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता को उजागर किया है। जेलेंस्की ने हाल ही में पश्चिमी सैन्य समर्थन को और अधिक सुनिश्चित करने के प्रयास में अमेरिका के अधिकारियों के साथ बातचीत की। यूक्रेन अग्रिम मोर्चे पर सैनिकों की समस्या से जूझ रहा है और रूस के लगातार हमलों को रोकने के लिए संघर्ष कर रहा है। दोनों पक्षों ने नियमित रूप से सीमा पार हवाई हमले जारी रखे हैं, आमतौर पर रात में।

पीयूष गोयल का राहुल गांधी पर तीखा प्रहार, चीन के प्रशंसकों ने ही किया भारतीय उद्योग का बेड़ागर्क

वाशिंगटन, एजेंसी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूरी दुनिया जब यह मान चुकी है कि चीन एक अपारदर्शी अर्थव्यवस्था है, तो ऐसे समय में भी कुछ लोग, जो भारतीय उद्योग में इसके बढ़ते प्रभाव के लिए संभवत- जिम्मेदार हैं, चीन की कहानी की प्रशंसा कर रहे हैं या उसका बचाव कर रहे हैं। गोयल ने पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह ''शर्म की बात है कि भारत ने ''घटिया और अपारदर्शी कीमत वाले चीनी सामान को भारतीय बाजारों में आने दिया और भारतीय विनिर्माण को नष्ट कर दिया।

गोयल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में भारतीय पत्रकारों से कहा, ''जहां तक चीन का सवाल है तो यह बहुत दुखद है कि कुछ लोग, जो भारतीय उद्योग में चीन के बढ़ते प्रभाव के लिए संभवतः जिम्मेदार हैं, वे चीन की कहानी की प्रशंसा करते हैं या उसका बचाव करना जारी रखे हुए हैं, जबकि आज पूरी दुनिया यह मानती है कि चीन एक अपारदर्शी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की पिछले महीने अमेरिका की यात्रा के

दौरान की गई टिप्पणियों से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि चीन के विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने के लिए अमेरिका और भारत जैसे देश जिम्मेदार हैं तथा वर्तमान भारत सरकार ने चीनी विनिर्माण चुनौती से निपटने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए, जिसके परिणामस्वरूप देश में बेरोजगारी की समस्या पैदा हुई है। गोयल ने कहा, ''मैं भारत के विनिर्माण क्षेत्र की कहानी के बारे में जानकारी के अभाव के लिए केवल सहानुभूति ही व्यक्त कर सकता हूं, क्योंकि मुझे नहीं पता कि वह (गांधी) रोजगार के किस नुकसान की बात कर रहे हैं लेकिन हम विदेशी धरती पर हैं।

चुनाव से पहले ट्रंप के खिलाफ पत्नी मेलानिया ने ही खोला मोर्चा

गर्भपात के अधिकारों को दिया समर्थन

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने अपने पति और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विपरीत जाकर गर्भपात के कानूनों को अपना समर्थन दिया है। मेलानिया ट्रंप ने कहा कि, उनका मानना है कि जब किसी महिला की व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बात आती है तो समझौते की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। अमेरिका में अगले महीने चुनाव होने हैं, ऐसे में मेलानिया का ये बयान काफी अहम माना जा रहा है।

गर्भपात के अधिकारों का समर्थन

सीएनएन की खबर के मुताबिक, मेलानिया ट्रंप ने गुरुवार को पोस्ट किए गए एक नए वीडियो में कहा कि, उनका मानना है कि जब किसी महिला की व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बात आती है, तो समझौते की कोई गुंजाइश नहीं होती है। मेलानिया ने कहा है कि वह सरकार के किसी भी हस्तक्षेप या दबाव के बिना गर्भपात के अधिकारों का समर्थन करती हैं।

मेलानिया ट्रंप ने ने हाल ही में एक किताब प्रकाशित हुई है। जिसमें मेलानिया ने इस मद्दे पर खुलकर अपनी बात रखी है। उन्होंने किताब में लिखा कि, महिला के अलावा किसी और को यह तय करने का अधिकार क्यों होना चाहिए कि वह अपने शरीर के साथ क्या करती है? व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार एक महिला को उसके अपने जीवन के लिए

और उसे अपनी गर्भावस्था को समाप्त करने का अधिकार देता है। यह किताब 8 अक्टूबर को पब्लिश होने वाली है। यह किताब ऐसे समय में पब्लिश हो रही है, जब चुनावों में एक महीने से भी कम का समय बचा है। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक, मेलानिया ने कहा कि, किसी महिला के अवांछित गर्भ को समाप्त करने या न करने के अधिकार को प्रतिबंधित करना, उसके अपने शरीर पर नियंत्रण को लेने के जैसा है। मेलानिया ने आगे कहा कि, यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि महिलाओं को सरकार के किसी भी हस्तक्षेप या दबाव से मुक्त होकर बच्चे पैदा करने की अपनी पसंद का निर्णय लेने की आजादी होनी चाहिए। मेलानिया ने अपने पति डोनाल्ड ट्रंप की आव्रजन नीतियों पर भी असहमति जताई है।

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा था कि अगर वह फिर से चुने जाते हैं तो वे संघीय गर्भपात प्रतिबंध को वीटो कर देंगे। इस पर कानून बनाने का अधिकार राज्यों को दे देंगे। प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान ट्रंप ने कहा था कि डेमोक्रेटिक पार्टी प्रेग्नेंसी के 9वें महीने में अबॉर्शन का अधिकार देना चाहती है। इस पर कमला हैरिस ने कहा कि ट्रंप नहीं बता सकते कि महिलाओं को अपने शरीर के साथ क्या करना चाहिए। बता दें कि, दो साल पहले तक अमेरिका में अबॉर्शन को लेकर एक जैसे कानून थे। यहां अबॉर्शन का अधिकार दिया गया था। जून 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने फैसले को पलट दिया। कोर्ट ने कहा कि राज्य अपने-अपने हिसाब से अबॉर्शन पर कानून बना सकते हैं। अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में अबॉर्शन को लेकर अलग कानून है।

वियतनाम के चिड़ियाघर में 'बर्ड फ्लू का प्रकोप, पैंथर और कई शावकों सहित 20 बाघों की मौत

वियतनाम एजेंसी। दक्षिणी वियतनाम के एक चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू से संक्रमित होने के बाद 12 से अधिक बाघ मारे गए जिनके अवशेषों को जला दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सरकारी मीडिया 'वीएनएक्सप्रेस ने बिएन होआ शहर में वुन जोई चिड़ियाघर के संरक्षक के हवाले से बताया कि पशुओं को पास के फार्म से लाई गईं मुर्गियां खाने के लिए दी गई थी। मारे गए पशुओं में पैंथर और कई शावकों सहित 20 बाघ शामिल थे, जिनका वजन 10 से 120 किलोग्राम के बीच था। उनके अवशेष को चिड़ियाघर परिसर में जलाने के बाद दफना दिया गया। चिड़ियाघर के प्रबंधक न्युयेन बा फुक ने कहा, ''बहुत जल्दी बाघों की मौत हो गई। वे बहुत कमजोर लग रहे थे और उन्होंने खाना-पीना छोड़ दिया था। बीमार पड़ने के दो दिन बाद ही उनकी मौत हो गई। बाघों से लिए गए नमूनों की जांच में एच5एन1 बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि हुई है। इसी वायरस के कारण 'बर्ड फ्लू का संक्रमण फैलता है। सबसे पहले 1959 में वायरस की पहचान हुई थी और यह प्रवासी पक्षियों एवं मुर्गियों के लिए अत्यधिक घातक खतरा बन गया। हाल के वर्षों में एच5एन1 कुत्तों और बिल्लियों से लेकर सील मछली और ध्रुवीय भालुओं तक कई जानवरों में पाया गया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129